▸▸ वर्ष 73 ▸▸ अंक 253 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 11 जून, 2026
▸▸ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

अगर आप काम के आनंद को जानना चाहते हैं, तो पहली और सबसे अहम चीज है, पूरी बेफिक्री के साथ खुद को काम में झोंक देना।
-अज्ञात

सशक्त अन्नदाता, समृद्ध कृषि



₹1.40 लाख करोड़ का कृषि बजट, 12 वर्षों में हुआ 5 गुना

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और परंपरागत कृषि विकास योजना से करीब 28 लाख हेक्टेयर कवर, जिससे जैविक खेती को बल

12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के

भारत सरकार

CBC 01101/13/0007/2627

**फीफा वर्ल्ड कप-2026**

## फुटबाल के महाकुंभ का आगाज आज से



**03** मेजबान
**48** टीमें
**104** मैच

**मेक्सिको सिटी, जेएनएन।** दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल का सबसे बड़ा महाकुंभ फीफा वर्ल्ड कप 2026 शुरू होने जा रहा है। इस बार का टूर्नामेंट कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। पहली बार विश्व कप की मेजबानी तीन देश- अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको मिलकर कर रहे हैं। 11 जून को मेक्सिको सिटी में उद्घाटन मुकाबला खेला जाएगा, जबकि 19 जुलाई को अमेरिका के न्यू जर्सी में फाइनल होगा। करीब 100 साल के इतिहास में यह सबसे बड़ा फीफा विश्व कप होगा, जिसमें पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी। इससे पहले 32 टीमें टूर्नामेंट में खेलती थीं। नई व्यवस्था के तहत टीमों को 12 समूहों में बांटा गया है और हर समूह में चार टीमें होंगी।

**पहले दौर में हर टीम के तीन मुकाबले:** पहले दौर यानी ग्रुप चरण में हर टीम तीन मुकाबले खेलेगी। जीतने पर तीन अंक, ड्रॉ होने पर एक-एक अंक और हारने पर कोई अंक नहीं मिलेगा। ( विस्तृत पेज 11 )

**इंदौर में लोकायुक्त छापा:** टीम पर रौब झाड़कर की कार्रवाई रोकने की कोशिश

# बंगला, शॉपिंग मॉल समेत 11 करोड़ की प्रॉपर्टी का मालिक है संयुक्त संचालक

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर यूनिट ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल के घर पर छापा मारा। इंदौर के आनंद विहार स्थित उनके बंगले पर सुबह 6 बजे से शुरू हुई छापेमारी में करोड़ों रुपये की बेनामी संपत्ति और निवेश का खुलासा हुआ है। अधिकारी ने यह अकूत संपत्ति पिछले 10 वर्षों के दौरान जुटाई है। बुधवार को सुबह 6 बजे जैसे ही लोकायुक्त की टीम कंडवाल के घर पहुंची, तो अफसर ने टीम पर अपना रौब झाड़कर कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया, लेकिन जब टीम के सदस्यों ने उनकी नहीं सुनी, तो अधिकारी के तेवर ढीले पड़ गए।

घर की तलाशी शुरू होते ही टीम को फाइलों और रजिस्ट्री के जो अंबार मिले, उन्हें देखकर मौके पर मौजूद अधिकारी भी दंग रह गए। पिछले 10 वर्षों में कंडवाल ने अपनी पत्नी, पुत्रों और पुत्र-वधू के नाम पर इंदौर और धार जिले में जमीनों और मकानों की लंबी फेहरिस्त तैयार कर ली थी।



छापेमारी में मिले दस्तावेजों की जांच करती लोकायुक्त की टीम। (इनसेट में) कंडवाल।

**आय से 286% ज्यादा संपत्ति मिली, अभी और बढ़ सकता है आंकड़ा**

जांच में सामने आया है कि अधिकारी की नौकरी के दौरान वेतन और कृषि से कुल आय लगभग 2.80 करोड़ रुपये है, जबकि उसके पास 10.83 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी मिल चुकी है। यह उसकी आय से 286.7 प्रतिशत अधिक है। फिलहाल, टीम ने इंदौर के सराफा बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के लॉकर को सील कर दिया है। अभी कंडवाल के अन्य बैंक खातों की जांच बाकी है। लोकायुक्त के अफसरों के अनुसार, खातों की जांच के बाद आय से अधिक संपत्ति का यह आंकड़ा और भी अधिक बढ़ सकता है।

**तीन टीमों ने संभाली छापेमारी की कमान:** कंडवाल के खिलाफ विभाग को एक गोपनीय शिकायत मिली थी। इसके बाद उनकी रैकी कराई गई। छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम देने के लिए लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय ने तीन टीमें बनाई थीं। पहली टीम का नेतृत्व डीएसपी सुनील तालान और इंस्पेक्टर आशुतोष मिठास कर रहे थे, जबकि दूसरी टीम को प्रतिभा तोमर और तीसरी टीम को इंस्पेक्टर सचिन पटेरिया लीड कर रहे थे।



### 9.76 करोड़ रुपये की जमीन-जायदाद

- ग्राम सोनवाय (इंदौर) के अलावा धार जिले के ग्राम पीथमपुर, तारपुरा, बनेडिया और बेकल्या में अलग-अलग स्थानों पर खेती की पचास एकड़ से अधिक जमीन खरीदी।
- इंदौर की स्कीम नंबर 103 के आनंद विहार स्थित उनके चार मंजिला आलीशान बंगले के निर्माण और सजावट पर 2.66 करोड़ से अधिक खर्च किए गए।
- इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 140 में दो कीमती प्लॉट भी मिले।
- तलाशी में ज्वेलरी, जिम का महंगा सामान और डिपार्टमेंटल स्टोर का सामान मिला है।

**राज्यसभा चुनाव:** ईसी ने ली विशेषज्ञों से सलाह

## मीनाक्षी की उम्मीदवारी पर आज फैसला संभव



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द होने के मामले पर चुनाव आयोग कांग्रेस की आपत्ति पर कानून विशेषज्ञों से सलाह लेने के उपरांत ही अपना फैसला सुनाएगा। सूत्रों की मानें तो आयोग गुरूवार को फैसला सुना सकता है।

मध्यप्रदेश से राज्यसभा चुनाव के निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मंगलवार को रिटर्निंग अधिकारी ने कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि उनके द्वारा अपने शपथ पत्र में हैदराबाद कोर्ट के मामले की जानकारी छिपाई थी। इस पर बुधवार को कांग्रेस ने नई दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष अपील की। आयोग ने कांग्रेस की आपत्तियों पर कानूनी और संवैधानिक पहलुओं को लेकर अपने कानूनी पैनल के वरिष्ठ वकीलों और चुनावी प्रक्रिया के विशेषज्ञों से सलाह मांगी है। जिनकी राय मिलने के उपरांत ही आयोग अपना अंतिम फैसला सुनाएगा। आयोग का फैसला नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि की समय सीमा समाप्त होने से पहले सार्वजनिक हो सकता है। चुनावी प्रक्रिया के तहत गुरुवार 11 जून तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकते है। ऐसा माना जा रहा है कि आयोग बुधवार को सुनवाई और कानून विशेषज्ञों की राय के बाद अपने फैसला ले सकता, जिसे गुरुवार को सार्वजनिक किया जा सकता है।

12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का



प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से

हार्दिक आभार और अभिनंदन



आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय
(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

सबसे बड़े महिला टी-20 वर्ल्डकप का आगाज कल से (पेज : 11)



## निगमायुक्त ने अतिक्रमण उड़नदस्ता टीम में किया फेरबदल

**जागरण, रीवा।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण करने के उद्देश्य से नगर निगम की अतिक्रमण उड़नदस्ता टीम में निगमायुक्त अक्षत जैन द्वारा फेरबदल किया गया है। निगमायुक्त द्वारा बुधवार को जारी आदेश के मुताबिक जोन क्रमांक एक के अतिक्रमण प्रभारी सहायक यंत्री राजेश चतुर्वेदी को जोन क्रमांक 3 का प्रभारी बनाया गया है। जोन क्रमांक 3 के अतिक्रमण प्रभारी रहे रावेन्द्र शुक्ला को जोन क्रमांक एक का प्रभारी बनाया गया है। श्री शुक्ल पहले भी लंबे समय तक जोन क्रमांक एक प्रभारी रह चुके हैं। जोन क्रमांक 3 के प्रभारी रहे सुखेन्द्र चतुर्वेदी को जोन क्रमांक 2 को प्रभारी बनाया गया है। सुखेन्द्र चतुर्वेदी भी पहले जोन क्रमांक 2 के प्रभारी रहे हैं। जोन क्रमांक 4 के प्रभारी अच्छेलाल पटेल का यथावत रखा गया है। इसके अलाव काफी समय से बिना काम के चल रहे ज्ञानेन्द्र द्विवेदी को जोन क्रमांक 3 में राजेश चतुर्वेदी के साथ शामिल किया गया है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## उप मुख्यमंत्री के आश्वासन पर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित



**जागरण, रीवा।** प्रदेश भर में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की दो जून से चल रही हड़ताल उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के आश्वासन के बाद संगठन के प्रदेश नेतृत्व द्वारा स्थगित कर दी गई है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष रीवा विकास पांडेय ने बताया कि संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र भदौरिया एवं प्रांतीय संयोजक विजय ठक्कर एवं बीएमएस पदाधिकारी कुलदीप गुर्जर ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला मुलाकात की बैठक के दौरान उप मुख्यमंत्री ने स्वयं एसीएस एवं एमडी मैडम को बुलाकर संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों पर 9 जून को विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिन मांगों पर सकारात्मक सहमति बनी। उसके मुताबिक मेडिकल अवकाश (ईएल) का प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा जा चुका है और प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ की जाएगी। एनपीएस एवं स्वास्थ्य बीमा की मांगों पर सहमति व्यक्त की गई है तथा इन्हें एक माह के भीतर पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया है। हड़ताल अवधि के वेतन के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। वेतन विसंगति के विषय पर भी गंभीर चर्चा हुई और समाधान की दिशा में सहमति बनी है। सीएचओ के पीबीआई संबंधी विषय पर केंद्र स्तर से मार्गदर्शन प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उप मुख्यमंत्री के साथ चर्चा के संघ द्वारा 32 हजार संविदा कर्मचारियों द्वारा 2 जून को शुरू की गई हड़ताल 10 जून को स्थगित कर दी गई। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के डॉ अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी टीम द्वारा पिछले दो दिनों से लगातार शासन स्तर पर हमारी मांगों को लेकर गंभीर प्रयास किए जा रहे थे जिसके सार्थक परिणाम निकले। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा सीएस एवं एमडी मैडम की उपस्थिति में चर्चा के दौरान शासन स्तर से मांगों के निराकरण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया है। जब शासन स्तर पर लिखित प्रक्रिया प्रारंभ करने और समयबद्ध निराकरण का आश्वासन प्राप्त हुआ है, तब संगठन ने परिपक्वता और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। वर्तमान भीषण गर्मी और स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय कर्मचारियों और आमजन दोनों के हित में लिया गया है। यह संघर्ष समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। यदि निर्धारित समय-सीमा में मांगों पर कार्यवाही नहीं होती है, तो संगठन भविष्य की रणनीति बनाने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र रहेगा। संविधा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की मांगों के समर्थन में खरगौन सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल ने भी 9 जून को उप मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर मांगों के संबंध में विचार करने का अनुरोध किया था।

# मीनाक्षी का नामांकन रद होने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया उपवास

### कांग्रेसियों ने कहा, लोकतंत्र की हत्या हुई है



जागरण, रीवा

राज्यसभा के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद् किए जाने के विरोध में रीवा में कांग्रेस नेताओं ने व्यंकट भवन के सामने उपवास रखा। आयोजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल के मुख्य आतिथ्य तथा शहर अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू की अध्यक्षता में किया गया। कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजमणि पटेल ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द करना सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या है। मीनाक्षी नटराजन का नामांकन जिन कारणों से रद्द किया गया है वह किसी भी दशा में कानूनन अपराध की श्रेणी में नहीं आता है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के इस अलोकतांत्रिक कार्य को हमें देश के कोने-कोने में जन-जन तक पहुंचाना है जिससे भाजपा के चाल और चरित्र को उजागर हो सके। अध्यक्षता कर रहे अशोक पटेल झब्बू ने कहा कि हमारा यह संघर्ष केवल एक दिन के उपवास के बाद समाप्त नहीं होगा वरन् लोकतंत्र की रक्षा के लिए निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व आभार प्रदर्शन संगठन महासचिव ग्रामीण एड. रवि तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप लोकसभा प्रत्याशी नीलम मिश्रा, प्रदेश कांग्रेस महासचिव विद्यावती पटेल, कविता पाण्डेय, प्रदेश सचिव शीला त्यागी, विधानसभा प्रत्याशी रमाशंकर पटेल, बबिता साकेत, डॉ. अरुणा तिवारी, गोविंद दास तिवारी, शिवप्रसाद प्रधान, गिरीश सिंह, विपिन पाण्डेय, रमेश पटेल,पंकज उपाध्याय, शहीद मिस्त्री, लल्लन खान, लखनलाल खण्डेलवाल, मानवेन्द्र सिंह नीरज, मुस्तहाक खान, प्रदीप अवस्थी, जी.पी. त्रिपाठी, बृजवासी प्रसाद मिश्रा,महेन्द्र उपाध्याय, शिवेन्द्र सिंह, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, वीरेन्द्र द्विवेदी बाबा, नजमा बेगम, धनेन्द्र सिंह, रवि तिवारी, अकरम अंसारी, गुलाम अहमद, रामप्रकाश तिवारी डैडू, विजयलक्ष्मी मिश्रा,तारा त्रिपाठी, ममता सिंह, दिलीप गौतम, संजय तिवारी, राजेन्द्र सिंह, रईस खान, जमुना चतुर्वेदी, शैलेन्द्र सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला



**रीवा।** राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) द्वारा कॉलेज चौराहा में जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में चुनाव आयोग का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के समर्थन में नारेबाजी करते हुए चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग और भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा अंत में चुनाव आयोग का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर एनएसयूआई के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भविष्य की सुरक्षा के लिए संघर्ष करने का आह्वान

### माकपा ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा




**रीवा।** मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी द्वारा प्रान्तीय आह्वान पर चलाये जा रहे जून अभियान के समापन पर कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पार्टी के जिला सचिव अमित सोहगौरा ने देश व प्रदेश की सरकारों पर आम जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता को राहत देने के लिए जो भी कानून वर्षों के संघर्ष व आन्दोलन के कारण बने थे वह पूंजापतियों के हितों के लिए सरकार द्वारा समाप्त किये जा रहे हैं। मनरेगा कानून बदला गया है, श्रम कानून समाप्त किया गया है, आठ घन्टे के बजाय श्रमिकों से 12 घन्टे तक काम लिया जा रहा है और वेतन में किसी प्रकार की बढोतरी नहीं हो रही है, सार्वजनिक क्षेत्रों को जहां बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होता था उन्हें पूंजीपतियों को बेचा जा रहा है। इसी का परिणाम है कि देश के अंदर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि सभी मूलभूत सुविधायें तबाह हो रही हैं। इसके खिलाफ आवाज उठाने के लोकतांत्रिक अधिकारों को भी बलपूर्वक कुचला जा रहा है।

## रतहरा तालाब की बाउंड्री के दो धड़ हुए अलग, सड़क की ओर झुकने लगी

### कभी हो सकती है धराशायी, बनने के बाद से नहीं ली सुध



**जागरण, रीवा।** शहर में स्थित रतहरा तालाब का जीर्णाद्धार करीब 3 करोड़ रुपए खर्च कर किया गया था, इस दौरान इस तालाब को आकर्षक पर्यटक और पिकनिक स्थल बनाया गया था, किन्तु वर्तमान में ये न तो पर्यटक स्थल बचा है न ही पिकनिक स्थल। फिलहाल यहां असामाजिक तत्वों सहित नशेड़ियों का कब्जा है। बनने के बाद से ही रतहरा तालाब की सुध जिम्मेदारों द्वारा नहीं ली गई, इसी लापरवाही के चलते पार्क की बाउंड्री ने मुंह फाड़ दिया है और बाउंड्री सड़क की ओर झुकने लगी है, जो कब धराशायी हो जाए कहा नहीं जा सकता। बाउंड्री के समीप ही ठेला संचालकों को ठेले लगाने की अनुमति दे दी गई है, शाम के समय यहां ठेलों की संख्या बढ़ जाती है, उस दौरान यदि बाउंड्री वॉल गिरती है तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। पिछले हिस्से की बाउंड्री पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जबकि पार्क का उद्घाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल द्वारा 9 मार्च 2024 को ही किया गया, अभी दो वर्ष भी पूर्ण नहीं हुए और बाउंड्री में टूट-फूट होने लगी, इससे तो यही लगता है कि निर्माण एजेन्सी द्वारा कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया और जिम्मेदारों ने भी अपना दायित्व बखूबी नहीं निभाया। वर्तमान में यहां पर्यटक कम और नशाखोरी करने वालों के अलावा अनैतिक कार्यों को अंजाम देने वाले लोग आते हैं। यही हालात रहे तो आने वाले समय में यह तालाब न तो पर्यटन स्थल रहेगा न ही पिकनिक स्थल।

### देश और पीएम के यशस्वी भविष्य की मंगलकामनाएँ

## सबसे लंबे निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण

### भाजपा ने जिले भर में किये कार्यक्रम, विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु की प्रार्थना



**रीवा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किये गये। सामूहिक पूजन, आरती एवं भारत के वैभव, समृद्धि और विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु प्रार्थना की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्रसेवा के सफल एवं यशस्वी भविष्य हेतु मंगलकामनाएँ की गईं। आरती, महाआरती, हवन, भजन, धार्मिक अनुष्ठान एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी तारतम्य में गुढ़ में कष्टहरनाथ मंदिर सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक नागेन्द्र सिंह, ने पूजा अर्चना की। रीवा विधानसभा में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, मनकामनेश्वर महादेव मंदिर कोठी में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों के साथ पूजा अर्चना की। सेमरिया में पैपखरा बालकदास शिव मंदिर में, त्योंथर अड़गड़नाथ मंदिर सोहगी में मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्रा, सावेन्द्र शर्मा, जिला मंत्री प्राणेश ओझा व लाला शुक्ला, मनगवां में पंचवटी आश्रम कंदैला में जिला महामंत्री विवेक गौतम, मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल, जगजीवनलाल तिवारी, विष्णुकांत शुक्ला, चन्द्रमणि पटेल एवं रामपुर सर्किल में अकौरी पंचायत के तारीखास हनुमान मंदिर में विधायक नरेन्द्र प्रजापति सिरमौर विधानसभा में विधायक दिव्यराज सिंह बैकुण्ठपुर में, जवा में मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह, ग्रा. वीरपुर के चतुर्भुज भगवान मंदिर में, सेमरिया विधानसभा के सेमरिया मंडल में अरुणेन्द्र तिवारी, बनकुइयां मंडल में जिला मंत्री सुमन शुक्ला, शेषमणि पाण्डेय ने पूजा-अर्चना की।

आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत रीवा जिले के सभी विधानसभा में पौधारोपण अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम चालाया जा रहा है। विधानसभा गुढ के गोविन्दगढ़, गुढ़, रायपुर कर्चुलिया, महसांव मंडल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम सांसद जनार्दन मिश्रा ने किया व जनसम्पर्क अभियान में भी शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा गुढ़ में पौधारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें सांसद जनार्दन मिश्रा के साथ गुढ विधायक नागेन्द्र सिंह, राजागोपाल मिश्रा चारी, विधानसभा प्रभारी अशोक सिंह गहरवार, मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनन्त गुप्ता, अभिषेक सिंह, विश्वजीत चौरसिया उपस्थित रहे।

### पचमठा में हुई बीहरगंगा आरती

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार की शाम पचमठा में बीहरगंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद जनार्दन मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष प्रबोध व्यास, राजेश प्रताप सिंह, जिला महामंत्री उमाशंकर पटेल, जीवनलाल साकेत, जिला मंत्री गीता माझी, बृजेन्द्र गौतम पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश्वर सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र पाण्डेय, महाबली गौतम, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, कल्पना श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि नगर निगम रमाशंकर गुप्ता, कमलेश सचदेवा, राहुल खत्री, दीनानाथ वर्मा, पूर्णिमा तिवारी, जय प्रताप सिंह, मयंक पाण्डेय, नीलम चौरसिया, अम्बुज रजक, दारा सिंह, कृष्ण गुप्ता, संजीव गुप्ता, रीता पाण्डेय, पूनम मिश्रा, आशा गुप्ता, प्रतिभा मिश्रा, रंजना सिंह, शिवम द्विवेदी, हेमलता सिंह, गौरव पाण्डेय, शैलू यादव, गौरव सोंधिया, रावेन्द्र मिश्रा, सतीश सिंह, सूर्य प्रताप तिवारी, अर्जुन सिंह चौहान, अमरेश पाण्डेय, ज्योति सिंह, राजेश नामदेव, सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुये।

## दोपहर में सूरज ने उगली आग, दोपहर में बरसे बादल



**जागरण, रीवा।** शहर में बुधवार को मौसम के तेवर तीखे रहे। सुबह से धूप ने अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया, दोपहर में सूरज आग उगल रहा था। बीच-बीच में आसमान पर काले बादल अटखेलियां करते नजर आए। दोपहर लगभग 2 बजे अचानक बादल बरस पड़े करीब 10-15 मिनट बारिश होने के बाद रुक गई, जिसके बाद फिर से धूप खिल आई, धूप खिलने के बाद उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस रहा वहीं न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## पशु पालन एवं डेयरी विभाग का वॉटर कूलर बीमार

### यहां आने वाले पशु पालक पेयजल तलाशते रहते हैं



**जागरण, रीवा।** शहर के पशु पालन एवं डेयरी विभाग का वाटर कूलर इस भीषण गर्मी में बीमार पड़ा है, जिससे यहां आने वाले पशु पालकों को अपना सूख हलक तर करने के लिए पानी तलाशना पड़ता है। वाटर कूलर अपने स्थान पर तो लगा है, लेकिन खुला पड़ा है और पानी भी नहीं आ रहा, ऊपर से इसे निर्धारित स्टैंड में लगा रखा है, जिससे कभी भी करंट लगने का खतरा बना रहता है। कुछेक पशु पालकों ने अपना नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि एक तो पशु पालन एवं डेयरी विभाग शहर के एक कोने में स्थित है, इस भीषण गर्मी में पूरा शहर पार करके यहां पहुंचे तो पशु पालकों के पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं, जिससे पशु पालक मारे प्यास के परेशान होते रहते हैं।

# पीएम स्वनिधि: 2500 पथ विक्रेता होंगे लाभान्वित

### 12 से 22 जून तक लगेंगे विशेष शिविर, पथ विक्रेताओं को मिलेगा 50 रु. हजार तक का ऋण




**जागरण, रीवा।** शहर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी के 50 हजार रुपये का ऋण प्रदान करने के लिए 12 जून से विशेष शिविर लागये जाएगे। इसके लिए निगमायुक्त अक्षत जैन के निर्देश पर लोक कल्याण मेले के अवसर पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को योजना से लाभान्वित करने हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई। निगमायुक्त ने नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजना के संबंध में विशेष तैयारियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बताया कि भारत सरकार की मंशानुसार शहरी क्षेत्र के पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके व्यवसाय को सशक्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना संचालित की जा रही है। योजना का लाभ प्रत्येक पथ विक्रेता तक पहुंचे, इस हेतु लोक कल्याण मेले के अंतर्गत नगर निगम रीवा क्षेत्र में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर 12 जून से 22 जून तक आयोजित किए जाएंगे। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 2500 पात्र हितग्राहियों को विशेष अभियान चलाकर योजना से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए डोर-टू-डोर संपर्क करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारी क्षेत्र में जाकर पथ विक्रेताओं को योजना की सही जानकारी दें तथा पात्र हितग्राहियों के आवेदन सुनिश्चित कर उन्हें लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली तकनीकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही निराकरण किया जाए। जिन मामलों में तकनीकी समस्या के समाधान में अधिक समय लगे, उनमें संबंधित हितग्राहियों का नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज कर नियमित फॉलोअप किया जाए तथा समस्या के समाधान के बाद उन्हें योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

### एक दिन में पूर्ण होगी ऋण की प्रक्रिया

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत विशेष शिविर 12 जून से 22 जून तक ढेकहा तिराहा, सिरमौर चौक हॉकर्स कॉर्नर, नहर के पास रतहरा, महामृत्युंजय कॉम्प्लेक्स एस.एफ चौक, शिल्पी कुंज, समान तिराहा एवं धोबिया टंकी के पास आयोजित किए जाएंगे। निगमायुक्त ने कहा कि शिविर में पात्र हितग्राहियों के लिए एंड-टू-एंड सेवाएं उपलब्ध कराते हुए ऋण की प्रक्रिया एक दिन में पूर्ण की जाए तथा एक ही स्थान पर सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए, जिससे उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाने की आवश्यकता न पड़े एवं समय की भी बचत हो। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत सभी पात्र पथ विक्रेताओं को बिना गारंटी ऋण तथा क्रेडिट कार्ड की सुविधा प्रदान की जानी है। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध रूप से 15,000, 25,000 एवं 50,000 रु. तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुकाने पर 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान की सुविधा है। **पथ विक्रेता का पंजीयन अवश्य करायें :** शिविरों में पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण, ऑनलाइन पंजीयन, ऋण आवेदन, टॉप-अप ऋण, क्रेडिट कार्ड आवेदन, बैंकिंग सेवाएं तथा आवश्यकता अनुसार आधार अपडेट जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध रहेंगी।

## डाइट में विकासखंड स्तरीय मीटिंग सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित



**जागरण, रीवा।** प्राचार्य डाइट एवं डीपीसी के निर्देशन में बुधवार को विकासखंड के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्राधानाध्यापक एवं विद्यालय प्रभारी की मीटिंग एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीआरसी दीपेन्द्र सिंह एवं एमआईसी कोऑर्डिनेटर वंदना द्विवेदी ने एजुकेशन पोर्टल 3.0 द्वारा चाइल्ड ट्रैकिंग एप का कार्य एवं यू डाइस पोर्टल में अपार आईडी जेनरेट करने का प्रशिक्षण देते हुए समय सीमा में कार्य करने के निर्देश दिए। एपीसी कोऑर्डिनेटर केसरी प्रसाद तिवारी द्वारा 16 जून से 5 वीं एवं 8 वीं की द्वितीय परीक्षा के प्रवेश पत्र 100 प्रतिशत विद्यार्थियों को वितरित किए जाने एवं परीक्षा केन्द्र तक विद्यार्थियों को पहुंचाने की व्यवस्था करने को कहा। कार्यशाला में नवनीत चौबे, आरएन मिश्रा, आरपी मिश्रा, प्रमोद सिंह, अनुज पटेल, विशाल शुक्ला, रामशरण सोनी, दीपक मिश्रा, अंजू पांडे, प्रमोद शुक्ला, प्रद्युम्न द्विवेदी, आनंद सिंह, अंकित सिंह, रविधर दुबे, अमित दुबे आदि उपस्थित रहे।

रीवा में पहली बार
यूरोलॉजी एवं किडनी संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल इंदौर के एक्सपर्ट अब
मेट्रो हॉस्पिटल, रीवा
OPD क्लीनिक की सुविधा
यदि आप इन समस्याओं से परेशान हैं, तो आज ही पाएं उपचार एवं परामर्श:
पथरी, प्रोस्टेट, मूत्र मार्ग के रोग/ कैंसर का आधुनिक इलाज।
किडनी ट्रांसप्लांट संबंधित सलाह एवं उपचार।
डॉ. विकास सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (General Surgery), M.Ch.
दिनांक 20 जून 2026 शनिवार को
मिलने का समय दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक
यूरोलॉजी जेनिटो-यूरो ऑन्कोलॉजी और रीनल ट्रांसप्लांट सर्जरी
न्यू बस स्टैंड के पास, शारदा पुरम रोड, रीवा
अपॉइंटमेन्ट के लिए सम्पर्क करें: 07662-314775,7771000668

वर्ष 73 अंक 253 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 11 जून, 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11, विक्रम संवत् 2083
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> जिसके भीतर लड़ने का साहस नहीं होता, उसका अहंकार सबसे ऊंची आवाज में बोलता है।
> – फ्रेडरिक नीत्शे

## सरकार के 12 साल: एनडीए की बैठक, शुभेंदु ने खिलाई झालमुड़ी

# कांग्रेस ने नाकामी का कलंक हिंदुओं पर लगाया: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उसकी नीतियों और नाकामियों का कलंक हिंदू समाज पर लगाया गया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 सालों में देश कांग्रेस की उस कार्य संस्कृति से बाहर निकला है, जिसमें न नीति थी, न नीयत, न निर्णय और न ही प्रभावी शासन। देश के सबसे लंबे समय तक लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने के अवसर पर आयोजित इस बैठक में मोदी का विशेष सम्मान किया गया। उनके कार्यकाल के 4,399 दिन पूरे होने पर एनडीए नेताओं ने अभिनंदन प्रस्ताव भी पारित किया। इससे पहले प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में भी मंत्रिपरिषद ने सर्वसम्मति से उन्हें बधाई दी और उनके सम्मान में अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया।



### मोदी ने गिनाईं उपलब्धियां

- **20** शहरों में संचालित हो रही हैं मेट्रो सेवाएं देश भर में, पहले थीं सिर्फ 5 शहरों में
- **25** करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं और देश में एक नया मध्यम वर्ग उभर रहा है
- **160** से अधिक हो गई है देश में एयरपोर्ट की संख्या, पहले थे 74
- **6,700** किलोमीटर तक पहुंच गया है एक्सप्रेस वे नेटवर्क, पहले 1000 किमी

### पारित किया गया अभिनंदन प्रस्ताव

बैठक में पीएम के 12 वर्षों के कार्यकाल की सराहना करते हुए अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। यह प्रस्ताव आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने रखा, जिसका समर्थन नगालैंड के सीएम नेफियू रियो ने किया। बैठक में भाजपा और एनडीए शासित राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## सीमा पर सामरिक सुरक्षा हुई सशक्त: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 साल पूरे होने पर बुधवार को राजधानी भोपाल में धार्मिक कार्यक्रम हुए। इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित दूसरे भाजपा नेता मौजूद रहे। इस मौके पर सीएम ने कहा कि पिछले 12 सालों में देश के भीतर जनसेवा और सीमा पर सामरिक सुरक्षा सशक्त हुई है। सीएम ने कहा कि देश के 25 करोड़ लोगों को मकान दिलवाए गए हैं, तो 80 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क अनाज वितरित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हम जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आज़ादी के बाद निर्वाचित रूप से सबसे अधिक अवधि तक देशसेवा करने का रिकॉर्ड आज अपने नाम किया है। वे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नायक हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लंबे समय तक कार्य किया है।



प्रधानमंत्री मोदी के 12 साल का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भोपाल सहित प्रदेश भर के मंदिरों में पूजा अर्चना के कार्यक्रम आहुत किए गए।

### तृणमूल कांग्रेस में बगावत

## बागी सांसदों में सायोनी शत्रुघ्न और यूसुफ भी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में राजनीतिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। पार्टी में जारी बगावत के बीच अब बागी गुट ने 19 लोकसभा सांसदों की सूची जारी की है, जिसमें अभिनेता और सांसद शत्रुघ्न सिन्हा, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान तथा ममता बनर्जी की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर सांसद सायोनी घोष के नाम भी शामिल हैं। काकोली घोष के नेतृत्व वाले बागी गुट ने दावा किया है कि इन सांसदों का समर्थन उन्हें प्राप्त है। इससे पहले 8 जून को काकोली ने कहा था कि 20 लोकसभा सांसदों के हस्ताक्षर वाला समर्थन पत्र लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजा जा चुका है और अलग संसदीय समूह के रूप में मान्यता देने की मांग की गई है।


**सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा:** इस बीच राज्यसभा सांसद सुष्मिता देव ने भी पार्टी और अपने संसदीय पद से इस्तीफा दिया। सुष्मिता कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा में शामिल होने की संभावना पर उन्होंने कहा कि फिलहाल वह परिवार से मिलने असम जा रही हैं। हालांकि उन्होंने स्वीकारा कि असम के सीएम हिमंता से उनकी मुलाकात हुई है और दोनों के बीच पुराने संबंध रहे हैं।

## एंबुलेंस के इंतजार में 5 घंटे तड़पती रही प्रसूता

**जागरण, छिंदवाड़ा।** प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का मामला सामने आया है। यहां प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक गर्भवती महिला को समय पर एंबुलेंस नहीं मिली और उसे अस्पताल पहुंचने में पांच घंटे लग गए। नतीजतन महिला ने अस्पताल परिसर के बाहर ही बच्चे को जन्म दे दिया। इस घटना से परिजन सहित ग्रामीणों में आक्रोश है। दमुआ क्षेत्र के बीचबेहरी राजढाना गांव निवासी रामवती भोपा को बुधवार दोपहर 12 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस सेवा को कॉल किया, लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद वाहन नहीं पहुंचा। एंबुलेंस के अभाव में परिजन दो घंटे तक गांव में ही परेशान होते रहे। किसी तरह व्यवस्था कर पांच घंटे मशक्कत के बाद अस्पताल पहुंच सके।

### रैपिडो ने की राहवीर योजना को जन-आंदोलन बनाने की पहल

**नई दिल्ली।** रैपिडो ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर 'राहवीर योजना' को देशव्यापी जन-आंदोलन बनाने की पहल शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। अभियान के तहत 4 लाख से अधिक रैपिडो कैप्टन्स ने एक साथ 'राहवीर प्रतिज्ञा' लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।




फीफा विश्व कप 2026 मेक्सिको, कनाडा और यूएसए में आरंभ हो रहा है।

### रूस और खाड़ी देशों ने जताई चिंता

- अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर रूस ने दोनों देशों से तत्काल सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है।
- वहीं संयुक्त अरब अमीरात ने बहरीन, कुवैत और जॉर्डन पर हुए मिसाइल और ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा की।
- तनाव के बीच ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो लोग लापता बताए जा रहे हैं।
- यमन के तट के पास एक व्यावसायिक जहाज पर गनबोट से हमला होने की भी खबर है।
- अमेरिकी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम, कमांड एंड कंट्रोल सेंटर और निगरानी रडार ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं।

## ट्रंप बोले- समझौता नहीं किया तो कीमत चुकाएगा ईरान

# ईरान ने बहरीन, कुवैत व जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों पर की बमबारी

**तेल अवीव/ तेहरान/ वॉशिंगटन, जेएनएन।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि उसने समझौते का अवसर गंवा दिया है और अब उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रंप ने दावा किया कि ईरानी सेना बुरी तरह कमजोर हो चुकी है और उसकी नौसेना तथा वायुसेना लगभग समाप्त होने की स्थिति में हैं।

दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिकी कार्रवाई के जवाब में बहरीन, कुवैत और जॉर्डन में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इन हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह अमेरिका के हालिया हवाई हमलों का जवाब है।

इधर, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, बातचीत से समाधान निकालना बेहतर है। लेकिन यदि कोई हमला होता है तो ईरान जवाब जरूर देगा, लेकिन संघर्ष को लंबा खींचना लाभदायक नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई भी विवादों के समाधान के लिए वार्ता के पक्षधर थे।



### ट्रंप का दावा- ईरान अब पहले जैसा नहीं रहा

सोशल मीडिया पर जारी संदेश में ट्रंप ने कहा कि ईरान सिर्फ बयानबाजी करता है, लेकिन निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहता है। उन्होंने कहा कि ईरान खुद को पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी ताकत समझता था, लेकिन अब उसकी स्थिति बदल चुकी है। ट्रंप ने यह भी कहा कि तेहरान ने उस परमाणु समझौते पर बातचीत करने में बहुत देर कर दी, जो उसके लिए फायदेमंद हो सकता था।




संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## अमेरिका-ईरान युद्ध से महामंदी की आशंका

*ईरान युद्ध के 100 दिन बीत चुके हैं। अब यह अनचाहा युद्ध बनता जा रहा है। न तो अमरीका जीत का दावा कर सकता है और न ही ईरान को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया जा सका है। उसके भी विनाशक पलटवार जारी हैं। यह ऐसा युद्ध है, जिससे अमरीका और ईरान अब बाहर निकलना और एक साझा समझौता करना चाहते हैं, लेकिन जिद और महत्वाकांक्षाएं रोड़े अटका रही हैं। यह ऐसा युद्ध है, जिसने दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं को हिला कर रख दिया है, महामंदी के आकलन किए जा रहे हैं, 146 देशों में तेल-गैस-खाद के संकट गहराते जा रहे हैं और समुद्री सप्लाई चेन का एक महत्वपूर्ण मार्ग लगभग बंद है। नतीजतन विश्व आर्थिकी को 474 लाख करोड़ रुपए की चोट लग चुकी है।*

*बीते 80 साल में, लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यह पहला युद्ध है, जिसमें 14 देश प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से जुड़े हैं। यह युद्ध ऐसा रहा है, जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या कर दी गई। होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग पहली बार बंद हुआ है। खामेनेई समेत करीब 50 लाख लोगों के ऐप हैक किए जा चुके हैं। युद्ध में करीब 7000 लोग मारे जा चुके हैं और करीब 55,000 घायल बताए गए हैं। ईरान के करीब 32 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। लेबनान में 10 लाख से अधिक लोग विस्थापित बताए गए हैं। ऐसा नहीं है कि अमरीका और इजरायल के नुकसान नहीं हुए हैं। अमरीका के सैन्य खर्च, महंगाई और अप्रत्यक्ष प्रभाव आदि पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक की चपत लग चुकी है। आज अमरीका पर 39 ट्रिलियन डॉलर का कर्ज है, जबकि उसकी कुल अर्थव्यवस्था 32 ट्रिलियन डॉलर से कुछ अधिक की है। ईरान के जीडीपी और बुनियादी ढांचे को लेकर 28.5 लाख करोड़ रुपए और खाड़ी देशों को ऊर्जा-ढांचों को ध्वस्त करने या जला देने के कारण 5.54 लाख करोड़ रुपए के नुकसान आंके गए हैं। वैश्विक जीडीपी पर 339 लाख करोड़ रुपए का भारी नुकसान माना जा रहा है। इन नुकसानों और विपरीत, ढहती आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद और 100 दिनों के टकराव के बाद भी युद्ध खत्म होने के आसार दिख नहीं रहे हैं। बेशक बीते 60 दिनों से युद्धविराम का ढोंग किया जा रहा है, लेकिन युद्ध रुक-रुक कर जारी रहा है। मिसाइल, ड्रोन के हमले जारी हैं, हवाई हमले भी किए जा रहे हैं, कहीं विस्फोट है, तो कहीं आग की ऊंची-ऊंची लपटों के साथ धुएं के गुबार हैं। यदि यह अनचाहा, थोपा हुआ, युद्ध महसूस किया जा रहा है, तो समझौते में किसके अहंकार आड़े आ रहे हैं?*

*भारत पर ईरान युद्ध के प्रभावों को लेकर हम विश्लेषण करते रहे हैं, लेकिन अब आम आदमी और रसोई गैस के संदर्भ में विश्लेषण करें, तो कई दरारें सामने आ रही हैं। भारत में रसोई की एलपीजी के उपभोक्ता करीब 33 करोड़ हैं। 'उज्ज्वला योजना' के 10.58 करोड़ लाभार्थी हैं। जब से एलपीजी का संकट पैदा हुआ है और लगातार उसके दाम बढ़ाए जा रहे हैं, तब से एलपीजी की खपत 30 फीसदी कम हो गई है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य मंत्रियों ने बयान जारी रखे हैं कि भारत में अन्य देशों की तुलना में गैस सस्ती दी जा रही है। ये तुलनाएं ही गलत हैं। अमरीका की प्रति व्यक्ति आय 90 लाख रुपए से अधिक है, ऑस्ट्रेलिया की यह आय करीब 72 लाख रुपए है, जापान की आय भी हमसे कई गुना ज्यादा है और भारत की प्रति व्यक्ति आय करीब 2.35 लाख रुपए है। इन देशों से तुलना कैसे कर सकते हैं? यह तुलना क्रय-शक्ति के आधार पर की जाती है, जिसमें भारत का उपभोक्ता 10 किलो एलपीजी खरीदने का सामर्थ्य रखता है, तो अमरीकी 200 किलो गैस खरीद सकता है। और अब तो एलपीजी की राशनिंग भी शुरू हो गई है। सरकार महंगाई के साथ औसत कमाई भी देखे। दुखद यह है कि आम आदमी की कमाई में कोई इजाफा नहीं हुआ है। इसलिए इस लड़ाई को रोकना जरूरी हो गया है। सक्षम देशों को आगे आकर दोनों पक्षों को युद्ध से पीछे हटने के लिए राजी करना होगा। यह काम प्राथमिकता के साथ होना चाहिए।*

प्रसंगवश

## तर्कसंगत नहीं है शिक्षकों से जनगणना करवाना

*सरकारी स्कूलों के अध्यापकों की जिम्मेदारियों का खुलासा भले ही न हो, लेकिन प्रदेश की मर्यादाओं का हिसाब उन्हीं से लिया जाता है। चुनाव ड्यूटियों का सिलसिला अभी टूटा भी नहीं था कि अब जनगणना के आंकड़ों का मकड़जाल उनके दायित्व से जोड़ दिया गया, यानी सरकारी स्कूलों के अहम किरदार फिर से परिसर के बाहर निकाले जाएंगे। अगर शिक्षक वर्ग इसके ऊपर आपत्ति उठा रहा है, तो अभिभावकों को भी इनकी जिरह में शरीक होना होगा। शिक्षा के प्रांगण से इस तरह की मजदूरी कराने की परंपरा खत्म होनी चाहिए। इससे शिक्षा की गुणवत्ता की जेब कटती है और दायित्व की पड़ताल में शिक्षक वर्ग कसूरवार हो जाता है। जनगणना अभियान का सारा दारोमदार एक विभाग पर डालने के बजाय, इस प्रक्रिया में कुछ और विकल्प भी तलाशे जा सकते हैं। बेरोजगारों या पढ़ाई कर रहे युवाओं के लिए ऐसे अभियानों की प्रयोगशाला बना कर, उन्हें सम्मिलित किया जा सकता है। ऐसे कार्यों, सर्वेक्षणों और योजनाओं को आकार देने से पहले जमीनी फीडबैक लेने के लिए टास्क फोर्स होनी चाहिए। स्कूली पाठ्यक्रमों की अपनी गणना है, जहां पीरियड और विषय, हर साल की मेहनत और समयावधि को अनुशासित करते हैं और शिक्षा नीति का संकल्प भी यही है कि ज्ञान की कक्षा में व्यावहारिक ज्ञान की उपयोगिता बढ़े। यानी आज के शिक्षक का संबंध और संपर्क अपने छात्रों से कई पैमानों की संगत है, तो इसके विरुद्ध जनगणना अभियान जैसे कार्यों में लगाना तर्कसंगत नहीं हो सकता। स्कूल से अगर कोई शिक्षक कुछ दिनों के लिए अनुपस्थित होता है, तो इसके अर्थ छात्रों के भविष्य में गहरा*

*असर रखते हैं। बेशक शिक्षक जीवन की परिपाटी में राष्ट्रीय अभियानों की शृंखला जुड़ती रही है, लेकिन इसे शिक्षा लक्ष्य के अनुरूप नहीं ठहराया जा सकता। जनगणना एक बड़ा तथा पवित्र अभियान है, लेकिन इसकी परिपाटी में आया शिक्षक अपने मूल दायित्व से नाइंसाफी ही करेगा। स्कूल में विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, वाणिज्य व अन्य विषयों की पढ़ाई यह छूट तो नहीं देती कि प्रयोगशालाएं कुछ दिन बंद रहें, ब्लैक बोर्ड शांत रहें और पाठ्यक्रम विश्राम करें। इसलिए इस वर्ग को उसके दायित्व से विमुख करके कोई भी मर्यादा पूरी नहीं होगी। स्कूल पहले ही अकालग्रस्त हैं। शिक्षा को बिछौने की तरह देखा गया और इसलिए शिक्षक एक मसौदा बन गया। मसौदा इम्तिहान का, परीक्षा परिणामों का। अगर शिक्षक चुनावों से मतगणना या किसी अन्य राष्ट्रीय अभियानों के शिलालेख लिखने की नैतिक जरूरत है, तो उसके नैतिक अधिकार भी तय किए जाएं। मसलन परीक्षाओं में नकल क्या शिक्षा की कमजोरी है, समाज की अनदेखी है या इसकी सारी जिम्मेदारी पर केवल शिक्षक को ही दंड दिया जाए। क्या वार्षिक परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए केवल सरकारी अध्यापक को बलि का बकरा बनाया जाए या सारे विभागों और समाज को भी ऐसा दायित्व सौंपा जाए। क्या जनगणना की संदूकड़ी उठाने वाले शिक्षक से शिक्षा और परीक्षा की तोहमतें भी हटा ली जाएंगी। पहले ही अनावश्यक चिट्ठी-पत्री और लिखा-पढ़त का डाकिया बना शिक्षक, आखिर कब तक राष्ट्रीय अभियानों की इज्जत बचाने के लिए दर-दर भटकेगा। बावजूद इसके उसकी भूमिका का आकलन हमेशा नकारात्मक बनाया जाता है।*



पेट्रोलियम मूल्य | सरकारी एकाधिकार के कारण भारत में ईंधन का बाजार आधारित मूल्य निर्धारण अटका

## बाजार आधारित कीमतों पर विचार हो




अजय त्यागी

कितने लोगों को याद है कि सरकार ने वर्ष 2002 में पेट्रोलियम उत्पादों के लिए प्रशासित मूल्य निर्धारण तंत्र (एपीएम) खत्म कर दिया था और उसी वर्ष 1 अप्रैल से पेट्रोल एवं डीजल के लिए बाजार आधारित मूल्य निर्धारण का ऐलान किया था?

तब से दो दशक गुजर जाने के बाद भी सरकार यह निर्णय लागू करने में सक्षम नहीं है जो इससे जुड़ी जटिलताओं का संकेत समझा जा सकता है। अफसोस की बात है कि उस विषय पर सिर्फ वर्तमान हालात जैसे समय में ही गंभीर जिक्र होता है। इस बात को सभी जानते हैं कि पेट्रोलियम उत्पादों का मूल्य निर्धारण राजनीतिक रूप से एक संवेदनशील विषय है, मगर अब समय आ गया है कि सरकार इस संबंध में कड़े कदम उठाए, कठोर निर्णय ले और उन पर कायम रहे।

सबसे पहले कुछ तथ्यों पर विचार कर लेते हैं। ऊर्जा समूह (बास्केट) में तेल एवं गैस का अनुपात पिछले दो दशकों में लगभग स्थिर रहा है। यह वर्ष 2000 में लगभग 32 फीसदी था जबकि अब 31 फीसदी है। नवीकरणीय ऊर्जा पर बढ़ते जोर, संरक्षण के विभिन्न प्रयासों और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने की योजनाओं के बावजूद तेल एवं गैस की घरेलू खपत में त्वरित कमी आने की गुंजाइश नहीं दिख रही है। समय के साथ तेल और गैस आयात पर हमारी निर्भरता बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में यह घरेलू खपत का क्रमशः लगभग 85 फीसदी और 50 फीसदी है। भारत का कच्चा तेल आयात कुल वैश्विक तेल आयात का लगभग 12 फीसदी है और भारत अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य निर्धारण करने की स्थिति से बहुत दूर है।

तेल एवं गैस अर्थव्यवस्था का एक और अहम पहलू यह है कि केंद्र एवं राज्य सरकारों के अप्रत्यक्ष कर राजस्व का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं वस्तुओं से आता है। यही कारण है कि इन्हें अब तक माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में नहीं लाया जा सका है। सरकार निगम कर और सरकारी स्वामित्व वाली तेल एवं गैस कंपनियों से लाभांश के जरिये भी राजस्व अर्जित करती है। सरकार के सामने तीन तरफा चुनौतियां हैं यानी घरेलू कीमतें नियंत्रित रखना, कर राजस्व में नुकसान से बचना और विदेशी मुद्रा व्यय एवं चालू खाता घाटा नियंत्रित करना। मौजूदा चुनौतीपूर्ण हालात इस व्यवस्था के लिए एक गंभीर परीक्षा साबित होते हैं।

स्वाभाविक रूप से सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) के नुकसान सहन करने की एक सीमा होती है। यह कोई नहीं जानता कि वर्तमान भू-राजनीतिक स्थिति कब तक बनी रहेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ओएमसी सूचीबद्ध कंपनियां हैं जो सार्वजनिक शेयरधारकों के प्रति जवाबदेह हैं।

जहां तक सरकार की बात है तो उसके पास यह बोझ उठाने के लिए राजकोषीय मोर्चे पर गुंजाइश बहुत कम है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) रुपये को एक सीमा तक ही सहारा दे सकता है। मौजूदा प्रतिकूल हालात में रुपये में गिरावट थामना एक कठिन चुनौती है।

बाजार और उपभोक्ताओं को सही मूल्य निर्धारण का संकेत देने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। महज बचत की अपील और आह्वान कारगर नहीं होंगे। इससे मुद्रास्फीति बढ़नी तय है, यह टाली नहीं जी सकती। कीमतों को अस्वाभाविक रूप से दबाए रखने से अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होता है। भविष्य में सरकार को लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचे दाम से निपटने के लिए सिद्धांत-आधारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करनी चाहिए।

ऐसे हालात में केंद्र एवं राज्य सरकारों को अपने कर राजस्व में कमी की स्वीकार कर लेनी चाहिए। इसके उलट सामान्य से कम अंतरराष्ट्रीय कीमतें रहने पर केंद्र एवं राज्य कर दरें बढ़ा सकती हैं।

उपयुक्त मकसद हासिल करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के लिए आपसी तालमेल के साथ कदम उठाना अति आवश्यक है। निकट भविष्य में पेट्रोलियम को जीएसटी व्यवस्था के दायरे में लाना संभव नहीं है। हालांकि, जीएसटी परिषद इस विषय पर आम सहमति बनाने के लिए उपयुक्त मंच हो सकती है। भारत में तेल एवं गैस उद्योग की एक विशेषता यह है कि बाजार में सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों का वर्चस्व है। बेशक समय के साथ उन्होंने अच्छा काम किया है मगर निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

एक और पहलू भी है। सरकारी स्वामित्व वाली तेल एवं गैस कंपनियों के पास लगभग पूरा बाजार हिस्सा होने के कारण सरकार पर कीमतों में औपचारिक और अनौपचारिक रूप से हस्तक्षेप करने का दबाव बना रहता है।

सरकार की आलोचना हो रही है कि उसने मात्र 11 दिनों के भीतर पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में लगभग 7 से 8 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि कर दी है। घरेलू कीमतों में बढ़ोतरी चरणबद्ध तरीके से धीरे-धीरे दो से तीन महीने की अवधि में की जानी चाहिए थी। इससे लोगों को पहले ही जानकारी मिल जाती और लोगों का गुस्सा भी कम दिखता। मगर ऐसा तभी संभव हो पाता जब पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन का एक बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र के पास रहता और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का बाजार में एकाधिकार न होता।

हालात सामान्य होते ही सरकार को तेल एवं गैस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए नए सिरे से प्रयास करने की जरूरत है। सही तरीका यह होगा कि बाजार में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली मौजूदा तेल एवं गैस कंपनियों में किसी एक का निजीकरण कर दिया जाए।

सरकार को भारत पेट्रोलियम निगम लिमिटेड (बीपीसीएल) के निजीकरण के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करना चाहिए। कंपनी के निजीकरण की योजना कुछ साल पहले बनाई गई थी मगर बाद में यह रद्द कर दी गई थी। बीपीसीएल जैसी 20 फीसदी से अधिक बाजार हिस्सेदारी वाली कंपनी का निजीकरण होने पर देश में पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। इससे मूल्य निर्धारण में सरकार की भूमिका कम हो जाएगी और प्रतिकूल हालात रहने पर उसकी दिक्कतें कम हो जाएंगी। समय के साथ लोग बाजार आधारित मूल्य निर्धारण के अभ्यस्त हो जाएंगे।

खुला मंच

## प्रेम, बिजली और जुबान की आग

मृदुल कश्यप

ये तो अच्छा है कि आग पूर्णतः प्राकृतिक होती है, सरकारी नहीं। इसलिए यह कभी भी, कहीं भी, कैसे भी लग जाती है। यह किसी गरीब के चूल्हे और किसी अमीर की कीमती सिगरेट से समान रूप से लग जाती है। सोचिए कि अगर ऐसा नहीं होता तो बड़ी विचित्र स्थिति उत्पन्न हो जाती। जब आपको ब्रेकफास्ट के लिए आग की जरूरत होती तो मालूम पड़ता कि आग का लंच ब्रेक चालू हो गया है। रात को डिनर के लिए जब गैस में आग लगाने की कोशिश की जाती तब मालूम पड़ता कि आग की ड्यूटी तो शाम छह बजे ही खत्म हो गई। या आज आग किसी जरूरी काम से कैजुअल लीव पर है। ऐसे में आग को छुट्टी पर भेजने वालों के लिए नानी दादी वाली जली-बुझी बद्दुआएं याद आना लाजिमी है- जब वे चिढ़ कर कहती थीं, आग लगे इन नासपीटों में....। अब चूल्हे में लगी आग से ही काम चलाना पड़ रहा है, भले ही उसमें पेड़ों की लकड़ी जलाई जाएं, पेट की आग को बुझाना जो जरूरी है। गर्मियों में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती हैं। इसमें जानमाल का भारी नुकसान होता है। ऐसे में आग लगने पर बिल्डिंग में शोभायमान आग बुझाने के लाल सिलेंडर ऐसे जड़ हो जाते हैं जैसे महाभारत काल में द्रौपदी के चीरहरण पर गंगापुत्र भीष्म जड़ हो गए थे। वे दीवार में जड़े सब कुछ चुपचाप देखते रहते हैं।

ऐसा नहीं है कि आग लगने की घटनाएं सिर्फ 'बिजली के शॉर्ट सर्किट' से ही होती हैं बल्कि 'प्रेम के शार्ट सर्किट' से दिल में भी आग लग जाती है। ऐसी अवस्था में मुआ सावन भी आग लगाने लगता है। इसलिए शायर कहता है कि इश्क की आग ऐसी होती है जो 'लगाए न लगे और जो बुझाए न बुझे'। वैसे भी इश्क को आग का धधकता दरिया कहा गया है जिसे कूद कर जाना पड़ता है। प्रेम की यह ज्वाला फिल्म बनाने वालों का अति प्रिय विषय रहा है।

आग न सिर्फ दिल में लगती है बल्कि पेट में भी लगती है। महंगाई से सीधे पेट में आग लग जाती है। तीखी जुबान से भी आग लगने की भरपूर सम्भावना रहती है। पति-पत्नी, सास-बहू, रिश्तेदारों, पड़ोसियों और कार्यक्षेत्र में आग लगने की घटनाओं में जुबान लीड रोल में रहती है। कई बार चुनाव हारने के बाद पार्टी में आग लग जाती है जैसा कि बंगाल चुनाव के बाद देखा जा रहा है। अंकल सैम की 'दो गज लम्बी जुबान' तो बड़े-बड़े युद्ध करवाने में सक्षम है। ईरान, अमेरिका और इस्राइल के बीच युद्ध की आग ऐसी लगी है कि रुक ही नहीं रही। इसकी तपन से समूचा विश्व हैरान-परेशान हो रहा है।

अपशिष्ट प्रबंधन | मूल्यवान और रणनीतिक संसाधनों का विशाल भंडार है ई-कचरा

## कचरे से कंचन बनाने पर ध्यान दिया जाए



डॉ. रेखा पांडा

पर्यावरणविद और अर्थशास्त्री इसके लिए 'अर्बन माइनिंग' (शहरी खनन) शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। अनुपयोगी हो चुके मोबाइलों, कंप्यूटरों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भीतर सोना, चांदी, तांबा, निकेल जैसे पारंपरिक तत्वों के साथ कोबाल्ट, लिथियम और रेयर अर्थ मेटल्स प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं।

तकनीकी नवोन्मेष और डिजिटल सुगमता ने 21वीं सदी के मानव समाज को एक अभूतपूर्व गतिशीलता प्रदान की है। स्मार्टफोन, लैपटॉप, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और डेटा केंद्रों के इस युग ने जीवन को जितना सरल बनाया है, उतनी ही तेजी से एक घातक संकट भी खड़ा कर दिया है। यह संकट है 'ई-वेस्ट'। संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल इ-वेस्ट मॉनिटर 2024' रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में विश्व ने करीब 6 ।2 करोड़ टन ई-कचरा पैदा किया, पर इसका मात्र 22 ।3 फीसदी हिस्सा ही वैज्ञानिक रूप से रिसाइकल हो सका। शेष 77 फीसदी से अधिक हिस्सा हमारी मिट्टी, पानी और हवा में धीमे जहर की तरह घुल रहा है।

जिसे हम ई-कचरा' कहकर फेंक देते हैं, वह मूल्यवान और रणनीतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। पर्यावरणविद और अर्थशास्त्री इसके लिए 'अर्बन माइनिंग' (शहरी खनन) शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। अनुपयोगी हो चुके मोबाइलों, कंप्यूटरों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के भीतर सोना, चांदी, तांबा, निकेल जैसे पारंपरिक तत्वों के साथ कोबाल्ट, लिथियम और रेयर अर्थ मेटल्स प्रचुर मात्रा में मौजूद होते हैं। आज जब पूरी दुनिया में इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा, विंड टर्बाइन, सेमीकंडक्टर और रक्षा उपकरणों के लिए रेयर अर्थ मेटल्स की मारामारी है, तब इ-वेस्ट रिसाइक्लिंग तकनीक सुरक्षा कवच की तरह उभरती है। अभी विश्व स्तर पर एक फीसदी से भी कम रेयर अर्थ मैग्नेट्स रिसाइक्लिंग से प्राप्त होते हैं।

इस तकनीक का विस्तार करने पर यह पारंपरिक खनन पर हमारी निर्भरता कम करेगी। हम वैश्विक इ-कचरे का करीब सात फीसदी उत्पन्न करते हुए तीसरे सबसे बड़े इ-वेस्ट उत्पादक देश बन चुके हैं। इस विशाल अपशिष्ट का बड़ा हिस्सा कबाड़खानों और असंगठित नेटवर्क के हाथों में है। तंग गलियों में खुले आसमान के नीचे इ-कचरा जलाना, कीमती धातुओं को निकालने के लिए कड़े तेजाबों का अनियंत्रित उपयोग करना और हानिकारक रसायनों को नालियों में बहा देना असंगठित क्षेत्र की पहचान बन चुकी है।

इसकी कीमत वहां काम करने वाले श्रमिकों के फेफड़े और उनका स्वास्थ्य चुका रहा है, वहीं सीसा, पारा, और कैडमियम जैसे विषैले तत्व पर्यावरण तंत्र को पंगु बना रहे हैं। यदि इस कबाड़ अर्थव्यवस्था को 'संगठित' ढांचे में ढाल दिया जाये, तो न केवल श्रमिकों को सुरक्षित और गरिमामय जीवन मिलेगा, बल्कि खुले में कचरा जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण और अम्लीय रिसाव पर पूर्ण विराम लग जायेगा। अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से धातुओं की रिकवरी दर में भारी सुधार होगा। संगठित क्षेत्र जब 'सर्कुलर इकोनॉमी' के सिद्धांतों पर काम करेगा, तो अनुपयोगी सामग्री पुनः मुख्यधारा के विनिर्माण में शामिल हो जायेगी।

इससे सरकार को वैध राजस्व मिलेगा, संस्थागत निवेश बढ़ेगा और हरित रोजगार के नये क्षितिज खुलेंगे। केंद्र सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए 'ई-वेस्ट (प्रबंधन) नियम 2022' के तहत 'विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व' (इपीआर ) की एक मजबूत व्यवस्था लागू की है। इसके अंतर्गत निर्माताओं और रिसाइकलर्स को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी ) के पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में देश में उत्पन्न करीब 13 ।98 लाख मीट्रिक टन इ-वेस्ट में से करीब 70 ।71 प्रतिशत हिस्से को औपचारिक रूप से संग्रहित और प्रसंस्कृत किया गया, जो पिछले वर्षों की तुलना में सुधार है। अभी देश में 322 से अधिक पंजीकृत रिसाइकलर और 72 रिफर्बिशर काम कर रहे हैं, जिनकी कुल क्षमता 22 लाख मीट्रिक टन से अधिक है।

पर अधिकांश ई-कचरा अब भी जागरूक नागरिकों की उदासीनता के कारण सीधे औपचारिक रिसाइक्लिंग चैनलों तक नहीं पहुंच पाता। लोग पुराने फोन या लैपटॉप को कबाड़ वाले को दे देते हैं या घरों के कोनों में डंप कर रखते हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और बैटरियों के प्रसंस्करण के बाद भी करीब 10 से 30 फीसदी ऐसा अवशेष बच जाता है, जिसे दोबारा इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। इस बचे हुए मलबे में अत्यधिक विषैले रासायनिक स्लज, भारी धातुएं और जटिल प्लास्टिक होते हैं। यदि इन अवशेषों को वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित लैंडफिल में दफनाया न जाए, तो ये भूजल को जहरीला बना देते हैं। देश में खतरनाक अवशेषों के उपचार और सुरक्षित लैंडफिल की संख्या बेहद सीमित है। इसलिए, जब तक हम 'जीरो वेस्ट रिसाइक्लिंग ' और वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन के मुकाम को हासिल नहीं कर लेते, तब तक रिसाइक्लिंग की प्रक्रिया अधूरी ही रहेगी।

यूरोप आज अपने सुदृढ़ कानूनों और उन्नत अवसंरचना के कारण करीब 42 ।8 फीसदी इ-कचरे को रिसाइकल कर दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत में इ-कचरे के पूरे तंत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और संगठित बनाने के लिए करीब 50,000 करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी। यह विशाल धनराशि देश में नये रिसाइक्लिंग क्लस्टर विकसित करने, आधुनिक तकनीकों का स्वदेशीकरण करने व जन-जागरूकता का व्यापक जनांदोलन खड़ा करने के लिए जरूरी है। यह कचरे से कंचन बनाने का युग है। इस यात्रा में अब एक पल की भी देरी आत्मघाती होगी।

जीवन दर्शन

## साहस के रंगों से बनता है जीवन का चित्र



सबसे बड़ी त्रासदी चित्र का बिगड़ जाना नहीं है, सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि मनुष्य डर के कारण ब्रश ही हाथ में न ले। जीवन आखिर में केवल उन रंगों को याद रखता है, जिन्हें हमने साहसपूर्वक चुना था।

मनुष्य इस संसार में किसी पूर्ण चित्र की तरह जन्म नहीं लेता। वह किसी संग्रहालय की दीवार पर टंगी हुई तैयार कृति भी नहीं है, जिसे केवल देखा जाए और सराहा जाए। मनुष्य तो एक खाली कैनवास है, भयावह रूप से खाली और उसी कारण असीम रूप से सुंदर। ईश्वर, प्रकृति या जो भी अदृश्य शक्ति हमें यहां भेजती है, वह हमें केवल सफेद विस्तार देती है, कोई निश्चित आकृति, अंतिम अर्थ या तय रंग नहीं। बाकी सब तो हमें खुद करना होता है। और यही स्वतंत्रता मनुष्य का सबसे बड़ा उपहार भी है और सबसे बड़ा अभिशाप भी। अधिकांश लोग अपने कैनवास को लगभग वैसा ही छोड़ देते हैं, जैसा उन्हें मिला था। वे दूसरों के बनाए हुए रंग उधार लेते हैं। समाज उनसे कहता है- यह रंग शालीन है, धर्म कहता है- यह रंग पवित्र है, परिवार कहता है- यह रंग सुरक्षित है। और इस तरह धीरे-धीरे उनका जीवन किसी कलाकार की रचना नहीं, बल्कि किसी सरकारी दफ्तर की पपड़ी उतरती दीवार-सा बन जाता है। दुख संसार का सबसे गलत समझा गया रंग है। लोग उससे बचते हैं, जैसे कोई चित्रकार काले रंग से डरता-बचता हो। लेकिन बिना गहरे रंगों के कोई चित्र कभी गहराई प्राप्त नहीं करता। जिस व्यक्ति ने पीड़ा नहीं जानी, उसने अपनी आत्मा के गुप्त कक्ष नहीं देखे। दुख हमें तोड़ता अवश्य है, परंतु उसी टूटन से प्रकाश भीतर प्रवेश करता है। और जहां तक प्रेम की बात है, तो प्रेम वह रंग है, जिसे मनुष्य सबसे अधिक चाहता भी है और सबसे अधिक नष्ट भी करता है।

सपने क्या हैं? सपने मनुष्य की आत्मा के रंग हैं। सपनों के बिना तो मनुष्य केवल गणना करने वाली मशीन बन कर रह जाता! कितने लोग हैं, जो भीतर से संगीत सुनते हैं, परंतु नृत्य नहीं करते। और अंत में उनका कैनवास लगभग खाली रह जाता है, सुरक्षित, स्वच्छ और पूरी तरह अर्थहीन। मनुष्य को अपने जीवन का कलाकार होना चाहिए, उसका चौकीदार नहीं। और शायद मृत्यु के क्षण में ईश्वर हमसे यह नहीं पूछेगा कि हमने कितना सुरक्षित जीवन जिया। वह शायद सिर्फ यह देखेगा कि हमने अपने कैनवास को कितनी निडरता से भरा। सबसे बड़ी त्रासदी चित्र का बिगड़ जाना नहीं है, सबसे बड़ी त्रासदी यह है कि मनुष्य डर के कारण ब्रश ही हाथ में न ले। जीवन यह याद नहीं रखता कि हमने कितनी सावधानी बरती थी, वह केवल उन रंगों को याद रखता है, जिन्हें हमने साहसपूर्वक चुना था।

मनुष्य का जीवन एक खाली कैनवास की तरह है, जिसकी सुंदरता उसके साहसपूर्वक उठाए गए कदमों में है। जो व्यक्ति भय, असफलता, पीड़ा और प्रेम से बचता रहता है, वह शायद गलतियों से बच जाए, पर जीवन की गहराई भी खो देता है। जीवन उन लोगों को याद रखता है, जिन्होंने डर के बावजूद अपने हाथों में ब्रश उठाया और अपनी अनूठी कहानी रच दी।

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**नात्मनः पृथिवीं श्रियं कान्तारं वा पुनः प्रियम।**
**न स्पृहेत कश्चिद्यः समाधिस्थो मुनिर्भवेत॥**

**भावार्थ**

हे पार्थ ! जो साधक समाधि में स्थित हो जाता है, वह न तो सांसारिक संपत्ति की इच्छा करता है, न किसी स्थान की, और न ही किसी प्रिय वस्तु की।

# रोजगार मेला बिरला आईटीआई में 18 जून को

**रीवा।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत बिरला आईटीआई रीवा में 18 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 20 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 15 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में मदर्सन कंपनी प्रा. लि., देख भाल रीवा, मिंडा अरीका प्रा. लि. मानेसर गुरुग्राम, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस रीवा, सिटी कार प्रा. लि. सतना, जेके टायर्स मुरैना, प्रभा बायोप्लांटस प्रा. लि. रीवा, सीआईआई एमसीसी इंदौर की कंपनियाँ शामिल हो रही हैं।

# प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों को दिये गए सर्टिफिकेट



**रीवा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान मे जिला उत्कृष्ट मार्तंड क्र.1 में तीन दिवसीय भौतिक शास्त्र प्रयोग के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम में सहभागगिता प्रशिक्षण के समापन समारोह में प्राचार्य उत्कृष्ट मार्तंड क्र.1 जेपी जयसवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर व्यापक प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों को सर्टीफिकेट प्रदान किये। कार्यक्रम मे प्राचार्य लक्ष्मणपुर शाहिद परवेज एवं रीवा मऊगंज जिले के भौतिक शास्त्र के शिक्षक, लेक्चरर, उच्च माध्यमिक शिक्षकों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम डाइट रीवा के मार्गदर्शन में प्रायोगिक कार्य को सर्वोच्च वरीयता में रखने के लिए नई शिक्षा नीत की तहत आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म प्र भोपाल द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

**समान नागरिक संहिता : गणमान्य जनों ने दिए अपने सुझाव**

# भारत की संस्कृति व सभ्यता की रक्षा के लिए लिव इन पर लगे प्रतिबंध





## जीडीसी में उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न वर्गों और पक्षों से किया संवाद

जागरण, रीवा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक शासकीय कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित की गयी। बैठक में रीवा एवं मऊगंज के सामाजिक कार्यकर्ताओं, प्रबुद्धजनों, विधिक एवं प्रशासनिक संगठनों के प्रतिनिधि सहित विभिन्न वर्गों के गणमान्य जनों ने समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने सुझाव दिये।

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि इस संवेदनशील विषय पर सभी से विचार व सुझाव आमंत्रित किये गये हैं। सभी लोग इसमें अपनी सहभागिता निभाते हुए समान नागरिक संहिता के विषय में उपयोगी सुझाव दें। समिति के सदस्य कानूनविद अनूप नायर ने समिति गठन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य शासन द्वारा गठित यह उच्च स्तरीय समिति विवाह, भरण-पोषण, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार, लिव इन रिलेशन तथा अन्य पारिवारिक कानूनों से संबंधित विधिक सामाजिक एवं प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुशंसायें प्रस्तुत करेंगी। ऑनलाइन सुझाव यूसीसी डाट एमपी डाट जीओव्ही डाट इन पर भी दिये जा सकते हैं। बैठक में प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव, प्रो. आरपी गुप्ता, डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. वर्षा खरे, कैप्टन अशोक शर्मा, वन स्टाप सेंटर की शिवानी द्विवेदी तथा छात्राएं पूर्णिमा बुनकर व साशर्मा ने भी यूसीसी के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। कोल समाज के बसंतलाल कोल ने आदिवासी समाज को यूसीसी से बाहर रखने की बात कही। बैठक में प्राचार्य कन्या महाविद्यालय डॉ. विभा श्रीवास्तव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर स्वाती सूर्या, एसडीएम हुजूर डॉ. अनुराग तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन तथा अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश येंगल ने किया।

### सब एक साथ रह सकेंगे और बिखराव नहीं होगा

इससे पूर्व विषय प्रवर्तन करते हुए संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि जनपरामर्श की बैठक से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उपस्थित जन समान नागरिक संहिता के संबंध में अपने विचार खुले तौर पर रख सकते हैं। बैठक में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉ. मीना मिश्रा ने कहा कि दत्तक पुत्र के उत्तराधिकार के लिए कानूनी प्रक्रिया सुगम बनाई जाय साथ ही बहु विवाह के लिए कड़े प्रावधान किये जाय। रेडक्रास सोसायटी गोविंदगढ़ के चेयरमैन ममता नरेन्द्र सिंह ने कहा कि समान नागरिक संहिता के लागू होने में सब एक साथ रह सकेंगे और बिखराव नहीं होगा और महिलाओं को ज्यादा अधिकार मिलेगे। भारत की संस्कृति व मर्यादा को बचाये रखने के लिए लिव इन रिलेशन पर प्रतिबंध होना चाहिए। किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना शर्मा ने समान नागरिक संहिता को अनियमित चीजों को बांधने का माध्यम बताया।

### देश की एकता व अखण्डता अक्षुण्य रहेगी

जिला शांति समिति के सदस्य प्रमोद गुप्ता ने यूसीसी को लागू करने की बात कही। बाल कल्याण समिति के सदस्य अनिल अग्निहोत्री ने कहा कि यह संहिता लागू होने से देश की एकता व अखण्डता अक्षुण्य रहेगी। पत्रकार राहुल मिश्रा ने कहा कि लिव इन रिलेशन से समाज में विकृति आ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता सुमित ने संविधान की मूल भावना को बरकरार रखते हुए यूसीसी को लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि महिला व पुरूष को अधिकार मिले कि वह सहमति से लिव इन में रह सकें। जिला शांति समिति के सदस्य मोम्मद शेख ने अपने सुझाव देते हुए कहा कि यूसीसी के लिए स्वतंत्रता का हनन न हो। मुस्लिम धर्म व परंपरा को कायम रखते हुए इसे लागू किया जाय। उन्होंने लिव इन रिलेशन को विश्वास कम होने वाला संबंध बताया। अधिवक्ता एवं शांति समिति के सदस्य महमूद खान ने कहा कि यूसीसी को संपूर्ण देश में लागू करने के लिए संसद से बिल पास कराया जाय। इसे अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग स्वरूप में क्यों लागू किया जा रहा है।

# वेटरनरी कॉलेज में मनाया गया विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस




**रीवा।** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) मनदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह के दिशा-निर्देशन में पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय के वेटरनरी पब्लिक हेल्थ एवं एपिडेमियोलॉजी विभाग द्वारा को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने हेतु खाद्य सुरक्षा जागरुकता क्विज, ई-पोस्टर प्रतियोगिता तथा तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। छात्रों ने खाद्य सुरक्षा जागरुकता क्विज और ई-पोस्टर प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। उद्घाटन सत्र में, अधिष्ठाता डॉ. अजीत प्रताप सिंह ने वर्तमान और भविष्य के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा और खाद्य संरक्षा की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को बेहतर पशु स्वास्थ्य और पशुपालन के तरीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया, ताकि उपभोक्ताओं को पशुओं के सुरक्षित उत्पाद मिल सके और पशुओं में बीमारियों की रोकथाम हो सके। टेक्निकल सेशन डॉ. अनीता तिवारी, डॉ. योगेश चतुर और डॉ. सोमेश कुमार मेश्राम ने आयोजित किए। इन सत्रों के दौरान, छात्रों और कर्मचारियों को दुनिया और भारत में भोजन से होने वाली बीमारियों व भारत में खाद्य सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को नियंत्रित करने के नियमों और बीमारियों के बोझ को कम करने के व्यावहारिक समाधानों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बालेश्री दीक्षित, डॉ. के.क. मिश्रा, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. एस.डी. औदार्य, डॉ. राजेश रंजन, डॉ. उपेंद्र सिंह नरवरिया, डॉ. स्वतंत्र सिंह और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुलोचना सेन ने किया।

# अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए समुचित तैयारी रखें: कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी कलेक्टर्स को बाढ़ आपदा से निपटने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि अतिवृष्टि और बाढ़ से निपटने के लिए समुचित तैयारी रखें। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं करें। सभी जिलों में 15 जून से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम आरंभ कर दें। जिले में आपदा प्रबंधन समिति तथा इंसिडेंट रिस्पांस टीम का गठन कर लें। बाढ़ की आपदा से निपटने में सहयोग देने वाले विभिन्न विभागों के साथ बैठक करके आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था करें। जिले के बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्रों में नाव, मोटर बोट, रस्सी तैराक तथा बचाव दल की व्यवस्था करें।

# कलम परिवार की महिला शाखा कार्यकारिणी घोषित

## डॉ. अरुणा पाठक आभा अध्यक्ष, रश्मि शुक्ला 'किरण' बनीं कार्यकारी अध्यक्ष



**जागरण, रीवा।** विन्ध्य क्षेत्र की अग्रणी साहित्यिक संस्था विन्ध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार के संस्थापक नारायण डिगवानी की अनुशंसा पर अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा 'मणि' ने कलम परिवार की महिला शाखा कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की है। प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. अरुणा पाठक आभा को अध्यक्ष एवं रश्मि शुक्ला 'किरण' को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी वरिष्ठ महासचिव रामकृष्ण द्विवेदी ने दी। श्री द्विवेदी ने बताया कि नयी कार्यकारिणी में घोषित संरक्षक मंडल में रश्मि शुक्ला पूर्व संचालक शिक्षा विभाग ममता नरेन्द्र सिंह, डॉ. आरती तिवारी, डॉ. गीता शुक्ला गीत एवं इंदिरा अग्निहोत्री को शामिल किया गया है। अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष साधना तिवारी, अनुराधा पाण्डेय, अपूर्वा चतुर्वेदी को रखा गया है। महासचिव पद पर प्रिंसू अनिरुद्ध दुबे, सचिव सीमारानी झा, सहसचिव रागिनी सिंह, प्रतिभा दुबे, प्रचार सचिव स्नेहा त्रिपाठी खनक, सांस्कृतिक सचिव भौम्या चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुलेखा पटेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. अरुणा पाठक 'आभा' ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये वरिष्ठजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जल्द ही शपथ ग्रहण और मिलन समारोह कार्यक्रम करने की घोषणा की। कार्यकारी अध्यक्ष रश्मि शुक्ला 'किरण' ने कहा कि साहित्यिक महिला प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच देने के साथ नव प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य महिला शाखा करेगी। विन्ध्य साहित्यिक जगत के डॉ. चन्द्रिका प्रसाद चंद्र, डॉ. एन.जी.पाठक, जगजीवनलाल तिवारी कक्का, पन्नालाल अवस्थी, डॉ. रामसरोज द्विवेदी शांतिदूत, कमल किशोर मिश्रा कमल, रामसुन्दर द्विवेदी, रफीक रीवानी, जाम रीवानी, अमित द्विवेदी, एस.पी.तिवारी, विनोद भट्ट ने महिला शाखा गठन को एक क्रांतिकारी कदम बताते हुये कहा है महिला रचनाकारों को आगे अपना खुला मंच मिलेगा और उनकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा। सभी ने अपनी बधाइयां प्रेषित की हैं।

# शैक्षणिक परिवर्तन एवं नवाचार के बारे में दी जानकारी

## सरस्वती विद्यालय जेलमार्ग में आचार्य अभ्यास प्रारंभ



**जागरण, रीवा।** सरस्वती शिक्षा परिषद की वार्षिक कार्य योजना के अनुसार बुधवार से विद्यालय में पंच दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग का शुभारंभ रवि मिश्रा, विभाग समन्वयक (सरस्वती शिक्षा परिषद) रीवा विभाग के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ। आचार्य अभ्यास वर्ग का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में कार्यरत आचार्य की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के साथ-साथ उन्हें नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के कारण आने वाले शैक्षणिक परिवर्तन एवं नवाचार के बारे में विस्तार पूर्वक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान करना है। सभी आचार्य एवं दीदियों को पंचपदी शिक्षण पद्धति, शिक्षण में सहायक सामग्री का उपयोग एवं भैया बहनों को सर्वांगीण विकास हेतु बहुमुखी शिक्षण आयामों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने के बारे में जानकारी प्रदान करना, सभी छात्रों का सर्वांगीण विकास हो अर्थात वह शैक्षणिक गुणवत्ता प्राप्त करने के साथ-साथ नवीन शिक्षण तकनीक, शारीरिक विकास, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकास को भी अच्छे से समझें और पढ़ पाएं इसके लिए कारगर एवं विकासात्मक उपायों के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने से अवगत कराया गया। इस पंच दिवसीय अभ्यास वर्ग में सभी आचार्य गण विविध आयामों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात नवीन ऊर्जा एवं उत्साह के साथ अपडेट होकर नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए शिक्षा प्रदान करते हैं। आचार्य अभ्यास वर्ग का समापन 15 जून को किया जाएगा। परिषद द्वारा दिए गए निर्देश एवं विद्यालय के व्यवस्थापक घनश्याम दास तमेर से प्राप्त मार्गदर्शन के आधार पर आचार्य अभ्यास वर्ग का संचालन विद्यालय के प्राचार्य शिव कुमार शुक्ला द्वारा विद्यालय में किया जा रहा है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस: विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में होगा सामूहिक योग

## प्रशिक्षण 19 जून को, प्रतिभागियों को मिलेंगे प्रमाण-पत्र

**रीवा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून को विद्यार्थियों को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को योग के अनुरूप आरामदायक वेशभूषा धारण करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों को योग दिवस कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, 21 जून को आयोजित गतिविधियों की एकत्रित प्रतिवेदन रिपोर्ट 24 जून तक उच्च शिक्षा विभाग को भेजने के लिए कहा गया है।

# संवाद से सशक्त होता है परिवार, समाज और राष्ट्र: डॉ. बी.एल. मिश्रा

## ब्रह्माकुमारीज शांति धाम में संगोष्ठी आयोजित, नशा मुक्ति का दिलाया गया संकल्प



**रीवा।** अंतरराष्ट्रीय सभ्यताओं के बीच संवाद दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज शांति धाम झिरिया, सब जोन रीवा द्वारा सभ्यताओं के संवाद से विश्व शांति और मानवीय मूल्यों का विकास विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों तथा ब्रह्माकुमारीज परिवार के भाई-बहनों ने सहभागिता कर संवाद के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति संयुक्त संचालक स्वास्थ्य वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी.एल. मिश्रा ने कहा कि संवाद जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता है। संवाद के माध्यम से व्यक्ति सुख-दुःख का सहभागी बनता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा आत्महत्या जैसी घटनाओं में भी कमी लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि सकारात्मक संवाद स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति एवं सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमओ डॉ. एच. के. पांडे ने कहा कि संवाद केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि हृदयों को जोड़ने वाली एक सशक्त प्रक्रिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजयोगिनी बीके निर्मला बहन भोपाल जोन डायरेक्टर ने कहा कि परमपिता परमात्मा शिव हमारे दिल की हर बात जानते हैं।

# विंध्य डांस चैंपियनशिप 14-15 को फैशन शो का भी होगा आयोजन



**रीवा।** डीसेंट डान्स परिवार एवं द ताज इवेंट द्वारा 14 एवं 15 जून को कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में दो दिवसीय आयोजन विंध्य डान्स चैंपियनशिप एवं मिस्टर-मिस, मिसेज एंड किड्स फैशन शो आयोजित किया जाएगा। संस्था की डायरेक्टर एकता वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डीसेंट डान्स परिवार द्वारा मम्मी स्पेशल, रेन डान्स, मदर्स डे, फादर्स डे स्पेशल एवं ओल्ड इज गोल्ड जैसे अनेक सफल कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में इस वर्ष 14 जून को विंध्य डान्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के लिए गत दिवस ऑडिशन आयोजित किए गए थे। इसमें रीवा के 163 प्रतिभागियों के अलावा सतना, कटनी, जबलपुर, सीधी, सिंगरौली, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र एवं डिंडोरी सहित कई शहरों के प्रतिभागियों ने वीडियो ऑडिशन के माध्यम से सहभागिता की। निर्णायक मंडल द्वारा कुल 97 प्रतिभागियों का चयन फाइनल राउंड के लिए किया गया है, जो 14 जून को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# वनाधिकार के सामुदायिक दावों के निराकरण में आएगी तेजी: कमिश्नर

## वनों के उपयोग के साथ इसके प्रबंधन और संरक्षण की भी है जिम्मेदारी: श्री लेले




**जागरण, रीवा।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा कमिश्नर कार्यालय सभागार में वनाधिकार अधिनियम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत दावे बड़ी संख्या में मान्य किए गए हैं। सामुदायिक दावों के संबंध में राजस्व तथा वन विभाग के अधिकारियों के मन में कई शंकाएं थीं। कार्यशाला में दी गई तथ्यपूर्ण जानकारियों से सभी भ्रांतियाँ दूर हो गई हैं। सामुदायिक वनाधिकार दावे वनों के उपयोग के साथ-साथ इनकी सुरक्षा और संवर्धन का उत्तरदायित्व भी देते हैं। अब सामुदायिक दावों के निराकरण में तेजी आएगी।

कार्यशाला में प्रशिक्षण देते हुए बेंगलुरु से आए मास्टर ट्रेनर तथा विषय विशेषज्ञ शरद लेले ने कहा कि वनों में परंपरागत रूप से रहने वाले निवासियों को वन में निस्तार करने की सुविधा तथा वनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मिली हुई थी। कार्यशाला में बताया गया कि परंपरागत वनवासियों के लिए सामुदायिक दावे के रूप में मुक्तिधाम तथा देवस्थान तक जाने के अधिकार मान्य होंगे। कार्यशाला में उपायुक्त जनजातीय कार्य जेपी यादव ने वनाधिकार अधिनियम के प्रावधानों तथा कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी दी। संयुक्त आयुक्त जनजातीय कार्य भोपाल केके पवैया ने व्यक्तिगत तथा सामुदायिक दावों के प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में कलेक्टर सतना सतीश कुमार एस, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, कलेक्टर सीधी विकास मिश्रा तथा वन मण्डलाधिकारी रीवा लोकेश निरापुरे ने उपयोगी सुझाव दिए। कार्यशाला में सीसीएफ रीवा अनुराग कुमार, सीईओ जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर रीवा सपना त्रिपाठी, संभाग के सभी जिलों के वन मण्डलाधिकारी, सीईओ जिला पंचायत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास तथा एसडीएम एवं एसडीओ वन शामिल रहे। सिंगरौली जिले के कलेक्टर गौरव बैनल तथा अन्य अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल हुए।

# सोशल मीडिया की दुनिया का नया भारतीय विकल्प 'बूम फिलिप्स ऐप' रीवा से होगा लाँच

## फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य वैश्विक सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स को मिलेगी चुनौती

## स्थानीय कला, लोक संस्कृति, क्षेत्रीय भाषाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को दिया जाएगा बढ़ावा

**जागरण, रीवा।** सोशल मीडिया और डिजिटल संचार के तेजी से बढ़ते दौर में अब एक नया भारतीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म बूम फिलिप्स लॉन्च होने जा रहा है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य वैश्विक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को चुनौती देने के उद्देश्य से विकसित किए जा रहे इस ऐप की लॉन्चिंग की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। इस संबंध मे दावा किया जा रहा है कि यह प्लेटफॉर्म आधुनिक तकनीक और उन्नत सुविधाओं से लैस होगा। इसके साथ ही यह ऐप भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य और स्थानीय प्रतिभाओं को वैश्विक मंच प्रदान करने का कार्य करेगा। इसकी शुरुआत रीवा से होने जा रही है। एक सप्ताह के भीतर इस ऐप को रीवा से औपचारिक रूप से लॉन्च किया जाएगा। विंध्य क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात है कि इस डिजिटल पहल की शुरुआत रीवा से होने जा रही है। आमतौर पर बड़े तकनीकी प्रोजेक्ट्स की लॉन्चिंग महानगरों से होती है, लेकिन बूम फिलिप्स की टीम ने रीवा से लॉन्चिंग करने का निर्णय लेकर क्षेत्रीय प्रतिभाओं और स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देने का संदेश दिया है।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना में फिल्म निर्देशक एवं लेखक मनीष किशोर मुंबई, विनोद पटेल रीवा और निलेश चौधरी दिल्ली की महत्वपूर्ण भूमिका बताई जा रही है। टीम का दावा है कि यह केवल एक सोशल मीडिया ऐप नहीं बल्कि भारतीय रचनात्मकता, सांस्कृतिक विरासत और लोक प्रतिभाओं को समर्पित एक डिजिटल आंदोलन होगा। ऐप के निर्माताओं के अनुसार वर्तमान समय में अधिकांश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वैश्विक स्वरूप के हैं, जहां स्थानीय कला, लोक संस्कृति, क्षेत्रीय भाषाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को पर्याप्त स्थान नहीं मिल पाता। इसी कमी को दूर करने के उद्देश्य से बूम फिलिप्स को विकसित किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर देशभर के कलाकार, लेखक, कवि, लोकगायक, चित्रकार, फिल्म निर्माता, कंटेंट क्रिएटर और युवा प्रतिभाएं अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को दर्शकों तक पहुंचा सकेंगे। इस ऐप की विशेषता यह होगी कि प्लेटफॉर्म पर भारतीय भाषाओं और स्थानीय कंटेंट को प्राथमिकता देने की योजना बनाई गई है।

# शौर्य चक्र से सम्मानित वीर सपूत का रीवा आने पर हुआ भव्य स्वागत

## तीन गोलियां लगने के बाद भी आतंकवादी को किया ढेर, राष्ट्रपति के हाथों मिला सम्मान



**जागरण, रीवा।** विंध्य की धरती ने एक बार फिर देशभर में अपना गौरव बढ़ाया है। रीवा जिले के सिरमौर तहसील अंतर्गत ग्राम डेल्ही निवासी सीआरपीएफ जवान संजय तिवारी को उनकी अदम्य वीरता, असाधारण साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए देश के प्रतिष्ठित सैन्य सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। संजय तिवारी ने वर्ष 2024 में जम्मू-कश्मीर में चलाए गए एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान अद्वितीय बहादुरी का परिचय दिया था। मुठभेड़ के दौरान आतंकियों की तीन गोलियां लगने के बावजूद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और खूंखार आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी उस्मान लाहौरी को मार गिराया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने ऑपरेशन को सफल बनाते हुए कर्तव्य के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने के बाद जब संजय तिवारी पहली बार अपने गृह जिले रीवा पहुंचे तो उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। सामाजिक संगठनों, क्षेत्रीय नागरिकों और युवाओं ने उनका अभिनंदन कर उनके साहस को सलाम किया। इस अवसर पर संजय तिवारी ने कहा कि देश सेवा से बढ़कर कोई कर्तव्य नहीं है। उन्होंने रीवा और पूरे विंध्य क्षेत्र के युवाओं से राष्ट्र सेवा, अनुशासन और समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। संजय तिवारी की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार गौरवान्वित है, बल्कि पूरा रीवा और विंध्य क्षेत्र गर्व का अनुभव कर रहा है। उनका साहस युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

## लौवा कोठार में खेत बचाओ कार्यक्रम संपन्न

**रीवा।** खेत बचाओ कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत लौवा कोठार में किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक कृषि यू.पी. बागरी द्वारा किसानों को ई-टोकन प्रणाली से उर्वरक क्रय करने, मृदा परीक्षण द्वारा प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संतुलित उर्वरक के उपयोग, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा नरवाई प्रबंधन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कश्यप मिश्रा द्वारा हरी खाद का उपयोग, समन्वित पोषक तत्वों का प्रबंधन एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी कृषकों को दी गई।

## छः उपयंत्रियों का सात-सात दिन का वेतन राजसात

**जागरण, रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जिले के 6 उपयंत्रियों के सात-सात दिन के वेतन को राजसात करने का आदेश दिया है। जल गंगा संवर्धन अभियान एवं मनरेगा की प्रगति न्यून होने पर संबंधित उपयंत्रियों से स्पष्टीकरण चहा गया था संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर उपयंत्रियों का वेतन राजसात किया गया है। उपयंत्री जनपद पंचायत रीवा अरूण पटेल, उपयंत्री जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान हरेन्द्र साहू, उपयंत्री जनपद पंचायत गंगेव अरविंद द्विवेदी, उपयंत्री जनपद पंचायत सिरमौर राजीव मरावी, उपयंत्री जनपद पंचायत जवा विमलकांत गौतम एवं उपयंत्री जनपद पंचायत त्योंथर मनीष ओझा को कार्य के प्रति लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अवहेलना करने पर कार्य नहीं वेतन नहीं के आधार पर सात दिवस का वेतन राजसात करने का आदेश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिया गया है। उन्होंने आगाह किया है कि यदि उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति पायी जाती है तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 12 जून से लगेंगे जनकल्याण शिविर

### छूटे हुए सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें : प्रभारी कलेक्टर

**जागरण, रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के निर्देशों के अनुरूप 12 जून से 18 जून तक जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर का नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर अक्षत जैन ने कहा है कि प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालय तथा नगरीय निकाय में जनकल्याण शिविर का आयोजन करें। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं के छूटे हुए पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित करें। शिविरों के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करें। शिविर में आमजनता से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को संबंधित विभागों के माध्यम से सात दिन की समय सीमा में निराकृत करने की व्यवस्था कराएं। इन शिविरों में जिला और खण्ड स्तर के सभी अधिकारी शामिल होंगे। शिविरों में प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, वय वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा अन्य योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाएं।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


## रजिस्ट्री गुमी

मैं इन्द्रसेन यादव S/O वंश गोपाल यादव उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम मझिगवां थाना सोहागी हाल मुकाम सुमेदा कला थाना नईगढ़ी मैंने रजिस्ट्री क्रमांक MP328492024A1415102 दिनांक 29/3/24 को ग्राम सुमेदा कला में शिवानंद पाण्डेय से जमीन खरीदी थी। जिसकी रजिस्ट्री मेरे द्वारा कराई गई थी, रजिस्ट्री की मूल कापी जिसका रजिस्ट्री क्रमांक MP328492024A1415102 भूमि क्रमांक 265/2/1/2/1/1/1 (S) रकवा 0.041 है. है जो कि 23.05.2026 को गुम हो गई है, काफी प्रयास के बाद भी नहीं मिली जिसकी सूचना मैंने दी है।

इन्द्रसेन यादव
ग्राम मझिगवां, हाल मुकाम सुमेदा कला,
नईगढ़ी, जिला-मऊगंज, मोबा- 7828619875

RN-87546

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सतना म.प्र.

कमांक / वाहन / 2026/7597 — सतना, दिनांक 09. 06.26

**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

वर्ष 2026-27 में कार्यालय के अधीनस्थ संचालित शासकीय वाहनों के मरम्मत कार्य हेतु निविदाएं प्राप्त न होने के कारण स्थानीय शहर सतना के मैकनिको से दिनांक 18.06.2026 को सायकाल 4.00 बजे तक सील बन्द लिफ़ाफे में पुनः निविदाये आंमत्रित की जाती हैं । निविदा की शर्ते एवं निविदा प्रपत्र दिनांक 17.06.2026 तक कलपुर्जा की अपूर्ति . हेतु रू0 1500/- एवं मरम्मत कार्य हेतु 1000/- कार्यालय में नगद जमा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं । अमानत राशि के रूप में कलपुर्जो की आपूर्ति हेतु रूपये 25000/- जमा कराने एवं निविदा के लिये अमानत राशि के रूप में मरम्मत कार्य हेतु रूपये 5000/- की राशि फिक्स डिपाजिट मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना के नाम से संलग्न करना अनिवार्य होगा । प्राप्त निविदाये दिनांक 19.06.2026 को सांयकाल 5.00 बजे क्रय समिति एवं निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सतना म0प्र0

## कार्यालय अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/गृ.नि./2026/1559 — रीवा, दिनांक 10.06.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. रीवा की श्रीयुतनगर कालोनी अनंतपुर में प्लाट नं. 293 सदस्यता नं. 574 सदस्य श्री कौशल प्रसाद तिवारी पिता स्व. श्री सुरसरी प्रसाद तिवारी खुटेही रीवा का वारिसाना नामांतरण हेतु आवेदिका श्रीमती स्यामा देवी तिवारी पत्नी स्व. श्री कौशल प्रसाद तिवारी निवासी 50/2023 पारसनगर अनंतपुर रीवा म.प्र. ने प्लाट का वारिसाना अपने स्वयं के नाम (श्रीमती स्यामा देवी तिवारी) करने हेतु दिनांक 11.05.2026 को आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्तानुसार भूखंड / भवन वारिसाना नामांतरण में यदि किसी व्यक्ति /संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति के 15 दिवस के अंदर संस्था कार्यालय में प्रमाणित अभिलेखों सहित लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि पश्चात् कोई आवेदन/आपत्ति न तो ग्रहण की जायेगी और न ही मान्य की जावेगी। प्रकरण में यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो इस दशा में संस्था द्वारा प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा।

प्रबंधक
अनंतपुर गृह निर्माण सहकारी
समिति मर्या. रीवा (म.प.)

## कास्ता पाइप बेचना है

अजय ट्रेडिंग कंपनी गोलपार्क पुराना बस स्टैण्ड रीवा कास्ता पाइप के लिए संपर्क करें:- 9425185028

RN-87512 (12/6)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुविभाग सिरमौर/सेमरिया जिला-रीवा (म.प्र.)

//आम इश्तहार//

01. मु. रामसखी सिंह बेवा रामसुमिरन सिंह 02. रामकुमार सिंह पिता रामसुमिरन सिंह 03. पृथ्वीपाल पिता रामसुमिरन सिंह 04 भारगेन्द्र सिंह पिता रामसुमिरन सिंह 05. कमलेन्द्र सिंह पिता रामसुमिरन सिंह 06. समलेन्द्र सिंह पिता रामसुमिरन सिंह सभी निवासी ग्राम भमरा तहसील सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

..........अपीलार्थीगण

बनाम

01. बाबूलाल सिंह पिता इन्द्रमणि सिंह 02. शेषमणि सिंह पिता इन्द्रमणि सिंह 03. पारसनाथ सिंह पिता बाल्मीक सिंह सभी निवासी ग्राम भमरा तहसील सेमरिया जिला रीवा (म.प्र.)

...........उत्तरवादीगण

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा तहसीलदार तहसील सेमरिया के रा.प्र.क्र. 328/अ-6(अ)/2012-13 आदेश दिनांक 30.09.2013 के विरूद्ध धारा 44 (1) म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत अपील प्रस्तुत की गई है। अतः उक्त भूमि से संबंधित किसी को कोई आपत्ति हो तो लिखित रूप से मय अभिलेख साक्ष्य सहित 15 दिवस के अंदर न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि में कोई आक्षेप प्राप्त न होने पर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा। बाद में प्रस्तुत किसी भी प्रकार की आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक : 22.05.2026 को जारी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग सिरमौर /सेमरिया
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 85099

## सार्वजनिक सूचना

दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 06.06.2026 में उमेश श्रीवास्तव मोबाईल नं. 9424907565 एवं 8595741326 में प्रकाशित सूचना की सगरा पोस्ट आफिस के सामने रीवा में 20X84 मेन रोड में डबल साईड रोड का घर साथ में 0.35 ए. जमीन बेचना है के खंडन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त मेन रोड में उमेश श्रीवास्तव द्वारा जो डबल साईड रोड का घर होने के संबंधी सूचना प्रकाशित की गयी है वह पूरी तरह गलत है उक्त उमेश श्रीवास्तव के मकान के सामने तरफ एकमात्र रास्ता है तथा मकान के उत्तर तरफ जो रास्ता दर्शित कर सूचना प्रकाशित की गयी है उक्त रास्ता मेरे पक्षकार सतेन्द्र श्रीवास्तव व अजय श्रीवास्तव के स्वत्व व आधिपत्य की भूमि नं. 277/1/2/1/2 एवं 277/1/2/1/1 पर स्थित है जो उनके द्वारा अपने स्वयं के उपयोग व उपभोग के लिए निर्मित कराया गया है जिसमें किसी अन्य व्यक्ति का कोई हक व अधिकार नहीं है और न ही किसी तृतीय व्यक्ति द्वारा उमेश श्रीवास्तव के मकान को क्रय करने के उपरांत उक्त मार्ग का उपयोग एवं उपभोग करने का हक व अधिकार ही होगा, क्योंकि उक्त मार्ग पर उमेश श्रीवास्तव का कोई हक व अधिकार नहीं है और यदि कोई उक्त सूचना के आधार पर क्रय करता है तो उसे उक्त माकान के उत्तर तरफ कायम रास्ते में कोई हक व अधिकार नहीं होगा।

लखन प्रताप सिंह (एडवोकेट)
वास्ते-सतेन्द्र श्रीवास्तव,
अजय श्रीवास्तव
साकिन सगरा जिला रीवा म.प्र.

RN-85100

## नाम सुधार सूचना

मैं, सेना क्रमांक 10437813Y हवलदार बिरेन्द्र खड़का, निवासी साईनाथ सदन निवास, तहसील नासिक, जिला नासिक, महाराष्ट्र 422407, एतद्द्वारा सार्वजनिक रूप से सूचित करता हूँ कि मैंने अपनी पत्नी का नाम 'सुलोचना' से परिवर्तित कर 'सुलोचना खड़का' कर दिया है। यह परिवर्तन दिनांक 05.06.2026 के शपथ पत्र (Affidavit) के अनुसार किया गया है। अतः भविष्य में मेरी पत्नी का सही एवं पूर्ण नाम 'सुलोचना खड़का' समस्त अभिलेखों में सुर्धार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व माना जाए ।

RN- 85098 — हवलदार बिरेन्द्र खड़का

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/ झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-मुख्यालय-2026-140

**कार्य का नामः** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी/ईस्ट- रिप्लेसमेंट ऑफ़ ओल्ड मनालोरे टाइल्ड रूफ विथ आरसीसी स्लैब/जीआई शीटिंग इन ए, बी एंड सी टाइप क्वार्ट्स

**अनुमानित लागतः** ₹ 37324747.35 | **अमानत राशिः** ₹ 746500.00

**निविदा बन्द होने की तिथिः 06.07.2026 at 15.00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

- निविदा दिनांक **06.07.2026** को **15.00** बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

1320/26 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद मऊगंज जिला-मऊगंज ( म.प्र. ) ULB Code-802187

क्र./स्व.भा.मि./2026/473 — दिनांक: 26.05.2026

**सार्वजनिक-सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं, जो दिनांक 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गए हैं, निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू कर दिये गये हैं।

उक्त नियम के नियम क्र.3 (झ/i), 6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक (Bulk Waste Generator (BWG) की श्रेणी के लिए वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार थोक कचरा उत्पादक की परिभाषा इस प्रकार है-

भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित वो इकाइयां जो निम्नलिखत मानदंडों में से कम से कम एक को पूरा करते हो-

(i) 20,000 वर्गमीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल (Floor Area) वाले भवन या
(ii) प्रतिदिन 40,000 लीटर पानी की खपत या
(iii) प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट उत्पादन सम्मिलित है।

''उपरोक्त दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में ही कचरे का निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा निकाय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। यदि उल्लेखित संस्थान आदि उक्त अधिनियम का उल्लंघन करते पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी एवं राशि रूपये 500/- प्रतिदिन के मान से अर्थदंड आरोपित किया जायेगा।''

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् मऊगंज
जिला-मऊगंज ( म.प्र. )

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं-JHS/Comm/e-Auction /26/149 — दिनांक :09.06.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य )- झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई -नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणीः पार्सल | केटलॉग संख्या : JHS-SLR-03 |
|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | |
| 1- ट्रेन संख्या -11086 में 01 एसएलआर-एफ-। | |
| ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांक -24.06.2026 को समयः - 12:00 से | |
| ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांक -24.06.2026 को समयः - 12:30 तक | |

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अतंर्गत उपलब्ध है । 1317/26(DG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं.: JHS/Commercial/e-Auction/26/188 — दिनांकः 09.06.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणीः प्रचार | केटलोग संख्याः JHS-NFR-ADV-63 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्सः E-Auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन :- (1)** Advertisement right on exterior portion (Full Face) of the coaches of following Train No. (02 TRAIN) : 11801/02, 22195/96-02199/200-22197/98 & 34 LOCOMOTIVE **(2)** Advertisement right on exterior portion (BELOW WINDOW) of the coaches of following Train No. (01 TRAIN): 01823/24

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः दिनांक 25.06.2026 को समय- 11:00 से**

**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः दिनांक 25.06.2026 को समय- 12:00 तक**

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1318/26(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद सिरमौर, जिला-रीवा (म॰प्र॰)

cmosirmor@mpurban.gov.in

क्रमांक/930/e-tendering/NP/2026 — सिरमौर, दिनांक 09.06.2026

**ई-निविदा सूचना-प्रथम आमंत्रण**

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत फर्म/ अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर परिषद सिरमौर जिला-रीवा म.प्र. में वित्त वर्ष 2026-27 हेतु निम्नानुसार कॉलम में वर्णित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दरों की आवश्यकता है। जिस हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/आपूर्ति कर्ताओं से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | आपूर्ति मद का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_514098_1 | Tent सामग्री की आपूर्ति | 10.00 लाख | 1. 2000/- 2. 10000/- | 27.06.2026 |

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्री संदीप सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद सिरमौर, जिला - रीवा (म.प्र.)
सुश्री नेहा शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सिरमौर, जिला - रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय नगर परिषद कोटर जिला.सतना म.प्र.

क/स्व.भामि./ 2026/330 — कोटर दिनांक 10/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्टप्रबंधन नियम 2026 अधिसूचित किए गए हैं जो दिनांक 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गए हैं और निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत नवीन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू कर दिये गए हैं।

उक्त नियम के नियमक 3 (झ /i ) 6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक (Bulk Waste Generator (BWG) की श्रेणीके लिए वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार थोक कचरा उत्पादक की परिभाषा इस प्रकार है :-

भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित वो इकाइयां जो निम्नलिखत मानदंडों में से कम से कम एक को पूरा करते होः -

(1) 20,000 वर्ग मीटर या उससे अधिक क्षेत्रफल (Floor Area) वालेभवन या
(2) प्रतिदिन 40,000 लीटर पानी की खपत या
(3) प्रतिदिन 100 किलो ग्राम ठोस अपशिष्ट उत्पादन सम्मिलित है

उक्तानुसा निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैरीज गार्डन, होटल रेस्टोरेन्ट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ एवं अन्य संस्थान आदि जो कम से कम एक मानदंड को पूरा करते है तो वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम.2026 के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जावेंगे। ऐसे थोक कचरा उत्पाद को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम.2026 का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**थोक कचरा उत्पादक हेतु दिशा निर्देश.**

1. सभी थोक कचरा उत्पादकों को केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार केन्द्रीकृत पोर्टल (Centralised Portal) पर पंजीयन कराया जाना अनिवार्य है। 2. संस्थान में उत्पन्न गीले, सूखे एवं घरेलु खतरनाक अपशिष्ट को पृथक्कीकृत कर एकत्र करना। 3. एकत्र गीले कचरे का संस्थान में ही निष्पादन करना। 4. पिट कम्पोस्टिंग बायोगेस या ओडब्यूसी मशीन या अन्य माध्यमों से कचरे का निष्पादन करना। 5. प्रतिदिन उत्पन्न कचरे के नियमानुसार प्रबंधन हेतु केयर टेकर को नियुक्त करना। 6 निष्पादित गीले कचरे से उत्पन्न खाद का उपयोग करना। 7. संस्थान से निकलने वाले सूखे एवं अन्य अपशिष्ट को निकाय के अधिकारिक कचरा संग्राहक को सौंपना। 8 प्रतिदिन प्रसंस्कृत किये गये गीले अपशिष्ट एवं उत्पन्न खाद की लॉग बुक का संधारण करना। 9 यदि संस्थान अपने परिसर में ही गीले कचरे के प्रसंस्करण करने में असमर्थ है तो नियमानुसार निकाय अथवा निकाय द्वारा अधिकृत संस्थान से गीले कचरे के प्रसंस्करण हेतु अनुबंध निष्पादन कर निकाय से विस्तारित थोक अपशिष्ट जनित उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र (Extended Bulk Waste Generator Responsibility (EBWGR) Certificate) प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। 10. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के नियम क 6 एवं 10 में वर्णित समस्त प्रावधानों का पालन किया जाना अनिवार्य है। उपरोक्त दिशा.निर्देशोंका पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में ही कचरे का निष्पादन किया जाना सुनिश्चित करें अन्यथा निकाय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। यदि उल्लेखित संस्थान आदि उक्त अधिनियमका उल्लंघन करते पाए जाते है तो संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं राशि रूपये / जैसा निकाय द्वारा निर्णय लिया जायेद्ध प्रतिदिन के मानसे अर्थदण्ड आरोपित किया जाएगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद् कोटर जिला.सतना म.प्र.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म0प्र0)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू00 11 / नि.प्र. / व.ले.लि./ का0य0 / लो0स्वा0या0वि0 / 26-27 सीधी दिनांक 05.06.2026

निम्न कार्यो हेतु निविदा आनलाईन वेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22.06.2028 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 24.06.2026 को 11:00 बजे है निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Balance work of Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in Villages Nakjhar Kala and Nakjhar Khurd Block -SIHAWAL District - SIDHI.

| S. N. | Tender ID | Name of Block | PAC(RS .in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | No. Of Call |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_513646_1 | Sihawal | 231.49 | 231490 | 15000 | II Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म0प्र0 )

G-14193/26

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी

Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 06 / 2026-27 — सीधी, दिनांक 05.06.26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संसोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र - 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : -

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1कृअमानत राशि 2कृनि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_PWDRB_513574 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत राजडीहा से बाल्हया व्हया मलखम मार्ग लं. 7.80 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 245.76 | 1. 245760 2. 15000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_513575 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत मातखानिया कुंदरिया से जोवा मार्ग लं. 9.40 किमी. में विशेष मजबूतीकरण कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 237.71 | 1. 237710 2. 15000 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2026_PWDRB_513576 | उपसंभाग चुरहट एवं सीधी अन्तर्गत चुरहट अमिलिया सिहावल (एमडीआर) मार्ग लं. 23.00 किमी. में P.B.M.C. कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 380.20 | 1. 380200 2. 15000 | 1. तृतीय आमंत्रण 2 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2026_PWDRB_513577 | उपसंभाग चुरहट अन्तर्गत कंधवार ग्राम पहुंच मार्ग लम्बाई 1.00 कि.मी., कंधवार वार्ड 01 से 08 पहुंच मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी., हटवा बढोना मार्ग लम्बाई 1.65 एवं बड़ी मऊ कैमोर पहाड़ मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी कुल लम्बाई 7.65 कि.मी में बी.टी. नवीनीकरण कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 11.04.2025 | 69.29 | 1. 69290 2. 10000 | 1. तृतीय आमंत्रण 2 04 माह |
| | | योग :- | 932.96 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 11.06.2026 सुबह 10.00 से 29.06.2026 शाम 6.00 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य तकनीकी विड से संबंधित अभिलेख (लिफाफा-अ एवं ब), स. क्र. 01 से 03 हेतु सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(अनामिका सिंह)
कार्यपालन यंत्री
लो0नि0वि0, संभाग सीधी (म.प्र)

G- 14181/26

## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/2078/प्र.आ.यो./2026 — सिंगरौली दिनांक 10.06.2026

**// दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना//**

एतद् द्वारा समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र सिंगरौली में वार्ड क्रमांक 01 से 45 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 EWS AHP घटक (शहरी) के आवसों को प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों के द्वारा किये गये आवेदन आवंटन हेतु प्रतीक्षा सूची मे दर्ज हितग्राहियों को पात्रता हेतु वार्ड प्रभारी, उपयंत्री एवं सहायक यंत्री से परीक्षण कराया गया है, परीक्षण में निम्नांकित हितग्राहियों की सूची पात्र पाई गई है। ऐसे हितग्राहियों की सूची निम्नानुसार है:-

| S.No. | WARD | NAME | HUSBAND/FATHER'S NAME | ADDRESS | AADHAR No. | SAMAGRA ID |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | RITI CHANDARVANSHI | DEVENDAR KUMAR CHANDARVANSHI | BILAUNJI | 245787436784 | 43362970 |
| 2 | 40 | KULDEEP SINGH | BRIJMOHAN SINGH | TALI WAIDHAN | 281702699954 | 45723099 |
| 3 | 43 | SWAPAN KUMAR PAL | RADHA KANT PAL | HIRVAH | 430085682341 | 51201135 |
| 4 | 43 | ASHISH KUMAR UPADHYA | LALANRAM UPADHYA | SINGRAULIYA | 788033747775 | 47873689 |
| 5 | 32 | PANKAJ KUMAR JAISHWAL | PANNALAL JAISHWAL | NAVJEEVAN VIHAR | 675574642193 | 48915824 |
| 6 | 45 | NEHA SINGH | TEJWANT DEEPAK KUMAR SINGH | AMLORI | 629843299735 | 27882665 |
| 7 | 23 | LOLI BAI | BANWARI LAL JAISHWAL | NAWANAGAR | 494360377028 | 51104622 |
| 8 | 42 | SHAHIN | EKRAM SIDDOQUE | BILAUJI | 330222268303 | 45657745 |
| 9 | 45 | MANJEET KOUR | KHUSHHAL SINGH | NAUGARHI | 962237813277 | 50070146 |
| 10 | 43 | BABU LAL SHAH | GULLU PRASAD SAH | HIRWAH | 450339783843 | 35473835 |
| 11 | 43 | BRIJESH KUMAR SHAH | CHHOTE LAL SHAH | HIRWAH | 296205269081 | 40398483 |
| 12 | 35 | SUSHILA SAKET | DINESH KUMAR SAKET | GREEN HART VINDHYANAGAR | 402478565667 | 91311536 |
| 13 | 45 | BRIJESH KUMAR VISHWAKARMA | UMESH KUMAR VISHWAKARMA | NAUGARH | 379941769233 | 48413094 |
| 14 | 43 | MANJU SINGH | VISHNU BAHADUR SINGH | SINGROLIYA | 551653455804 | 30849875 |
| 15 | 44 | RAVIKANT TIWARI | ASHOK TIWARI | TELAI | 487454483449 | 33290113 |
| 16 | 45 | SANJAY KUMAR VISHWAKARMA | RAMNARESH VISHWAKARMA | NAUGARHI | 951818120476 | 30320520 |
| 17 | 03 | ATISH KUMAR PANSA | JAIRAJ | CTI BASTI | 288533133785 | 35471715 |

उपरोक्त सूची के संबंध यदि किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 17.06.2026 को समय 5.00 बजे दोपहर तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावें आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर पालिक निगम सिंगरौली एवं प्रधानमंत्री आवास सूचना पटल पर आम चस्पा कि गई है, जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, सिंगरौली

## संक्षिप्त खबरें

### महिला आयोग अब फोन पर भी सुनेगा शिकायतें

**विसं, भोपाल।** राज्य महिला आयोग ने बुधवार को टोल फ्री नंबर जारी किया है। इसके जरिए महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग के पास पहुंचा सकती हैं। भोपाल स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेखा यादव, सदस्य श्रीमती साधना स्थापक तथा आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने हेल्पलाइन का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रीमती यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को न्याय और सहायता तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई टोल-फ्री हेल्पलाइन महिलाओं और आयोग के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगी, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए उपयोगी होगी जो किसी कारणवश सीधे आयोग तक नहीं पहुंच पाती हैं। इस मौके पर सदस्य साधना स्थापक ने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और न्यायपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता, गंभीरता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र राहत मिल सके।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक कार्यक्रम

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2026 को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# मीनाक्षी का नामांकन रद्द होने पर कांग्रेस ने दिनभर रखा उपवास

## राज्यसभा चुनाव: राजधानी सहित प्रदेश के दूसरे जिला मुख्यालयों में भी दिया धरना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र खारिज होने के विरोध में कांग्रेस ने बुधवार को दिनभर उपवास रखा। इस मौके पर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के अलावा पार्टी के लगभग सभी बड़े नेता मौजूद रहे। राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर प्रदेश कांग्रेस ने शाम चार बजे तक उपवास कर धरना दिया। नेताओं ने मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त करने की कार्रवाई को लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राजनीतिक दबाव के चलते लिया गया है। नेताओं ने कहा कि इस लड़ाई में जिस तरह से सभी विधायक और दल के नेताओं ने एकजुट होकर लड़ाई लड़ी है, उसी के दम पर हम भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएंगे। राजधानी की तरह प्रदेश के दूसरे जिला मुख्यालयों में भी कांग्रेस नेताओं ने उपवास रखकर धरना प्रदर्शन किया। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक भी मौजूद रहे।

**नेताओं ने दिल्ली पर बनाए रखी नजर:** उपवास पर बैठे नेताओं ने पूरे समय दिल्ली में निर्वाचन आयोग से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुलाकात और उसके बाद आयोग के निर्णय की बारे में जानकारी ली। कुछ नेता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं के संपर्क में रहे।




### राष्ट्रपति से लगाएंगे गुहार

कांग्रेस विधायक शुक्रवार को नई दिल्ली जाकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से न्याय की गुहार लगाएंगे। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राष्ट्रपति से समय मांगा है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गुरुवार को दिल्ली पहुंचेंगे, जहां उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ मुलाकात होगी। बताया गया है कि कांग्रेस ने 11 जून को दिल्ली में अहम बैठक बुलाई है, जिसमें मध्यप्रदेश से आने वाले वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।



### ये कहा नेताओं ने

**दिग्विजय सिंह:** संसदीय जीवन में मुझे 50 साल हो गया है। मंगलवार को मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की हत्या हुई। मैंने आधा समय विपक्ष और आधा समय सत्तापक्ष में बिताया है। विपक्ष में रहते हमने अटल जी का शासन भी देखा है। तब नियम और कानून की इज्जत थी। लोग डरते थे कि नियमों का उल्लंघन होगा,तो कड़ी कार्रवाई होगी।

**हरीश चौधरी:** इस घटनाक्रम ने भाजपा का असली चेहरा सबके सामने ला दिया है। जिस तरह से नामांकन खारिज कराया गया, वह सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा है। हम इस घटना को पूरे प्रदेश की जनता के पास लेकर जाएंगे।

**जीतू पटवारी:** पार्टी विधायक भाजपा के धनबल और एजेंसियों के दबाव के आगे झुके नहीं, इसी कारण भाजपा को अंत में संविधान को ताक पर रखकर मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त करवाना पड़ा। हमारी यही एकजुटता मध्यप्रदेश से भाजपा को हटाएगी।

**उमंग सिंघार:** भाजपा सरकार के दबाव में झूठ और संगठित षडयंत्र के माध्यम से मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त कर लोकतंत्र की हत्या की गई है। यह घटना लोकतांत्रिक मूल्यों,संवैधानिक मर्यादाओं एवं निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

**सज्जन सिंह वर्मा:** पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा का एजेंट है,उनसे न्याय की उम्मीद नहीं है,क्योंकि आयोग भाजपा का हेड क्वार्टर बन गया है। उन्होंने कहा कि हम नामांकन निरस्त करने वाले अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग करेंगे।

**जयवर्धन सिंह :** पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि भाजपा जब खरीद-फरोख्त में सफल नहीं हो सकी,तो उसने प्रशासनिक और कानूनी रास्तों का सहारा लेकर कांग्रेस की प्रत्याशी को चुनाव से बाहर करने की कोशिश की।

**डॉ. विक्रात भूरिया:** आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि पार्टी नेताओं और विधायकों ने जिस तरह से एकजुट होकर मीनाक्षी नटराजन के नामांकन रद्द होने की लड़ाई लड़ी है और जिसके लिए कार्यकर्ताओं का भरपूर साथ मिला है,ऐसे में अब हमें न्याय की लड़ाई को तेज करना होगा। उन्होंने कांग्रेसियों से कहा कि अगर न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते और सड़कों पर आग नहीं लगा सकते,तो राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए।

**हेमंत कटारे:** रिटर्निंग अफसर अरविंद शर्मा के खिलाफ कांग्रेस मोर्चा खोलेगी। 15 दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर की कुंडली खोल दूंगा। शर्मा आरएसएस के कार्यकर्ता है। इनके खिलाफ विधानसभा के अगले सत्र के दौरान निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा।

# पीडब्ल्यूडी में प्रशासनिक सर्जरी शुरू, ईएनसी राणा को हटाया

### चीफ व सुपरिटेंडिंग इंजीनियरों के भी तबादले करने की तैयारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के प्रभारी प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा का तबादला सड़क विकास निगम में कर दिया गया है। मंगलवार देर रात जारी तबादला आदेश के मुताबिक उनकी जगह जबलपुर में पदस्थ प्रभारी मुख्य अभियंता आरएल वर्मा को नया प्रभारी ईएनसी बनाया गया है। आधिकारिक तौर पर भले ही इसे नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया बताया जा रहा है, लेकिन इस बदलाव के पीछे विभाग के मंत्री राकेश सिंह की नाराजगी मानी जा रही है।

सूत्रों के मुताबिक मंत्री विभाग में कामकाज की धीमी रफ्तार से खुश नहीं थे। खासतौर से भोपाल में बने 90 डिग्री ओवरब्रिज, तबादलों की बढ़ती पेंडेंसी और विभाग के अन्य इंजीनियरों के साथ बेहतर तालमेल न होने को राणा के हटाए जाने का मुख्य कारण माना जा रहा है। विभाग के सूत्रों के अनुसार केपीएस राणा को हटाने को लेकर मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव से भी चर्चा की थी। ऐसे में तबादलों का सीजन शुरू होते ही मंत्री ने तत्काल प्रभाव से विभाग की कमान अपने गृह जिले के अफसर को सौंपने का फैसला ले लिया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मंत्री राकेश सिंह अपने विभाग में हर फाइल पर तेजी से फैसला चाहते हैं और राणा के दफ्तर में कई फाइलें महीनों तक अटकी रहती थीं। इधर, जबलपुर में पदस्थ रहे आरएल वर्मा को अब भोपाल लाया गया है।

# आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत: हेमंत

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर राजधानी में भाजपा ने मनाया जश्न

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने पर जश्न मनाया। राजधानी सहित प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता,सरकार के मंत्री व विशिष्टजन मौजूद रहे। भोपाल में हुए कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं। कांग्रेस के आधे विधायक भी उनके साथ विमान से नहीं जा रहे थे तो यह कांग्रेस पार्टी की गलती है। कांग्रेस ने नामांकन-पत्र में गलत जानकारी दी, यह कांग्रेस पार्टी और उनकी प्रत्याशी की गलती है या जानबूझकर अपराध को छिपाया गया यह



कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए। नामांकन निरस्त होने से कांग्रेस की आंतरिक कलह, गुटबाजी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से मध्यप्रदेश की जनता के सामने आ गई है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि पीएम के 12 वर्ष गरीब कल्याण, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम काल है। जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों का जीवन बदलने का कार्य किया जा रहा है। ये 12 वर्ष विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के रूप में दर्ज हुए हैं। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा दे रहा है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ऐतिहासिक कार्यकाल राष्ट्रसेवा, समर्पण और जन विश्वास का प्रतीक है। आज देश का प्रत्येक नागरिक गर्व के साथ भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री जी का 4399 दिनों का यह ऐतिहासिक कार्यकाल राष्ट्रसेवा, समर्पण और जनविश्वास का प्रतीक है।

# मौसम के दो रंग: आधे प्रदेश में तपन, तो आधे झमाझम बारिश



### इन जिलों में तेज हवा और बिजली गिरने का अलर्ट

रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, जबलपुर, सागर, छतरपुर समेत कई जिलों में 50 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। इस दौरान गरज-चमक और वज्रपात की संभावना भी है। इधर बुधवार को प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान केवल 18.6 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी भोपाल मे भी बुधवार को अधिकतम तापमान 40.54 डिग्री रिकार्ड हुआ जो सामान्य से लगभग दो डिग्री अधिक है। इसी तरह भोपाल में न्यूनतम तापमान भी 27.6 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा है।

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के मौसम में दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। बुधवार को जहां राच्य का एक हिस्सा भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहा, वहीं दूसरे हिस्से में गरज-चमक के साथ बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना जताई है, जिसके बाद प्रदेशवासियों को उमस और गर्मी से राहत मिल जाएगी। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक अगले दो दिन बाद प्रदेश के आसमान पर बादल अपना डेरा जमा लेंगे और उसकी वजह से प्रदेश के सभी जिलों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर जाएगा। फिलहाल प्रदेश में दिन के समय नमी के कारण लोगों को दोपहर के समय तीखी तपन का अहसास हो रहा है।

**दो दिन बाद मिलेगी पूरी राहत, गिरेगा पारा**

### बुंदेलखंड, ग्वालियर-चंबल में लू और गर्मी का सितम

प्रदेश के कई जिलों में गर्मी का असर अब भी बना हुआ है। बुधवार को खजुराहो प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां लगातार दूसरे दिन अधिकतम तापमान 46.0 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा दतिया, राजगढ़, रीवा, टीकमगढ़, नौगांव और ग्वालियर में भी पारा 42 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। खजुराहो में लू भी चली। इधर, राच्य के दूसरे हिस्से में प्री-मानसून एक्टिव हो गया है। पिछले 24 घंटों में शाहपुरा-जबलपुर में 29.3 मिमी, पाटन में 15.8 मिमी और कुरई में 15.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# त्विषा केस: एम्स ने सीबीआई को सौंपी सीक्रेट पीएम रिपोर्ट, सुको में होगी पेश

## लिफाफे में सीलबंद है मौत का असली कारण, जल्द हो सकता है खुलासा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के बहुचर्चित त्विषा शर्मा की संदिग्ध मौत की असली वजह का जल्द ही खुलासा हो जाएगा। इस मामले में कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली एम्स ने बुधवार को तैयार की गई दूसरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सीबीआई को सौंप दी है।

इस रिपोर्ट को फिलहाल सीलबंद लिफाफे में रखा गया है और इसे सुप्रीम कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस रिपोर्ट में हुए खुलासे से ही त्विषा की मौत की असली वजह सामने आएगी। इस मामले में त्विषा के परिजनों ने एम्स भोपाल की पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बजाय एम्स दिल्ली की टीम से शव का पोस्टमार्टम कराने की गुहार कोर्ट से लगाई थी। अदालत के आदेश के बाद एम्स दिल्ली से आई टीम ने भोपाल एम्स में रखे त्विषा के शव का उसकी मौत के 14 दिन बाद परीक्षण किया था।

### अंतिम 3 घंटों पर सीबीआई का फोकस

फिलहाल सीबीआई के अफसर इस रिपोर्ट को गोपनीय रखे हुए हैं। जांच एजेंसी से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों का कहना



है कि सीबीआई अब इस मेडिकल रिपोर्ट और अब तक जुटाए गए सबूतों का मिलान कर रही है। यदि रिपोर्ट में कोई बड़ा खुलासा या नई बात सामने आती है, तो जांच एजेंसी फिर से बड़ा एक्शन ले सकती है। ऐसे में संभावना है कि जेल में बंद त्विषा के पति समर्थ सिंह और सास गिरिबाला सिंह से दोबारा पूछताछ की जाए। इसके लिए सीबीआई उन्हें फिर से रिमांड पर ले सकती है। इसके अलावा, मामले को सुलझाने के लिए सीबीआई की टीम त्विषा के मोबाइल और लैपटॉप के डिजिटल डेटा को भी खंगाल रही है। एजेंसी डिलीट किए गए उन मैसेज, कॉल रिकॉर्ड और वीडियो को रिकवर करने की कोशिश कर रही है, जो मौत के ठीक पहले की सच्चाई बयां कर सकते हैं। जांचकर्ताओं का मानना है कि यही इलेक्ट्रॉनिक सबूत इस केस की सबसे बड़ी कड़ी साबित होंगे।

### शरीर पर चोट, लेकिन आत्महत्या या हत्या के बीच झूल रही जांच

सीबीआई अभी तक इस मामले के हर पहलू को बारीकी से देख चुकी है। रिमांड के दौरान टीम ने सीन ऑफ क्राइम का री-क्रिएशन कर यह भी जानने की कोशिश की थी कि उसकी मौत के बाद समर्थ और गिरिबाला ने उसे फंदे से किस तरह उतारा था। इसके अलावा, सीबीआई जांच का फोकस फिलहाल त्विषा की गर्भावस्था, गर्भपात और मौत के समय पर भी है। पहले पोस्टमार्टम में शरीर पर चोटों के निशान की बात सामने आई थी। फिलहाल, इस मामले के मुख्य आरोपी त्विषा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह भोपाल सेंट्रल जेल में 16 जून तक न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने एमपी पुलिस द्वारा दर्ज दहेज प्रताड़ना, आत्महत्या के लिए उकसाने और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों में ही उन्हें आरोपी बनाया है। सीबीआई अपनी इस जांच रिपोर्ट की फाइल भी सुप्रीम कोर्ट के सामने रखेगी। इसके बाद अदालत के आदेश और नई पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच तय होगी।

**तबादला** पंचायत विभाग ने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को भेजे निर्देश, ससुराल में भी नहीं मिलेगी पदस्थापना

# पैतृक गांव की ग्राम सभा में पदस्थ नहीं होंगे पंचायत सचिव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार के पंचायत विभाग ने अपने ग्राम पंचायतों के सचिवों की पदस्थापना को लेकर नए नियम बना दिए है। जिसमें अब कोई भी सचिव न तो अपने पैतृक गांव में पदस्थ हो सकेगा और न ही उनकी पदस्थापना ससुराल की ग्राम पंचायतों में की जाएगी। प्रदेश में चल रही तबादला प्रक्रिया के बीच पंचायत विभाग ने पंचायत सचिवों की पदस्थापना को लेकर नए आदेश जारी कर दिए हैं। इस संबंध में सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा ऐसे सचिव जहां पर उनके रिश्तेदार सरपंच,उपसंरच या पंच के तौर पर निर्वाचित है, वहां पर भी सचिवों की पदस्थापना नहीं की जाए। निर्देश में कहा गया है कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से होना चाहिए। विभाग ने सीईओ जिला पंचायतों से साफ तौर पर कहा है कि ऐसे सभी सचिव जो एक ही ग्राम पंचायत में 10 या इससे ज्यादा समय से कार्यरत हैं,उन्हें प्राथमिकता के अन्य पंचायतों में स्थानांतरित किया जाए। यदि ऐसे कर्मचारियों की संख्या निर्धारित सीमा से अधिक होती है,तो सबसे अधिक अवधि से एक ही स्थान पर पदस्थ सचिवों को पहले हटाया जाए। निर्देश में यह भी कहा गया है कि ऐसे पंचायत सचिव जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता, गंभीर शिकायतें, अनुशासनात्मक प्रकरण, लोकायुक्त या ईओडब्ल्यू की जांच चल रही हो, उनके स्थानांतरण विभागीय मंत्री की मंजूरी के बाद ही कार्रवाई की जाए।



### कांग्रेस सरकार के नियमों को बदला

दरसअल मध्यप्रदेश में जब त्रिस्तरीय पंचायती राज लागू किया गया था, तब तत्कालीन दिग्विजय सरकार ने वर्ष 1994 से 1996 के बीच पंचायत कर्मियों की नियुक्ति की थी,जिन्हें बाद में पंचायत सचिव का नाम दिया गया। उस समय इस पद पर ग्राम सभाओं के अनुमोदन के उपरांत नियुक्तियां की जा रही है। ऐसे में सरपंच, उप सरपंच, पंच या गांव के प्रभावशाली व्यक्ति के रिश्तेदार इस पद पर काबिज हो गए थे,जिससे पंचायत प्रतिनिधि इस सचिवों को नौकरी देने के एवज में अपने हित से जुड़े कार्य कराने के लिए राजी कर लेते थे। कालांतर में ऐसी शिकायतें सरकार के पास पहुंची,तो उसकी जांच कराई गई,जिसमें सरपंच, उप सरपंच और सचिव ने मिलकर गड़बड़ी करने की बात सामने आई,जिसकी वजह से सरकार ने तबादला नीति में इन नए नियमों और शर्तो को जोड़ने का फैसला किया।

### इन परिस्थितियों में होगा तबादला

नए नियमों के अनुसार पंचायत विभाग ने कुछ मामलों में ग्राम पंचायत सचिवों का स्थानांतरण अनिवार्य किया है, जिनमें चिन्हित परिस्थितियां शामिल की गई हैं। स्थानांतरण प्रतिबंध अवधि के दौरान विशेष परिस्थितियों में इन सचिवों के तबादले किए जा सकेंगे।उच्च प्राथमिकता वाले प्रशासनिक मामलों में शासन स्तर से निर्देश लेना जरुरी होगा।

### स्वैच्छिक आधार पर होंगे संविलियन

नियमों में पंचायत सचिवों के अंतर जिला स्थानांतरण (संविलियन के आधार पर ) स्वैच्छिक आधार पर ही किए जाएंगे। इसमें महिला सचिवों को विशेष सुविधा मिलेगी। इसमें विवाहित, विधवा एवं तलाकशुदा महिला ग्राम पंचायत सचिव अपने पति, ससुराल या माता-पिता के निवास वाले जिले में संविलियन के लिए आवेदन कर सकेंगी। इसी तरह अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त सचिव, यदि उनकी नियुक्ति वाले जिले के अलावा किसी अन्य जिले से संबंध रखते हैं, तो वे भी अपने मूल जिले में संविलियन के लिए आवेदन कर सकेंगे।इसके लिए संबंधित सचिव को अपने वर्तमान जिला पंचायत सीईओ को आवेदन देना होगा। रिक्त पद उपलब्ध होने पर प्रस्ताव पंचायत राज संचालनालय भोपाल भेजा जाएगा। प्रशासनिक स्वीकृति के बाद संविलियन आदेश जारी किए जाएंगे।

# रायसेन किले पर 15 दिन से बाघ की मौजूदगी, सुरक्षाकर्मी तैनात



पहाड़ी पर आवागमन प्रतिबंधित, पर्यटकों को रोकने लगाए पोस्टर

**जागरण, रायसेन।** राजधानी से सटे रायसेन किले की ऐतिहासिक पहाड़ी पर पिछले 15 दिनों से लगातार बाघ की मौजूदगी दर्ज की जा रही है। पर्यटकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने किले की पहाड़ी पर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया है। विभाग ने रास्तों पर चेतावनी पोस्टर लगाए हैं और निगरानी के लिए वनकर्मियों को तैनात किया है। वन विभाग द्वारा लगाए गए कैमरा ट्रैप में बाघ कई बार कैद हुआ है। सबसे अधिक मूवमेंट सोमेश्वर धाम मंदिर के पास स्थित जलस्रोत पर दर्ज किया गया है। भीषण गर्मी के कारण बाघ पानी की तलाश में यहां पहुंच रहा है। कैमरों में उसे पानी पीते और आसपास आराम करते हुए भी देखा गया है।

### लोगों ने देखे थे पगमार्क

करीब 15 दिन पहले सुबह की सैर पर निकले लोगों ने किले की पहाड़ी पर बाघ के पदचिह्न देखे थे। सूचना मिलने के बाद वन विभाग ने क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया और विभिन्न स्थानों पर कैमरा ट्रैप लगाए। इसके बाद से लगातार बाघ की मौजूदगी दर्ज हो रही है। वन विभाग ने लोगों से प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षा निर्देशों का पालन करने की अपील की है। टीम लगातार बाघ की गतिविधियों पर नजर रखे है।

## संक्षिप्त समाचार

राम को 'काल्पनिक' कहने का मामला

### कोर्ट में राहुल के खिलाफ होगी दोबारा सुनवाई

**वाराणसी, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान राम को कथित तौर पर 'काल्पनिक' या 'पौराणिक' बताने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर दोबारा सुनवाई होगी। वाराणसी की एमपी-एमएलए अदालत ने निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें याचिका सुनवाई योग्य नहीं मानी थी। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) यजुवेंद्र विक्रम सिंह ने मामले में नए सिरे से सुनवाई करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि यह याचिका अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने दायर की थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ हरिशंकर पांडेय ने 26 सितंबर, 2025 को जिला जज की कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की थी। पांडेय ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ सुनवाई का पूरा आधार है।

### शंकराचार्य पर आरोप लगाने वाला पलटा

**मथुरा/प्रयागराज/शामली, जेएनएन।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पूरी तरह पीछे हट गए हैं। उन्होंने मंगलवार को फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर सनसनीखेज दावा किया कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। आशुतोष ब्रह्मचारी ने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस घिनौनी साजिश में शामिल किया गया, जिसमें कुछ बड़े अधिकारी भी मिले हुए थे। उन्होंने कहा कि उनके पास इससे जुड़े पुख्ता सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं, जिसका वे जल्द खुलासा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके गुरु जगद्गुरु रामभद्राचार्य को कोई नुकसान पहुंचता है, तो इसके लिए सीधे तौर पर रामचंद्र दास जिम्मेदार होंगे।

### 30 जून से बंद नहीं होंगे कागजी नोट: सरकार

**नई दिल्ली,** केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) 30 जून 2026 तक कागजी मुद्रा को बंद कर उसकी जगह प्लास्टिक नोट जारी करने जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, आरबीआई की ओर से ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया गया है और मौजूदा कागजी नोट पहले की तरह वैध बने रहेंगे। अफवाहों के कारण लोगों के बीच भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी। दरअसल सोशल मीडिया पर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें बताया जा रहा है कि आरबीआई 30 जून से कागजी नोट बैन करने जा रहा है। तो वहीं इसी तारीख से प्लास्टिक करेंसी को रिप्लेस कर दिया जाएगा। इस खबर को सोशल मीडिया पर देखते ही लोगों के बीच काफी अफरा- तफरी मच गई। लोगों को 2016 का नोटबंदी याद आ गया था।

### आरएसएस मुख्यालय को उड़ाने की धमकी

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के मुख्यालय, मुख्यमंत्री कार्यालय (पीएमओ) तथा मुंबई और पुणे के मेयर कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गईं। धमकी भरे ईमेल कथित तौर पर खालिस्तान नेशनल आर्मी के नाम से भेजे गए थे, जिसके बाद कई सरकारी और संवेदनशील इमारतों में तलाशी अभियान चलाया गया। अधिकारियों के मुताबिक, नागपुर की मेयर नीता ठाकरे को भेजे गए एक ईमेल में दावा किया गया था कि महाल स्थित आरएसएस मुख्यालय और रेशीमबाग के डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन में विस्फोटक लगाए गए हैं। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड और पुलिस की टीमों ने पूरे परिसर की गहन जांच की। हालांकि तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

### दिल्ली अग्निकांड: कर्मी के नाम पर था लाइसेंस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में आग लगने के मामले में जांच के दौरान नए और चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस को होटल के लाइसेंस, उसके संचालन और फायर सेफ्टी नियमों में भारी संभावित गड़बड़ियों के सबूत मिले हैं। ये बातें होटल मालिक लवकेश बजाज और अकाउंटेंट जय मिश्रा से पुलिस पूछताछ के दौरान सामने आईं। इन दोनों को होटल में आग लगने के मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। गौरतलब है कि 3 जून को हुए इस दर्दनाक हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी। पूछताछ में जय मिश्रा ने बताया कि होटल का लाइसेंस बनवाने के लिए मालिक लवकेश बजाज ने खुद के बजाय उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था यानी लाइसेंस कर्मचारी के नाम पर था। यही नहीं, जय मिश्रा ने यह भी कुबूल किया कि जिस दिन आग लगी, वह वहां आया था। फिर घटना स्थल से चला गया था।

# टेक कंपनियों को लोगों के घरों का बिजली बिल बढ़ाने का अधिकार नहीं: गेट्स

## भारी जन-आक्रोश के चलते 2025 से अब तक ठप या रद्द हो चुके हैं अरबों डॉलर के दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट्स

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** बिल गेट्स आमतौर पर प्रदर्शनकारियों का साथ नहीं देते हैं। इसलिए जब माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक ने सीएनबीसी पर आकर एआई उद्योग से साफ शब्दों में कहा कि उनके पास आम जनता के घरों के बिजली बिल बढ़ाने की कोई अनुमति नहीं है, तो इस संदेश में वह वजन था जो खुद प्रदर्शनकारी भी नहीं ला सकते थे।

गेट्स ने कहा कि एआई की होड़ और इसका आर्थिक महत्व अपनी जगह सच है, लेकिन इनमें से कुछ भी उस बुनियादी राजनीतिक समझौते से ऊपर नहीं है जो कोई बड़ी कंपनी किसी शहर में कदम रखते समय नौ गीगावाट बिजली की मांग के साथ करती है। अगर प्रोजेक्ट का स्थान गलत है, आर्थिक गणित गलत है, या वहां के निवासी खिलाफ हैं तो वह प्रोजेक्ट कभी नहीं बन पाएगा। वर्ष 2025 में 156 बिलियन डॉलर की लागत वाले 48 प्रोजेक्ट्स या तो रुक गए या ठप हो गए। वहीं, इस साल की पहली तिमाही में 20 और बड़े प्रोजेक्ट्स बंद हो गए। यूटा में बनने वाले केविन ओलेरी के मेगा-कॉम्प्लेक्स को पिछले हफ्ते राज्य के सीनेट अध्यक्ष की मांग पर अपना आकार 40,000 एकड़ से घटाकर 20,000 एकड़ करने के लिए मजबूर होना पड़ा।



### पुराना बिजली ग्रिड समझौता अब पूरी तरह खत्म

गेट्स ने बहुत ही सटीक शब्दों में रेखांकित किया कि परमाणु ऊर्जा, जिसमें उनके खुद के टेरापावर द्वारा बनाए जा रहे छोटे रिएक्टर भी शामिल हैं, को किसी ऐसी जगह पर स्थापित करना होगा जहां यह पूरी तरह साफ हो कि स्थानीय निवासी इस अपग्रेड की कीमत नहीं चुका रहे हैं। युद्ध के बाद के दौर में अमेरिकी बिजली ग्रिड का विस्तार इसलिए हुआ था क्योंकि बिजली कंपनियां नए उत्पादन की लागत खुद उठाती थीं और उसे दशकों तक उपभोक्ताओं के बिल में जोड़कर वसूलती थीं। वह पुरानी व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। इसी साल मार्च में अमेजन, गूगल, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट, ओपनएआई, ओरेकल और एक्सएआई जैसी दिग्गज कंपनियों ने व्हाइट हाउस में एक बैठक की और उपभोक्ता सुरक्षा प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत वे अपने डेटा सेंटर्स के लिए आवश्यक सभी नए बिजली उत्पादन की लागत खुद उठाने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं।

### डेटा सेंटर्स के खिलाफ उम्मीद से कहीं तेज बदला जनमानस

एक गैलप पोल में सामने आया है कि 70 फीसदी अमेरिकी अपने घर के पास डेटा सेंटर का विरोध करते हैं-यह विरोध परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को लेकर अपने चरम पर हुए विरोध से भी कहीं ज्यादा बड़ा है। वहीं 15 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में किए गए एक अन्य सर्वे के मुताबिक, अमेरिका में इसे केवल 26 फीसदी जनता का समर्थन हासिल है, जो दुनिया में सबसे कम है। मिसौरी के फेस्टस में एक 6 बिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट को हरी झंडी देने के ठीक एक हफ्ते बाद वहां के मतदाताओं ने नगर परिषद के चार सदस्यों को चुनाव में हरा दिया।

### नौकरियों के मुद्दे पर गेट्स ने उद्योग के दावों को नकारा

गेट्स का माना कि एआई के कारण बड़े पैमाने पर लोगों का विस्थापन (नौकरियों का जाना) अभी भारी संख्या में शुरू नहीं हुआ है, लेकिन आने वाले कुछ वर्षों में यह निश्चित रूप से होने वाला है। उन्होंने कहा कि इस सच से मुंह मोड़ना या नाटक करना सबसे खराब रास्ता होगा। उनके कुछ साथियों ने उन्हें चेतावनी भी दी कि इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने से चीन को बढ़त मिल जाएगी, लेकिन गेट्स इस बात से असहमत हैं। उनका मानना है कि जनता को यह बताने की जरूरत नहीं है कि उसका डर काल्पनिक है।

# अफगानिस्तान पर पाकिस्तानी मिसाइल हमले में 13 की मौत

## तालिबान सरकार का दावा, रिहायशी इलाकों में हुई बमबारी

**काबुल/इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान ने मंगलवार रात अफगानिस्तान के कई इलाकों में मिसाइल हमले किए। अफगान तालिबान सरकार के मुताबिक इन हमलों में 13 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 11 बच्चे, एक महिला और एक बुजुर्ग शामिल हैं। इसके अलावा 14 महिलाएं घायल हुई हैं। तालिबान ने दावा किया है कि हमलों में रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया और कुनार, खोस्त तथा पक्तिका प्रांतों में आम लोगों के घरों पर बमबारी की। उन्होंने सोशल मीडिया पर घायलों की तस्वीरें भी साझा कीं और इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की।

**तालिबान का दावा- मार्च में पाक के हमले से 400 लोगों की जान गई**

तालिबान सरकार के अनुसार पिछले एक साल में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाइयों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। मार्च 2026 में अफगानिस्तान पर एक बड़ा हवाई हमला किया था। अफगान अधिकारियों के मुताबिक, काबुल में एक नशा मुक्ति केंद्र पर हुई बमबारी में 400 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। तालिबान ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में 269 मौतों की पुष्टि हुई थी। अफगानिस्तान का दावा था कि पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया था। हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज कर दिया था। पाकिस्तान का दावा था कि कार्रवाई में एक गोला-बारूद डिपो को टारगेट किया गया था। मार्च की उस घटना के बाद से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया।

### पाकिस्तान ने आरोपों को किया खारिज



वहीं पाकिस्तान ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया कि उसने खुफिया जानकारी के आधार पर आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमला किया। पाकिस्तानी सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के मुताबिक इस ऑपरेशन में 26 भारत समर्थित आतंकवादी मारे गए और चार बड़े आतंकी ठिकाने पूरी तरह तबाह कर दिए गए। पाकिस्तान का कहना है कि निशाना बनाए गए ठिकानों में ट्रेनिंग सेंटर, हथियारों का गोदाम और दो आतंकी कमांडरों के ऑपरेशन सेंटर शामिल थे।

### एक दिन पहले पाकिस्तान के 6 सुरक्षाकर्मी मारे गए

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में 9 जून को एक बॉर्डर चौकी पर हुए हमले में पाकिस्तान के छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई थी। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक हमले के दौरान आठ आतंकवादी भी मारे गए। अधिकारियों ने दावा किया कि हमलावरों ने सीमा चौकी पर कब्जा करने की कोशिश की थी। पाकिस्तान लंबे समय से कहता रहा है कि उसकी सैन्य कार्रवाई आतंकवादी संगठनों के खिलाफ है, खासकर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ। पाकिस्तान का आरोप है कि (टीटीपी) के लड़ाके अफगानिस्तान की जमीन से काम करते हैं और पाकिस्तान में हमले करते हैं। वहीं काबुल में तालिबान सरकार इन आरोपों को खारिज करती है। उसका कहना है कि वह किसी भी ऐसे समूह को पनाह नहीं दे रही है। इसके उलट तालिबान पाकिस्तान पर अफगानिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन करने का आरोप लगाता है।

### पाक सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, सभी की मौत

**मुजफ्फराबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान सेना का एक एमआई-17 हेलीकॉप्टर बुधवार को मुजफ्फराबाद के पास उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, इस हादसे में हेलीकॉप्टर पर सवार चालक दल के सभी सदस्यों की मौत हो गई है और कोई भी जीवित नहीं बचा। एमआई-17 रूसी मूल का एक मध्यम श्रेणी का मालवाहक हेलीकॉप्टर है, जिसे मिल मॉस्को हेलीकॉप्टर प्लांट द्वारा एमआई-8 के अपग्रेड वर्जन के रूप में तैयार किया गया है। यह हेलीकॉप्टर 30 सैनिकों, 12 स्ट्रेचर या लगभग 4,000 किलोग्राम तक का वजन ले जाने में सक्षम है। बाहरी स्लिंग की मदद से यह तीन टन तक का भार उठा सकता है। यह विमान दो क्लिमोव टीवी3-117 इंजनों से संचालित होता है और इसकी अधिकतम रफ्तार 250 किलोमीटर प्रति घंटा है।

रोहतक अग्निकांड

### शोरूम मालिक और दो श्रमिक बने कंकाल

**रोहतक, जेएनएन।** रोहतक की डी-पार्क मार्केट में मंगलवार को लगी भीषण आग ने तीन हंसते-खेलते परिवारों की खुशियां छीन लीं। इस दर्दनाक हादसे में 'होम टाउन शूज' के संचालक सौरभ उर्फ रोहित (19), 'रोहतक शूज' के कर्मचारी अमन यादव (38) और कपिल (50) की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग लगने के करीब सात घंटे बाद तीनों के शवों को मलबे से बाहर निकाला गया, जो पूरी तरह कंकाल बन चुके थे। चश्मदीदों के मुताबिक, आग भड़कते ही रोहतक शूज का मालिक तो बाहर भाग निकला, लेकिन अचानक शटर गिर जाने से अमन और कपिल अंदर ही जाल में फंस गए। देर रात तक मार्केट की कुछ दुकानों में आग सुलगती रही और बचाव अभियान चलता रहा। बुधवार दोपहर को बेहद गमगीन माहौल में तीनों का अंतिम संस्कार किया गया, जहां अमन और कपिल के बेटों व सौरभ के भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी।

बायोकैच सर्वे में खुलासा

# भारत में 84 प्रतिशत बैंकिंग दिग्गजों ने माना- फ्रॉड बढ़ा



*भारत समेत दुनिया भर के वित्तीय संस्थान एआई आधारित फ्रॉड के मौजूदा और भविष्य के खतरों को लेकर बेहद चिंतित हैं। 'बायोकैच' द्वारा कराए गए एक नए सर्वे में यह बात सामने आई है। 84 प्रतिशत विशेषज्ञों का मानना है कि अगले एक साल में 'एआई एजेंट्स' बैंकिंग इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ा खतरा साबित हो सकते हैं। वहीं, 88 प्रतिशत लोगों का कहना है कि एआई के कारण फ्रॉड करने के तरीके पहले से कहीं ज्यादा शातिर और जटिल हो गए हैं।*

**90%** बैंकिंग लीडर्स ने भारत में एक साल में फ्रॉड की कोशिशें बहुत तेजी से बढ़ी हैं

**84%** बैंकों ने फ्रॉड के कारण होने वाले वित्तीय नुकसान में बढ़ोतरी दर्ज की भारत में

**70%** अधिकारियों ने भारत में फ्रॉड की कोशिशें बढ़ने की बात कही थी 2025 के सर्वे में

**93%** भारतीय विशेषज्ञों का मानना है कि एआई ने स्कैम्स के तरीकों को ज्यादा हाइटेक बना दिया है

**83%** का मानना है कि एक साल में एआई एजेंट्स बैंकिंग सुरक्षा की बड़ी कमजोरी बन सकते हैं

# अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड गिरोह: कंबोडिया में सक्रिय मिले 36 हजार भारतीय सिम कार्ड

**5,300** सिम कार्ड से देश में हुई करोड़ों की ठगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कंबोडिया से संचालित होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान और पंजाब में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। जांच में बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि हजारों भारतीय सिम कार्ड फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक्टिव कर विदेशी नेटवर्क तक पहुंचाए जा रहे थे, जिनका इस्तेमाल भारत में बैठे सीधे-साधे लोगों से साइबर धोखाधड़ी करने के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने करीब 2.3 लाख संदिग्ध मोबाइल नंबरों का गहरा विश्लेषण किया। इस तकनीकी जांच में यह बात सामने आई कि लगभग 36 हजार भारतीय सिम कार्ड कंबोडिया में पूरी तरह सक्रिय थे। इनमें से करीब 5300 सिम कार्ड सीधे तौर पर भारत में साइबर फ्रॉड के अलग-अलग मामलों में इस्तेमाल किए गए। जांच एजेंसियों के अनुसार इन नंबरों के जरिए देशभर में सैकड़ों करोड़ रुपए की ठगी को अंजाम दिया गया। ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत जोधपुर साइबर पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की। 5 जून को शुरू हुई इस कार्रवाई के तहत राजस्थान के किशनगढ़, नागौर और जोधपुर के साथ पंजाब के लुधियाना में कुल सात स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान ईडी ने बड़ी संख्या में दस्तावेज, डिजिटल साक्ष्य, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और 14 मोबाइल फोन जब्त किए हैं।



ईडी की राजस्थान और पंजाब के सात ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई

### मणिपुर के कांगपोकपी जिले में मिले 6 शव

**कांगपोकपी, जेएनएन।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को छह शव बरामद हुए। जांच के बाद आशंका जताई जा रही है कि ये शव उन छह लोगों के हो सकते हैं जिन्हें 13 मई को बंधक बना लिया गया था। फिलहाल शवों का पोस्टमॉर्टम और पहचान नहीं हो पाई है। शवों के मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लापता लोगों के परिजन और कई नगा नागरिक संगठनों के प्रतिनिधि और समर्थक जेएनआईएमएस अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने बताया कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि 13 मई को कांगपोकपी जिले के लेलोन वैफेई में नगा और कुकी समुदायों के बीच हिंसक झड़प शुरू हुई थी। इसी दौरान नगा समुदाय के छह लोगों को बंधक बना लिया गया था। इसके बाद से मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ और असम राइफल्स के करीब 450 जवानों ने स्निफर डॉग्स और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया, इस दौरान ये शव बरामद किए गए हैं।

### अल्फा का टीजर रिलीज, एक्शन में दिखीं आलिया

आलिया भट्ट स्टारर यश राज फिल्म्स (वाईआरएफ) स्पाई यूनिवर्स की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'अल्फा' का टीजर बुधवार को आधिकारिक तौर पर जारी कर दिया गया। 1 मिनट 55 सेकेंड का यह टीजर पूरी तरह से हाई-ऑक्टेन एक्शन से भरपूर है, जिसमें आलिया भट्ट बेहद आक्रामक और खतरनाक स्टंट करती नजर आ रही हैं। टीजर की कहानी एक ऐसी युवा महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे बचपन से ही एक बेहद खास और गुप्त मिशन के लिए कड़ी ट्रेनिंग दी जाती है। टीजर में आलिया के पिता का किरदार निभा रहे बॉबी देओल उन्हें 'अल्फा' नाम के एक सीक्रेट प्रोग्राम से रूबरू कराते हैं, जिसे भारत के अगली पीढ़ी के सुपर सोल्जर्स तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है। अल्फा यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं और पूरी तरह से फीमेल लीड वाली पहली बड़ी फिल्म है। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ, बॉबी देओल और अनिल कपूर भी बेहद अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा, ऋतिक रोशन भी इस फिल्म में धमाकेदार कैमियो रोल प्ले करेंगे।



**शाहरुख खान ने आलिया की जमकर तारीफ की**

अल्फा का टीजर रिलीज होते ही शाहरुख खान ने एक्स पर लिखा, 'बहुत बढ़िया आलिया। पहले तुम दिल तोड़ती थीं, अब हड्डियां तोड़ रही हो। तुम्हारा टैलेंट लगातार बढ़ता जा रहा है। उम्मीद है 'अल्फा' लोगों का दिल जीतेगी और सीक्वल के लिए कुछ विलेन भी बच जाएंगे। जाओ, सबको दिखा दो सिग्मा गर्ल! बॉबी सर, जब आप विलेन बनते हैं तो कमाल कर देते हैं। आपको एक बड़ी-सी झप्पी।

### जयपुर में ड्यूटी टाइम पूरा होते ही विमान छोड़कर चले गए पायलट

**जयपुर, जेएनएन।** दिल्ली में खराब मौसम के कारण उड़ान सेवाएं मंगलवार रात प्रभावित रहीं। कई विमानों को दिल्ली की बजाय जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। इसी बीच दुबई से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों को उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब पायलटों का निर्धारित ड्यूटी समय पूरा हो गया और वे विमान छोड़कर चले गए। जानकारी के अनुसार, स्पाइसजेट की फ्लाइट एसजी-5106 दुबई से दिल्ली जा रही थी। दिल्ली में खराब मौसम और लैंडिंग के लिए प्रतिकूल परिस्थितियों के चलते विमान को जयपुर एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया गया। फ्लाइट रात करीब 8 बजे जयपुर पहुंची और यात्रियों को उम्मीद थी कि मौसम सामान्य होने पर विमान जल्द ही दिल्ली के लिए रवाना होगा। हालांकि, जयपुर पहुंचने के बाद स्थिति बदल गई। विमान चालक दल का निर्धारित ड्यूटी समय समाप्त हो चुका था। विमानन सुरक्षा नियमों के तहत लागू फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन के कारण पायलटों ने आगे उड़ान भरने से इनकार कर दिया और विमान छोड़कर चले गए।

संचार सेवा — अमेजन ने ट्राई के सामने रखा प्रस्ताव, भारत में आ सकती है इंटरनेट क्रांति

# अमेजन का प्लान, बिना रिचार्ज चलेगा इंटरनेट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जरा सोच कर देखिए कि फोन पर इंटरनेट चलाने के लिए मोबाइल रिचार्ज न कराना पड़े और हाई-स्पीड पब्लिक वाई-फाई से बिना रुकावट के इंटरनेट मिल जाए। ऐसे ही दूरदराज के किसी इलाके में जहां मोबाइल नेटवर्क कमजोर हो, लेकिन बावजूद इसके फ्री पब्लिक वाई-फाई से सुपरफास्ट इंटरनेट मिलता रहे। दरअसल यह सब सच हो सकता है क्योंकि दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति में से एक जेफ बेजोस की कंपनी अमेजन भारत के इंटरनेट बाजार में तहलका मचाना चाहती है।

अमेजन ने ट्राई के सामने प्रस्ताव रखा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड को पब्लिक वाई-फाई के मुख्य नेटवर्क के तौर पर मंजूरी दी जाए। इससे न सिर्फ देश के कोने-कोने में इंटरनेट पहुंच सकेगा बल्कि भारत में इससे महंगे हो रहे मोबाइल इंटरनेट की भी तस्वीर बदल सकती है।




### साल 2028 तक डायरेक्ट टू डिवाइस सर्विस लाएगी कंपनी

अमेजन ने ग्लोबल सैटेलाइट नेटवर्क को बनाने के लिए 10 बिलियन डॉलर यानी कि करीब 83,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश किया है। कंपनी साल 2025 से ही अपने सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेज रही है। भारत में सर्विस शुरू करने के लिए अमेजन ने जीएमपीसीएस लाइसेंस के लिए आवेदन भी कर दिया है। इसके अलावा अमेजन ने ग्लोबलस्टार कंपनी को भी खरीद लिया है और साल 2028 तक अमेजन डायरेक्ट टू डिवाइस यानी डी2डी सर्विस शुरू करेगी। इससे फोन में बिना किसी सिम नेटवर्क के ही सीधे सैटेलाइट से कॉलिंग और इंटरनेट चल सकेगा।

### पीएम-वाणी योजना से जुड़ना चाहता है अमेजन

अमेजन चाहता है कि उसकी तकनीक को पीएम-वाणी योजना और भारतनेट प्रोजेक्ट में शामिल किया जाए। कंपनी चाहती है कि भारत के हर गांव में कम से कम एक पब्लिक वाई-फाई हॉटस्पॉट जरूर हो। कंपनी ने इसके लिए सरकार के डिजिटल भारत निधि फंड से वित्तीय मदद भी मांगी है, ताकि गांवों में पहली बार इंटरनेट इस्तेमाल करने वालों के लिए लॉगइन की प्रक्रिया को आसान बनाया जा सके।

### बिना तार हर तरफ होगा हाई-स्पीड इंटरनेट

अमेजन, जिसे प्रोजेक्ट कुइपर भी कहा जाता है, ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) से मांग की है कि देश में पब्लिक वाई-फाई के मुख्य नेटवर्क के तौर पर सैटेलाइट ब्रॉडबैंड का इस्तेमाल किया जाए। कंपनी का दावा है कि उनका लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट नेटवर्क जमीन पर तार बिछाए बिना ही सीधे आसमान से फाइबर जैसी सुपरफास्ट स्पीड दे सकता है। इससे देश के कोने-कोने में फ्री या बहुत सस्ता इंटरनेट उपलब्ध होगा।

### '370 रुपये की बिरयानी' वाले बयान पर युवक की नौकरी गई; कॉमेडियन ने बंद किया इंस्टा अकाउंट

**गुरुग्राम, जेएनएन।** एक स्टैंड-अप कॉमेडी शो के दौरान टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर छिड़े विवाद के बाद 22 वर्षीय वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा को उनकी कंपनी ने नौकरी से हटा दिया है। वहीं, इस पूरे विवाद के केंद्र में रहे स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणित मोरे ने भी अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट या डीएक्टिवेट कर दिया है।

मामला गुरुग्राम में प्रणित मोरे के एक लाइव क्राउड-वर्क कॉमेडी शो से जुड़ा है। शो के दौरान दर्शकों से बातचीत करते हुए हिमांशु जांगड़ा ने अपने एक डेटिंग अनुभव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक महिला पर करीब 360-370 रुपए की चिकन बिरयानी का खर्च किया था और बदले में उन्हें शारीरिक निकटता की उम्मीद थी। इस टिप्पणी पर शो के दौरान कॉमेडियन प्रणित मोरे ने हंसते हुए प्रतिक्रिया दी और मजाकिया अंदाज में उन्हें इनाम राशि भी दी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों ने हिमांशु की टिप्पणी और कॉमेडियन की प्रतिक्रिया दोनों की आलोचना की। बढ़ते विरोध के बीच प्रणित मोरे ने सार्वजनिक



माफी जारी करते हुए कहा कि दर्शक की टिप्पणी उनके निजी विचार नहीं थे और उन्हें उस समय अधिक जिम्मेदारी के साथ प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी। विवाद बढ़ने पर हिमांशु जांगड़ा की कंपनी स्टारविक डिजाइन ने भी कार्रवाई की। कंपनी के संस्थापक विवेक विश्वकर्मा ने एक वीडियो संदेश में कहा कि वायरल वीडियो में कही गई बातें आपत्तिजनक हैं और कंपनी ऐसे विचारों का समर्थन नहीं करती। उन्होंने बताया कि आंतरिक समीक्षा के दौरान कार्यालय में हिमांशु के व्यवहार को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली और सहकर्मियों ने उन्हें पेशेवर तथा सम्मानजनक कर्मचारी बताया। इसके बावजूद, कंपनी की छवि और कार्यस्थल के माहौल पर पड़ रहे प्रभाव को देखते हुए उनसे अलग होने का फैसला लिया गया।

# पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ों की ठगी! कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचीं सैकड़ों महिलाएं



**जागरण, रीवा।** पैसा दोगुना करने का लालच देकर महिलाओं से करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। लंबे समय से कार्रवाई की मांग कर रही पीड़ित महिलाओं ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि स्कूल संचालिका आकला सुल्तान उर्फ नंदा और उसके पति असलम ने लोगों को निवेश पर रकम दोगुनी करने का भरोसा दिलाकर करोड़ों रुपये एकत्र किए। शुरुआत में कुछ लोगों को भुगतान कर विश्वास बनाया गया, लेकिन बाद में रकम लौटाना बंद कर दिया गया। जब निवेशकों ने अपने पैसे वापस मांगे तो दंपति कथित रूप से फरार हो गए। महिलाओं का कहना है कि आरोपियों ने भरोसा दिलाने के लिए कई लोगों को चेक और एग्रीमेंट भी दिए थे। इसके बावजूद न तो तय समय पर पैसा वापस मिला और न ही कोई संतोषजनक जवाब। पीड़ितों के अनुसार, इस योजना के जाल में सैकड़ों महिलाएं फंस गईं और करोड़ों रुपये की ठगी का शिकार हुई हैं।

**कार्रवाई नहीं होने से बढ़ा आक्रोश :** धरना दे रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्होंने काफी समय पहले पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि समय रहते पुलिस सख्ती दिखाती तो आरोपी फरार नहीं हो पाते। इस मामले में कुछ भाजपा महिला नेत्रियों के नाम चर्चा में आए थे। हालांकि अब संबंधित महिला नेत्रियों ने स्वयं को भी पीड़ितों के साथ बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

**एसपी बोले — जांच के बाद होगी कार्रवाई :** मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक गुरुकरन सिंह ने कहा कि शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। 2019 में संशोधित एक्ट के तहत पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। सीएसपी राजीव पाठक व सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उधर धरना प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कर उनकी संपत्तियों की जांच की जाए तथा निवेशकों की रकम वापस दिलाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। महिलाओं का कहना है कि उनकी जीवनभर की जमा-पूंजी इस कथित निवेश योजना में फंस गई है और उन्हें न्याय की उम्मीद अब प्रशासन से ही है। फिलहाल, करोड़ों रुपये की इस कथित ठगी के मामले में पुलिस जांच जारी है, जबकि पीड़ित महिलाएं आरोपियों की गिरफ्तारी और धन वापसी की मांग पर अड़ी रही।

# कार खरीदी, पैसे दिए, फिर भी नहीं मिला मालिकाना हक! अब वाहन कब्जाने और धमकी देने का आरोप

## गढ़ से आए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिया शिकायती आवेदन

**जागरण, रीवा।** जिले में कार खरीद-फरोख्त से जुड़ा एक विवाद पुलिस तक पहुंच गया है। गढ़ थाना क्षेत्र के एक युवक ने आरोप लगाया है कि वाहन की पूरी कीमत चुकाने के बावजूद न तो कार उसके नाम ट्रांसफर की गई और न ही उसे मालिकाना अधिकार मिला। मामला अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया है। गढ़ निवासी रूपेश कचेर के अनुसार उन्होंने जून 2024 में एक व्यक्ति से करीब 7.70 लाख रुपये में कार खरीदी थी। उनका कहना है कि सौदा पूरा होने और रकम देने के बाद भी वाहन का नामांतरण नहीं कराया गया। इस दौरान आरोपी लगातार अलग-अलग कारण बताकर प्रक्रिया टालता रहा। पीड़ित ने शिकायत में बताया कि 9 जून को बाल भारती स्कूल के सामने खड़ी उनकी कार अचानक गायब हो गई। वाहन की तलाश के बाद उन्हें जानकारी मिली कि कार पूर्व मालिक के घर पर खड़ी है। आरोप है कि आरोपी के पास पहले से वाहन की दूसरी चाबी मौजूद थी, जिसके जरिए कार ले जाई गई। रूपेश का यह भी आरोप है कि जब उन्होंने वाहन वापस मांगा तो उनसे अतिरिक्त 3 लाख रुपये की मांग की गई। रकम देने से इंकार करने पर गाली-गलौज, मारपीट और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने की बात कही गई है। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक रीवा को लिखित शिकायत सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, वाहन पर अवैध कब्जा, मारपीट और धमकी जैसी धाराओं में कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस शिकायत की जांच कर रही है।

# सूने मकान पर चोरों का धावा, लाखों के जेवर और नकदी लेकर फरार

## जनेह थाना क्षेत्र के पटहट कला गांव में सामने आई घटना



**जागरण, रीवा।** जिले के जनेह थाना क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। ग्राम पटहट कला में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और 80 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना का पता तब चला जब परिवार के सदस्य घर पहुंचे और ताले टूटे मिले। पीड़ित नितेश जायसवाल ने बताया कि चोर घर में रखे उनकी मां और बहन के कीमती आभूषण समेट ले गए। चोरी हुए सामान में मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठियां, नथ, जंजीर, चांदी की पायलें, नाक की कील, चांदी के बर्तन सहित अन्य कीमती वस्तुएं शामिल हैं। इसके अलावा घर में रखी 80 हजार रुपये की नकदी भी गायब मिली। घटना की सूचना मिलते ही जनेह थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के ग्रामीणों में असुरक्षा का माहौल है। लोगों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी की इस वारदात का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं ग्रामीणों की नजर अब पुलिस कार्रवाई पर टिकी हुई है।

**ये आभूषण हुए चोरी :** पीड़ित के मुताबिक अज्ञात चोरों ने सोने का 1 नग हार (वजन लगभग 20 ग्राम), मंगलसूत्र (वजन 14 ग्राम), झुमका (12 ग्राम), हाथ की अंगूठी, 6 नग मांग टीका (15 ग्राम), नथिया (5 ग्राम), 2 नग जंजीर (30 ग्राम), कान का झुमका (12 ग्राम) के साथ ही चांदी के आभूषणों में 5 जोड़ी पायल (लगभग 1200 ग्राम), नाक की कील (2 ग्राम), बिछिया (40 ग्राम), चांदी के बर्तन (700 ग्राम), बच्चों के कमरबंद व पायल (90 ग्राम), हाथ का चूड़ा, कमरबंद (500 ग्राम), लच्छा (300 ग्राम) समेत अन्य सामान सहित नकदी पार कर दी।

# तहसीलदार पर कार्यवाही व झूठा जांच प्रतिवेदन समाप्त करने की मांग



## सरपंच के देवर ने प्रेस वार्ता में लगाए आरोप, संभागायुक्त ने दिए जांच के निर्देश

**जागरण, रीवा।** तहसील हुजूर के ग्राम पतेरी निवासी नटवर प्रसाद मिश्र ने बुधवार को प्रेसवार्ता का आयोजन कर उनके ऊपर सहिजना के मसमासी तालाब से अवैध उत्खनन और मिट्टी बेचने की रिपोर्ट तैयार करने वाले राजस्व अधिकारी दिलीप श्रीवास्तव पर कार्यवाही किए जाने व झूठा जांच प्रतिवेदन समाप्त किए जाने की मांग की। आवेदक ने संभागायुक्त को आवेदन दिया, जिस पर संभागायुक्त ने जांच के आदेश दिए हैं। सरपंच के देवर नटवर प्रसाद मिश्र ने बताया कि वे ग्राम पतेरी के मूल निवासी हैं, किन्तु वे सिंगरौली में कार्य कर रहे हैं, तालाब की मिट्टी ग्रामवासी अपने स्तर पर खोदकर ले गए, दिलीप श्रीवास्तव द्वारा आवेदक से द्वेष रखने वाले जन्मेजय रमागोविन्द पयासी, आलोक देवेन्द्र मिश्रा, उप सरपंच महेश कोल, राजकुमार साहू व राजनारायण साहू के साथ फर्जी पंचनामा व झूठी रिपोर्ट तैयार कर चोरी छुपे फंसाने की साजिश रची गई है। तालाब से 90 गुणा 30 नहीं अपितु 14 गुणा 30 मीटर के करीब 3 फीट गहरा कर ग्रामीणों ने मिट्टी निकाली है। जिसकी जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी से करवाई जा सकती है। ग्राम पतेरी स्थित आदिवासी बस्ती को जाने वाली पीसीसी सड़क मामले में प्रार्थी से दिलीप श्रीवास्तव द्वारा 10 हजार रुपए की मांग की गई थी, जो प्रार्थी द्वारा दिलीप श्रीवास्तव को तहसील कार्यालय के सामने दिए गए थे, किन्तु सड़क का कार्य पूर्ण न होने पर उन्होंने आमरण अनशन कर दिलीप श्रीवास्तव से राशि वापस मांग ली, जिसके चलते वे आवेदक के प्रति दुर्भावना रखते हैं, इस दौरान उन्होंने आवेदक को बर्बाद करने की धमकी भी दी थी। इसी बात को लेकर आवेदक व ग्रामवासी सर्किट हाउस में कलेक्टर से भी मिले थे, कलेक्टर ने पूरा मामला जानने के बाद दिलीप श्रीवास्तव को फटकार भी लगाई थी।

# महिला ने लगाया पूर्व सरपंच व अन्य पर मंगलसूत्र छीनने का आरोप

## बुरी नीयत से अकेली महिला के कपड़े भी खींचे, बीच बचाव करने वालों का नहीं करवाया मेडिकल



**जागरण, रीवा।** मऊगंज तहसील के थाना लौर के अंतर्गत ग्राम पिड़रिया सेंगर निवासी एक महिला ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुर्व सरपंच विष्णु प्रताप पिता गोविंद सिंह, नागेश्वर पिता अजमेर सिंह, विवेक प्रताप पिता नागेश्वर सिंह, शालिनी पति विवेक प्रताप सिंह, सभी निवासी ग्राम पिड़रिया के विरुद्ध शिकयत दर्ज करवाई कि गत 7 जून दोपहर 12 बजे फरियादिया घर में अकेली थी, उसका पति छत्तीसगढ़ में प्रायवेट नौकरी करते हैं। उसी दौरान विष्णु, आवेदिका के घर में घुस आया और चाकू की नोक पर जमीन पर धकेल कर गिरा दिया फरियादिया के गले में पड़ा मंगलसूत्र कीमत करीब 50 हजार रुपए का छीन अपनी जेब में डाल लिया। बुरी नियत से आवेदिका के शरीर में पड़ी साड़ी को हटाने का प्रयास करने लगा। फरियादिया उसे धक्का देकर चिल्लाती हुई बाहर की ओर भागी, तभी नागेश्वर सिंह ने कहा कि वह सरपंच है पीड़िता के कंधे व जांघ में लाठी मार दी, तब तक आवाज सुनकर राकेश सिंह, आकाश सिंह मौके पर पहुंचे गए, जिन पर विष्णु ने अपने हाथ में लिए चाकू से हमला किया, अपना बचाव करने में आकाश सिंह के हाथ में चाकू के निशान लगे हैं, वहीं राकेश सिंह की छाती व हाथ में चाकू के खरोंच के निशान हैं, तभी शालिनी सिंह व विवेक प्रताप भी वहां पहुंच गए और पीड़िता के साथ मारपीट करने लगे। जब व लौर थाना रिपोर्ट करने गई तो उसे वहां से न्यायालय जाने की सलाह देते हुए उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़िता के कई बार कहने के बाद राकेश सिंह का मेडिकल कराया जबकि आकाश सिंह का मेडिकल नहीं कराया गया। पुलिस द्वारा रिपोर्ट नहीं किए जाने के कारण हमलावर उसे घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे। पीड़िता ने बताया कि वह अपने बच्चों को चाचा ससुर के घर छोड़कर रिपोर्ट दर्ज करवाने आई है।

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-30052026-272994
CG-DL-E-30052026-272994

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2634] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 29, 2026/ज्येष्ठ 8, 1948
No. 2634] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 29, 2026/JYAISTHA 8, 1948

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 29 मई, 2026

**का.आ. 2727(अ).—** केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. **524(E) तारीख 03/02/2026**, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग -135B के सिरमौर - डभौरा खंड के **कि.मी. 36+700 से कि.मी. 73+813** तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी ;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख **"17/02/2026 को "दैनिक जागरण डेली रेवा" , 17/02/2026 को "प्रदेश टुडे डेली रेवा" "** में प्रकाशित किया गया था ;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है ;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए ;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी ।

**अनुसूची**

मध्य प्रदेश राज्य के रीवा जिले में NH135B के कि.मी. 36+700 से कि.मी.43+500 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

| राज्य का नाम: मध्य प्रदेश | | | जिले का नाम: रीवा | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/ हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| तालुक का नाम: सिरमौर | | | | | |
| गांव का नाम: सिरमौर | | | | | |
| 1 | 1168 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0012 | सूर्यनारायण पिता तेजप्रताप सिंह, मध्य प्रदेश शासन, हीरेन्द्र सिंह पिता प्रभुनाथ सिंह, देबेन्द्र सिंह ज्ञानेन्द्र पिता मंगलेश्वर सिंह, नजूल, श्रीमती बीनासिंह पति सुनीलसिंह |
| 2 | 1170 | निजी | कृषि/आवासीय | 0.00233 | (1170/3) क पिता त |
| 3 | 1172 | सरकारी | कृषि | 0.0038 | (1172/2) म.प्र. (शासकीय) |
| 4 | 1205 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0006 | उर्मिला सिंह पत्नी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, महेश.लल्लू, रामविश्वास, रामनरेश, सुरेशपाल पिता जमुना पाल, सड़क, मं◌ंजुला त्रिपाठी पति शिव कुमार, धानेन्द्र पिता भुवनेश्वर प्रसाद द्विवेदी, पुष्पादेवी पति मुद्रिका प्रसाद द्विवेदी |
| 5 | 1206/1 | सरकारी | कृषि | 0.0023 | म.प्र. (शासकीय) रास्ता |
| 6 | 1216 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0009 | (1216/1) वा पिता ता |
| 7 | 1222/1 | निजी | कृषि | 0.0015 | समसुद्दीन पिता सरताज खां |
| 8 | 1240 | निजी | कृषि/आवासीय | 0.0051 | रमाकान्त पिता सन्तेश्वर प्रसाद शुक्ला, राजमणि शिवसहांय रामनिरंजन पिता अंजनीदत्त, मु.बिमला बेवा रामचन्द्र, सुखराम, दिनेश कुमार, रमेश कुमार पिता रामचन्द्र, मोहनलाल पिता कुन्दनलाल, प्रीती गुप्ता पति प्रदीपकुमार गुप्ता, पन्नालाल पिता रामदास, प्रभात कुमारसिंह पिता विस्वनाथ सिंह सा.कररिया, शंम्भूप्रसाद पिता बैजनात, प्रभात सिंह पिता विश्वनाथ सिंह, प्रमोद सिंह पिता विश्वनाथ सिंह, उदयाराज पि.समयलाल, राजकुमार सिंह पिता विनोद कुमारसिंह, श्रीमती वूटी पत्नी रामनिरंजन, विमला बेवा रामचन्द्र सुखराम दिनेश कुमार रमेशकुमार पिता रामचन्द्र गुप्ता, संम्भूप्रसाद पिता बैजनाथ, प्रीती गुप्ता पति प्रदीपकुमार गुप्ता, मसेन कमला कान्त महेन्द्र मकला कान्त महेन्द्र गोपाल पिता कन्हैय सोपी, उदयराज पिता समयलाल |
| 9 | 130/1 | निजी | कृषि/आवासीय | 0.1288 | मोसिम खाँ पिता दशमत खाँ, गीता सोनी पत्नी अजय कुमार सोनी, अलियार खाँ पिता हजरत खाँ, सड़क |
| 10 | 131 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0046 | मोसिम खान, फादर दशमत खान, गीता सोनी, वाइफ ओएफ अजय कुमार सोनी, अलियार खान, फादर हजरत खान, रोड |
| 11 | 174 | निजी | कृषि | 0.0313 | (174/1) (Area-0.0142) गगाप्रसाद पिता सत्यनारायण उर्फ भैयालाल, (174/3) (Area-0.0171) सुरेश पिता बाबूलाल |
| 12 | 175 | निजी | कृषि | 0.116 | सावितखां पिता मदारबक्श, हफीजखाँ पिता गफूर खाँ, रसीदखाँ पुत्र गफूर खाँ, नसीबखाँ पिता गफूर खाँ, सगीरखाँ पिता गफूर खाँ, शहद खाँ पिता जहूर खाँ, सबजल खाँ पिता अफजल खाँ, सहजाद खाँ पिता शकूर बक्श, जहीर खान पुत्र सूरत बक्श, सड़क , श्रीमती अनीता श्रीबास्तव पति गौरी शंकर श्रीवास्तव, श्रीमती रामकली देवी पति.रामप्रसाद वर्मा, कामता प्रसाद सोनी पिता श्री कृष्ण, अजय कुमार पिता कामताप्रसाद सोनी, संदीप कुमार पिता कामता प्रसाद सोनी, बीरेन्द्र सिंह पिता लालबहादुरसिंह, गुलशेर खाँ पिता बॉकर खाँ |
| 13 | 179 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0718 | (179/1) (Area-0.0373) श्यामसुन्दर पिता रामभरोसा, मथुराप्रसाद पिता रामभरोसा (179/3) (Area-0.0345)म0प्र0पा0ज0क0लि0सिरमौर |
| 14 | 180 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.021 | सन्तोषकुमार पुत्र अवधशरण, श्रुतिसागर पुत्र रामरथी, पार मध्य प्रदेश शासन, रत्नेश शर्मा पिता सतीश शर्मा, मिथिलेश शर्मा पिता सतीश शर्मा, संतोषशर्मा पिता अवधशरण, बृजेश शर्मा पिता सतीश शर्मा अखिलेश पिता सतीश शर्मा, पुष्पादेवी पत्नी सतीश शर्मा, राकेशभूषणदिनेशकुमार पिता हीरालाल, अमर बहादुर पिता बंशगोपाल, पुष्पा पति सतीष कुमार अखिलेश मिथिलेश रत्नेश बृजेश पिता सतीष शर्मा, राजीवलोचन पिता रमेशप्रसाद शुक्ला |
| 15 | 181 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि/आवासीय | 0.0025 | (181/1) श्यामसुन्दर पिता रामभरोसा, मथुराप्रसाद पिता रामभरोसा |
| 16 | 191/6 | सरकारी | कृषि | 0.2596 | नजूल मध्य प्रदेश शासन |
| 17 | 2083 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0045 | (2083/1/1/1) राजमणि पिता अंजनी दत्त, रामनिरंजन पिता अंजनी दत्त, शिवसहाय पिता अंजनी दत्त, रमाकान्त पिता संतेश्वरप्रसाद |
| 18 | 215 | निजी | कृषि | 0.0769 | (215/1) (Area-0.0415), (215/2) (Area-0.0336) श्री विजय राघव भगवान रानी मंन्दिर सिरमौर प्रवन्धक कलेक्टर रीवा, (215/3) (Area-0.0018) म0प्र0पा0ज0क0लि0सिरमौर |
| 19 | 217/2 | सरकारी | कृषि | 0.0358 | म.प्र शासन |
| 20 | 219 | निजी | कृषि | 0.0011 | श्री विजय राघव भगवान रानी मंन्दिर सिरमौर प्रवन्धक कलेक्टर रीवा |
| 21 | 221 | निजी | कृषि | 0.2341 | श्री विजय राघव भगवान रानी मंन्दिर सिरमौर प्रवन्धक कलेक्टर रीवा |
| 22 | 261 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.1231 | (261/5) (Area-0.0198) गयाप्रसाद पिता रामखेलावन, (261/2/1) (Area-0.0047) हरिओम दिबेदी पिता जगदीश प्रसाद, (261/2/2) (Area-0.002) राकेश कुमार शुक्ला पिता शालिक प्रसाद शुक्ला बंदना पति राकेश कुमार शुक्ला हिमांशु शुक्ला पिता राकेश कुमार शुक्ला सरोज सिंह पति अनूप सिंह, (261/3) (Area-0.0157) शैलेन्द्र दिवेदी पिता वैद्यनाथ दिवेदी, (261/4) (Area-0.0204) मुचन्द्रकली पति तीर्थप्रसाद अनसुइयाप्रसाद पिता तीर्थप्रसाद, (261/1) (Area-0.0605) म.प्र. (शासकीय) |
| 23 | 265 | निजी | कृषि/ व्यावसायिक | 0.0247 | (265/2/2) (Area-0.0247) अजयकुमार पुत्र राजीवलोचन पाण्डेय, बिजयकुमार पुत्र राजीवलोचन पाण्डेय |
| 24 | 269 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि/आबासीय | 0.1201 | (269/2/1/2) (क्षेत्र-0.0066) प्रशांत सिंह, पुत्र भोला सिंह, (269/2/2/6) (क्षेत्र-0.0102) राजबली सिंह, पुत्र लल्लू सिंह, (269/2/2/7) (क्षेत्र-0.0129) ज्ञानसिंह पत्नी सूर्यराजसिंह, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र सूर्यराजसिंह, (269/2/2/5) (क्षेत्र-0.0273) इन्द्रबली सिंह, पुत्र लल्लू सिंह, (269/2/2/3/4) (क्षेत्र-0.0298) आदित्य सिंह, पुत्र राजेश सिंह; नबा (अभिभाबक), पिता राजेश सिंह , (269/2/2/1/2/1/2) (क्षेत्र-0.0019) (269/2/2/1/2/1/1) (क्षेत्र-0.0065) जितेंद्र सिंह पुत्र रमेश प्रताप सिंह , (269/2/2/1/2/2) (क्षेत्र-0.0018) सीमा सिंह पत्नी जितेंद्र सिंह, (269/2/2/1/1/3) (क्षेत्र-0.0026) विवेक सिंह पुत्र संजय सिंह, (269/2/2/1/1/2) (क्षेत्र-0.0048) मंजू सिंह पत्नी संजय सिंह , (269/2/2/1/1/1/2) (क्षेत्र-0.0049) (269/2/2/1/1/1/1) (क्षेत्र-0.0026) संजय सिंह के पुत्र रमेश प्रताप सिंह , (269/2/2/2/2) (क्षेत्र-0.0042) मीना सिंह पत्नी राजकुमार सिंह , (269/2/2/2/3) (क्षेत्र-0.004) विक्रम सिंह पुत्र राजकुमार सिंह |
| 25 | 272 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0879 | (272/1) ( Area-0.0879) रामकलीपतिअयोध्याप्रसाद रजनीशकुमारमनीषकुमार विनीषकुमार पिता अयोध्या प्रसाद नामदेव,चंन्द्रमणि प्रसाद पिता विश्राम दर्जी, गणेश प्रसाद पिता विश्राम दर्जी |
| 26 | 274 | निजी | कृषि | 0.0137 | दुन्नी पिता दद्दीवा, छोटानी पिता मंगाली |
| 27 | 290 | सामान्य (निजी/सरकारी) | कृषि | 0.0501 | (290/1) (Area-0.0501)जीतेन्द्र कुमार पिता राजकुमार, कमलादेवी पत्नी राजकुमार, बीरेन्द्र कुमार पिता राजकुमार |
| 28 | 291 | निजी | कृषि/वाणिज्यिक | 0.0137 | (291/1) (एरिया-0.0055) सुमन गौतम पत्नी अंतप गौतम, (291/3/2) ( एरिया-0.0025) महेश कुमार पिता रामकुमार ब्रा, (291/3/3) (एरिया-0.0057) सुनिता गौतम, पत्नी दिनेश कुमार गौतम |
| 29 | 298 | निजी | कृषि | 0.0538 | (298/1/1) (Area-0.033) शैलेन्द्र दिवेदी पिता वैद्यनाथ दिवेदी, (298/4/1) (Area-0.0208) अनसुइयाप्रसाद पिता तीर्थ प्रसाद |
| 30 | 94 | सामान्य (निजी/सरकारी) | एग्रीकल्चर | 0.0358 | केशव पिता रामेश्वर रामजियावन अयोध्या पिता माधौ, देवानंद भुवनेश्वर रामावतार पिता तीरथ, द्वारिका प्रसाद पिता काशीप्रसाद शारदाप्रसाद पितारामनाथ सावित्री बेवा राजेश्वर दिनेशप्रसाद रमेशप्रसाद शिवकुमार पिता राजेश्वर जयमंतीबेवा जगदीश सुदामा सुरजपिता जगदी, मकरंन्द्र छोटेलाल पिता शम्भू जैमुनिया बेवा यदुनाथलालजी पिता यदुनाथ बेवारामबाबू अर्जुन पिता रामबाबू, हरिहर गिरिजा शुरेश पिता राममनोहर मु शुसीला बेवा गणेश अजयमनीश पिगणेश सुधा पुत्री गणेश कल्लू विश्राम चंन्द्रशेखर नन्दकिसोर सुक्खी छोटकी माता जयमनिया मुजयमनिया पत्नी वंशी, बैरजुआ पति श्यामलाल अशोक रमेश शान्ती पिता श्याम लाल दुर्गाबाई पतिबुद्ध सेन रामाबतार सोनी अशोक कुमार सोनी पिता बुद्धसेन सोनी, म0प्र0 पा0 ज0 क0 लि0 सिरमौर, सड़क, पंकज सिंह पिता सुभाष सिंह |
| | | | Total | 1.52863 | |

[फा. सं. CE-ROBPL/30010/77/23-24/3D3]

शेख अमीनखान, निदेशक

G- 14170/26

# पीएम मोदी के 12 वर्ष गरीब कल्याण, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम काल हैं : गिरीश गौतम

## देवतालाब मंदिर में आयोजित हुए धार्मिक कार्यक्रम



**आंचलिक डेस्क।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करने पर बुधवार को देवतालाब मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए। विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ सुंदरकांड एवं हवन देवतालाब विधायक गिरीश गौतम के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सफाई भी की गई। मंदिर में पूजा-पाठ व आरती के बाद विधायक गिरीश गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनसेवा, समर्पण और विश्वास के 12 वर्षों में नया इतिहास रचा है। प्रधानमंत्री जी ने भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद से पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा है। भाजपा ने राज्यसभा के माध्यम से सभी समाज वर्ग का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के 12 वर्ष गरीब कल्याण, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा का स्वर्णिम काल है। जनकल्याणकारी कार्यों से लोगों का जीवन बदलने का कार्य किया जा रहा है भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने महावीरन मंदिर बिलोनी में पूजा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राम राज्य में कोई भूखा नहीं सोता था, बेटियों की रक्षा होती थी। गौमाता के पूजन के साथ-साथ सनातन संस्कृति के मंदिरों का वैभव अलग ही नजर आता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बेहद सादगीपूर्ण जीवनशैली के साथ ही देश सेवा के लिए समर्पित हैं। जिनके पास अपना कोई मकान नहीं, ऐसे देश के 25 करोड़ लोगों को मकान दिलाने और 80 करोड़ नागरिकों को निःशुल्क अनाज बांटा जा रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं। हम सभी के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश में जनसेवा और सीमा पर सामरिक सुरक्षा सशक्त हुई है। मऊगंज जिला के सभी मंडलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह, नीलम सिंह, प्रियंका पटेल, राहुल गौतम, सुरेंद्र सिंह चंदेल देवेंद्र शुक्ला, शिवपूजन शुक्ला, विनोद कोल, लवकुश सिंह, नागेंद्र पटेल, विभा शर्मा, नागिता गुप्ता, संजय सोनी कान्हा दीक्षित, अमित सिंह, शाहिद बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी त्योंथर ने लोकतंत्र की रक्षा हेतु उपवास कार्यक्रम किया आयोजित



**त्योंथर ब्यूरो।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी त्यौंथर अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह द्वारा आयोजित उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कहा गया कि भाजपा सरकार के दबाव में मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी त्योंथर द्वारा उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उपवास कार्यक्रम के माध्यम से कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए इस कार्रवाई के विरुद्ध शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करती रहेगी तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास का मजबूती से विरोध किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिंद्रा प्रसाद तिवारी (उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी रीवा), रामायण सिंह (उपाध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी रीवा), बृजेन्द्र सिंह (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी त्योंथर), धर्मेंद्र कुमार मांझी (अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी त्योंथर), राजेंद्र पांडे (अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गढ़ी), दिनेश सिंह (मंडलम अध्यक्ष, चांदी), एडवोकेट दुर्गा सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), रण बहादुर सिंह (वरिष्ठ कांग्रेस नेता), अरुण विश्वकर्मा, बलवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, अंबिका प्रसाद गिरी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी), इंद्रायण भुर्तिया (मंडल अध्यक्ष), मकसूदन सिंह (पूर्व जनपद अध्यक्ष), भारत सिंह (मंडलम अध्यक्ष), कमलभान सिंह, अशोक सिंह, हरीश सिंह (मंडलम अध्यक्ष, रायपुर), सज्जन सिंह एवं राकेश सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की आवाज़ को दबाने के हर प्रयास का कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# कष्टहरनाथ मंदिर में सांसद एवं गुढ़ विधायक ने की प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना



**गुढ़ (नि. प्र)।** 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के अंतर्गत रीवा संसदीय क्षेत्र के सांसद जनार्दन मिश्रा एवं गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह सहित भाजपा मंडल गुढ़ के पदाधिकारियों ने बुधवार को श्री कष्टहरनाथ मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित पुजारियों एवं श्रद्धालुओं से संवाद भी किया गया। सुबह लगभग 11 बजे मंदिर पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सांसद जनार्दन मिश्रा एवं विधायक नागेंद्र सिंह ने सांसद प्रगति पथ यात्रा में भी भाग लिया। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के नागरिकों से जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की तथा लोगों से संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल गुढ़ के प्रभारी एवं जिला मंत्री बाबूलाल यादव, जिला उपाध्यक्ष अशोक सिंह गहरवार, मंत्री संध्या कोल, मंडल अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता, एड. के.टी. निवास मिश्रा, लक्ष्मीकांत शुक्ला, अनिल सिंह, रावेंद्र मिश्रा, कपूरचंद्र सोनी, कपिल पयासी, आलेश पयासी, बी.के. पाण्डेय, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, राजबहोर कुशवाहा, इन्द्रेश मिश्रा, राघव प्रसाद पयासी, मुन्नी सिंह, दिलीप दुबे, धनपतलाल गुप्ता, हरीश प्रसाद मिश्रा, जगदीश गोटिया, नीतेश साकेत, शंकर बंसल, ओम त्रिपाठी, आनंद यादव, विजय विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अर्थशास्त्र विभाग के मिलन समारोह में छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए किया प्रेरित

## सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में बुधवार को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के कुमकुम तिलक से स्वागत, माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया तथा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छात्रसंघ प्रभारी रजनीश त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा, डिजिटल शिक्षण प्रणाली तथा शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य का सम्मान कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। समारोह में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. के.पी. मिश्रा, ज्ञानेंद्र सिंह करचुली, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. अतुल द्विवेदी, डॉ. अभिलाषा सिंह, डॉ. प्रियंका द्विवेदी, डॉ. प्रतिभा द्विवेदी, डॉ. प्रमोद मिश्रा, डॉ. मधु सोनकर एवं डॉ. रश्मि पांडे सहित अनेक शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. आर.एन. पटेल ने विद्यार्थियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं जहां भी रहें, अपने कार्यों से अपने माता-पिता, गुरुजनों और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। प्राचार्य ने अर्थशास्त्र विभाग द्वारा सीमित संसाधनों में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति हैं तथा उन्हें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सफलता की नई ऊंचाइयों को छूना चाहिए। कार्यक्रम का सफल संचालन एमए प्रीवियस की छात्राओं पारुल मिश्रा एवं शिवानी तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन पारुल द्विवेदी एवं माधुरी मिश्रा द्वारा किया गया। अंत में अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. विजय मिश्रा एवं डॉ. प्रियंका द्विवेदी ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में पारुल द्विवेदी, शिवानी सिंह, शिवानी तिवारी, शिवानी पांडे, शिवानी मिश्रा, सत्येंद्र साहू, नितिन साहू, काजल दुबे, साक्षी, प्राची, शिवानी कुशवाहा, अंजली पांडे, माधुरी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# मप्र पेंशनर्स एसोसिएशन मनगवां ने तहसीलदार को 6 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन




**मनगवां नि.प्र.।** पेंशनर्स की ज्वलंत लंबित समस्याओं का निराकरण नहीं होने से पेंशनर्स एवं उनके परिवार में घोर निराशा एवं असंतोष व्याप्त है। पेंशनरों ने संवाददाता को बताया कि यहां तक कि केन्द्र की देय तिथि से न तो महंगाई राहत दी जाती है, और न ही स्वास्थ्य संबंधी लाभ दिये जा रहे हैं। इससे पेंशनरों का मनोबल गिरा है, निराशा-हताशा ही उनके हाथ लगी है तथा वे अभावग्रस्त जीवन जीने के लिये मजबूर हैं। अपनी युवा अवस्था की सारी ऊर्जा शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता को दिलाने के लिए लगाने के बाद अब स्वयं पेंशनर्स दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं। म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को अविलंब समाप्त किया जावे। अभी राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार कैशलेस बीमा की योजना लागू की जा रही है, परन्तु प्रीमियम के रूप में कर्मचारियों से 1 प्रतिशत और पेंशनर्स से 4 प्रतिशत लेने का प्रावधान किया गया है। निवेदन है कि या तो पेंशनर्स से कोई भी प्रीमियम नहीं लिया जावे अथवा कर्मचारियों से अधिक लेना अन्यायपूर्ण है। पेंशनर्स को देय आर्थिक लाभ 4, 6, 8 माह बाद अथवा 1 वर्ष बाद भी मुश्किल से दिये जाते हैं। पेंशनर्स के देय लाभ विलंब से दिया जाना पेंशनर्स के हक पर डाका डालने जैसा है। समेत कई अन्य मांगों को लेकर बुधवार को तहसील कार्यालय मनगवां में तहसीलदार आंचल अग्रहरि को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख रूप से लोगों में पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई मनगवा अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा, सचिव दामोदर प्रसाद पयाशी, राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, राम उजागर तिवारी,छोटेलाल सोनी, राम निरंजन नामदेव, राधिका प्रसाद पटेल, सुरेश पांडे, श्रवण कुमार तिवारी, गिरधारी लाल तिवारी, सिया मोहिनी शरण मिश्रा, यदुवंश प्रसाद मिश्र, राम सजीवन शुक्ला, राजर्षि देव पांडे, राम प्रसाद द्विवेदी, केडी सिंह, भोलानाथ पटेल, केशव प्रसाद अवस्थी, अंजनी कुमार तिवारी, राकेश अवस्थी समेत सैकड़ो पेंशनर्स एसोसिएशन के साथी उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा का मनाया गया बलिदान दिवस



**अतरैला नि.प्र.।** रौली पंचायत के मुसेहला गांव में अमर शहीद बिरसा मुंडा की शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस मौके पर क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीण मजदूर किसान महिलाओं को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव अमित सोहगौरा ने कहा कि मात्र 25 वर्ष की उम्र में जल जंगल और जमीन की लड़ाई के लिए अपना बलिदान देने वाले बिरसा मुंडा हमेशा गरीबों के संघर्ष के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे, जिन समस्याओं को लेकर उन्होंने संघर्ष किया वह समस्याएं आज भी आम गरीब आदमी के सामने हैं। हमें उनकी शहादत और संघर्ष से प्रेरणा लेकर अपने इलाके के जल जंगल जमीन की लड़ाई को लड़ना पड़ेगा। आज भी बड़ी संख्या में भूमिहीन आदिवासियों के पास अपने लिए घर तक नहीं है, हमें इसके लिए संघर्ष को तेज करना होगा किसान सभा के जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय नेता कांति कुमार दुबे ने इस मौके पर बोलते हुए कहा की जब तक दबे कुचले शोषित वंचितों को उनका अधिकार नहीं मिल जाता तब तक बिरसा मुंडा जैसे नायक को याद करना और उनके बताए हुए रास्ते पर चलना हम सब की जिम्मेदारी है, उन्होंने क्षेत्र के तमाम गरीबों किसानों श्रमिकों से सभी प्रकार के अत्याचार शोषण के खिलाफ माकपा द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी करने की भी अपील की आदिवासी एकता महासभा के प्रदेश सचिव लालता प्रसाद कोल एवं क्षेत्रीय नेता शैलेश वर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए बिरसा मुंडा को तमाम गरीबों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया तथा उनके सिखाएं हुए संघर्ष के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में भुवाल प्रजापति, रामपति केवट पंगुल मौसी प्रेमलाल केवट, शंभू त्यागी, संतोष साहू, धर्मराज तिवारी, योगेंद्र तिवारी, कालिका मांझी सहित करीब 500 से अधिक लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# मोसौआ गांव पहुँचीं डॉ. प्रतिभा सिंह, ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं



**गुढ़।** महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव डॉ. प्रतिभा सिंह ने गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के मोसौआ गांव में पहुँचकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया एवं उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर बहने वाली नदी पर बना छोटा पुल बारिश के दिनों में पूरी तरह पानी में डूब जाता है, जिससे गांव का आवागमन पूर्णतः बाधित हो जाता है। लोगों को दैनिक कार्यों, बच्चों की पढ़ाई एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु ऊँचे पुल के निर्माण की मांग रखी। इसके अतिरिक्त गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर भी ग्रामीणों ने अपनी चिंता व्यक्त की। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग पाँच वर्षों से सड़क पूरी तरह खराब स्थिति में है, जिसके कारण आवागमन अत्यंत कठिन हो गया है। डॉ. प्रतिभा सिंह ने स्वयं सड़क की खराब स्थिति का निरीक्षण किया और इसे गंभीर समस्या बताया। डॉ. प्रतिभा सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को संबंधित अधिकारियों एवं शासन स्तर तक प्रमुखता से पहुँचाया जाएगा तथा समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आगामी स्वास्थ्य शिविर को लेकर भी चर्चा की और अधिक से अधिक लोगों से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्थगन आदेश की अवहेलना कर मंदिर भूमि पर निर्माण का आरोप

## कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी



**मनगवां नि.प्र.।** तहसील मनगवां अंतर्गत ग्राम आंबी स्थित श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर ट्रस्ट की भूमि पर न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय के स्थगन आदेश की अवहेलना कर निर्माण कार्य किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष अखण्डानंद जी महाराज के नेतृत्व में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने तहसील कार्यालय मनगवां पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम अंबी स्थित आराजी क्रमांक 391, 394, 790, 801, 386 एवं 1274 की भूमि मंदिर ट्रस्ट की है, जिस पर कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त भूमि से संबंधित विवाद न्यायालय में विचाराधीन है तथा तहसीलदार मनगवां द्वारा प्रकरण क्रमांक 0027/अ-70/2024-25 में 13 अक्टूबर 2025 को निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश पारित किया गया था। इसके अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनगवां द्वारा अपील प्रकरण क्रमांक 0025/अपील/2026-27 में 13 अप्रैल 2026 को यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए थे। आरोप है कि इन आदेशों के बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा निर्माण कार्य जारी रखा गया है। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि आदेश के पालन हेतु पुलिस प्रशासन को भी निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। मंदिर ट्रस्ट एवं श्रद्धालुओं ने मांग की है कि न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, निर्माण सामग्री जब्त की जाए तथा आदेश की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो मंदिर ट्रस्ट, श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी तहसील कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मनगवां संजय जैन ने मामले में धारा 188 के तहत आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। प्रशासन की ओर से कार्रवाई के आश्वासन के बाद श्रद्धालुओं ने अपना धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

# नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में तहसील के सामने ब्लाक कांग्रेस ने किया उपवास, दिया धरना



**सेमरिया।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन एवं जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) रीवा के मार्गदर्शन में कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन जी का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में आज सेमरिया तहसील कार्यालय के सामने उपवास एवं धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। धरना-उपवास कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक एवं गांधीवादी तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक राजनीतिक दल एवं प्रत्याशी को निष्पक्ष अवसर मिलना चाहिए तथा राजनीतिक प्रतिस्पर्धा संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया अध्यक्ष मोविन खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुर अध्यक्ष चेतनाथ पटेल, संतोष सोहगौरा अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बांकुइयां, नगर परिषद अध्यक्ष सेमरिया पदमा कुशवाहा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आदर्श कश्यप, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोहित सिंह, मंडलम अध्यक्ष जावेद खान, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष गुप्ता, कृष्ण बहादुर सिंह, प्रियम पयासी (एनएसयूआई), रोहिणी कुशवाहा (नगर प्रतिनिधि), पार्षद ललन सिंह, लल्लू लाल द्विवेदी, पप्पू पंडित, चुनकी साकेत, पार्षद लालू आदिवासी, डॉ. अखिलेश द्विवेदी, सुशील गुप्ता, पार्षद सुंदर साकेत, राजमणि पांडे जी, रमाकांत नामदेव, अजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, दिलीप तिवारी मीडिया प्रभारी कांग्रेस सेमरिया , राकेश पयासी, रावेन्द्र तिवारी (मंडलम अध्यक्ष मनकहरी), अखिलेश कुशवाहा, वीरेंद्र द्विवेदी (मंडलम अध्यक्ष कटकी), सौरभ तर्मकार, प्रिंस शर्मा, सीताप्रसाद शुक्ल, सुरेंद्र द्विवेदी, रवि द्विवेदी, राजकुमार दुबे, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने लोकतंत्र, संविधान एवं राजनीतिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया तथा अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया।

# मऊगंज कलेक्टर कार्यालय परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी रखा उपवास



**हनुमना, नि.प्र.।** लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ बुधवार को मऊगंज कलेक्टर कार्यालय परिसर में जिला कांग्रेस कमेटी मऊगंज द्वारा जिला अध्यक्ष हरिलाल आदिवासी के नेतृत्व में उपवास कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में कांग्रेसजनों ने शांतिपूर्ण उपवास कर लोकतंत्र, संविधान और जनाधिकारों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव एवं पूर्व विधायक सुखेंद्र सिंह बन्ना, देवतालाब विधानसभा कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी पद्मेश गौतम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता यदुवंश मिश्रा, पार्षद विश्वनाथ मिश्र, जिला संगठन महामंत्री नरेंद्र बहादुर सिंह, जनपद अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष शिवलाल साकेत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय चतुर्वेदी, वीरेंद्र मिश्रा, अखिलेश पटेल, आनंद सिंह, मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद बारिश खान, पार्षद अभय बंसल, पार्षद प्रतिनिधि विद्याचरण दुबे, शेख मुख्तार सिद्दीकी, पार्षद अन्नू खान, श्री मकसूद खान, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, हनुमना ब्लॉक अध्यक्ष नरेशचंद्र गुप्ता, रघुराजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष शशिकांत त्रिपाठी, उमेश कोल जी, श्री केपी सिंह जी, श्री रविकांत पांडे जी, राजकुमार साहू, मिश्रीलाल पटेल, जनपद सदस्य ओमप्रकाश तिवारी (मुन्ना भैया, राम सजीवन सोनी, दिनकर मिश्रा, श्यामजी गुप्ता, मुन्ना सिंह, शंकर सिंह नेताम, राहुल सिंह पहाड़ी, प्रवीण सिंह ,राजेश सिंह, लालमन पटेल, गुल्लू शुक्ला, रिंकू सिंह ,संजय सिंह, आशीष पंडित, रोहित पांडे, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल, अर्पित पांडे, अमृतलाल शुक्ला, विद्यानिवास मिश्रा, राजा दुबे सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष तथा अन्याय के विरुद्ध निरंतर आवाज उठाने का संकल्प लिया गया

# सबसे बड़े महिला टी-20 वर्ल्डकप का आगाज कल से

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इतिहास का सबसे बड़ा टी20 वर्ल्ड कप 12 जून से शुरू हो रहा है, जिसमें दुनिया के 12 देश भाग लेने वाले हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने 2026 के विश्व कप को इतिहास का सबसे बड़ा टी20 वर्ल्ड कप बताया। उन्होंने भारत, पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया समेत सभी टीमों को शुभकामनाएं दी हैं। पहली बार महिला टी20 वर्ल्ड कप में 12 टीम भाग लेने जा रही हैं, इसलिए जय शाह ने इसे सबसे बड़ा विश्व कप बताया। इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी इंग्लैंड और वेल्स कर रहे हैं। 12 जून को पहला मैच खेला जाएगा और फाइनल 5 जुलाई को खेला जाना है। बता दें कि टीम इंडिया ने कभी यह खिताब नहीं जीता है, लेकिन इस बार हरमानप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इतिहास रचना चाहेगी। दुनिया की 12 टीम महिला टी20 वर्ल्ड कप में भाग ले रही हैं, जिन्हें सात-सात के 2 ग्रुप में बांटा गया है। भारत को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसका पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के साथ होना है।

## इंग्लैंड और वेल्स करेंगे मेजबानी, पहली बार 12 देशों की टीमें होंगी शामिल

| ग्रुप-ए | ग्रुप-बी |
|---|---|
| भारत | इंग्लैंड |
| ऑस्ट्रेलिया | न्यूजीलैंड |
| पाकिस्तान | श्रीलंका |
| नीदरलैंड्स | वेस्टइंडीज |
| बांग्लादेश | आयरलैंड |
| दक्षिण अफ्रीका | स्कॉटलैंड |



## 14 जून को पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और टीम इंडिया अपने अभियान का आगाज अब सिर्फ चार दिन बाद पाकिस्तान के खिलाफ करेगी। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर उतरकर टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत करना चाहेगी। भारतीय टीम कभी भी टी20 वर्ल्ड कप नहीं जीती है, ऐसे में वो इस बार इतिहास रचना चाहेगी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज जीतकर अपनी ताकत का परिचय दिया है। इसके अलावा वर्ल्ड कप जीत और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में भारतीय कप्तान द्वारा ट्रॉफी उठाने जैसे नतीजों ने टीम को वर्ल्ड कप क्रिकेट की सबसे मजबूत टीमों में शामिल किया है। हालांकि टूर्नामेंट से ठीक पहले साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हार ने टीम की तैयारियों पर सवाल भी खड़े किए हैं।



## भारत का टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

भारतीय टीम अपना सबसे पहला मैच 14 जून को पाकिस्तान के साथ खेलेगी। 17 जून को नीदरलैंड्स और उसके चार दिन बाद टीम इंडिया को दक्षिण अफ्रीका के साथ भिड़ना है। दक्षिण अफ्रीका पिछली 2 बार की उपविजेता रही है। 25 जून को टीम इंडिया का मैच बांग्लादेश के साथ होना है और आखिरी लीग मैच 28 जून को ऑस्ट्रेलिया के साथ होगा।

**14 जून- पाकिस्तान, एजबेस्टन (बर्मिंघम) -शाम 7.00 बजे**
**17 जून- नीदरलैंड, हेडिंग्ले (लीड्स) -शाम 7.00 बजे**
**21 जून- दक्षिण अफ्रीका, ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर)- शाम 7.00 बजे**
**25 जून-बांग्लादेश, ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) -शाम 7.00 बजे**
**28 जून-ऑस्ट्रेलिया, लॉर्ड्स (लंदन)- शाम 7.00 बजे**

### भारत पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में

भारत को ग्रुप में रखा गया है, जहां उसे पाकिस्तान, नीदरलैंड, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों का सामना करना है। सेमीफाइनल की दौड़ आसान नहीं होगी, क्योंकि कई प्रमुख खिलाड़ी फॉर्म से जूझ रहे हैं और कुछ अहम ऑलराउंडर चोटों से प्रभावित रहे हैं। भारतीय टीम में शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, यास्तिका भाटिया, जेमिमा रोड्रिग्स, कप्तान हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल, श्री चरणी, क्रांति गौड़, रेणुका ठाकुर और नंदिनी शर्मा शामिल हैं। 2024 टी20 वर्ल्ड कप में भारत का सफर ग्रुप स्टेज में ही समाप्त हो गया था। टीम केवल पाकिस्तान और श्रीलंका को हराने में सफल रही थी। हालांकि उसके बाद भारत ने शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीती तथा वेस्टइंडीज और श्रीलंका को घरेलू मैदान पर हराया। लेकिन दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के खिलाफ हालिया हार ने टीम की लय बिगाड़ दी है। भारत के लिए ग्रुप चरण का सबसे अहम मुकाबला 21 जून को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ माना जा रहा है. हाल ही में भारत को लॉरा वोल्वार्ट की टीम के खिलाफ टी20 सीरीज में 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी। ऐसे में यह मुकाबला सेमीफाइनल की तस्वीर तय कर सकता है।

### आस्ट्रेलिया 6 बार जीत चुका है खिताब

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2009 में हुई थी और अब तक 9 बार टूर्नामेंट खेला जा चुका है। इस इवेंट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम रही है, जिसने रिकॉर्ड 6 बार खिताब जीता है। वहीं इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक-एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। भारत अभी तक खिताब नहीं जीत पाया है, लेकिन 2020 में उपविजेता रहा था।

## खेल एक नजर


### पहले फिट घोषित हुए हार्दिक अफगान वनडे सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने के कुछ ही घंटों बाद हार्दिक को जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव (हैमस्ट्रिंग) आ गया। सीरीज 13 जून से शुरू हो रही है। 32 साल के हार्दिक आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए पीठ की जकड़न का शिकार हो गए थे। वे इसी चोट से उबरकर फिटनेस क्लियरेंस सर्टिफिकेट लेने बेंगलुरु पहुंचे थे। बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि अब नई चोट की वजह से उन्हें रिकवरी और रिहैबिलिटेशन के लिए कम से कम तीन हफ्ते का समय लगेगा, जिसके चलते वे आगामी सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाएंगे। जानकारी के अनुसार, हार्दिक पंड्या बेंगलुरु में फिटनेस टेस्ट के आखिरी दौर में थे। असेसमेंट के दौरान उन्होंने अपनी पूरी क्षमता देखने के लिए मैदान पर पूरे 10 ओवर गेंदबाजी की।



### एशियन गेम्स : पाक टीम से बाबर-शाहीन बाहर, फरहान कप्तान बने

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पाकिस्तान ने आगामी एशियन गेम्स 2026 के लिए अपनी 15-सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। इस बार सेलेक्टर्स ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए टीम में युवाओं पर बड़ा दांव खेला है। एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रही पाकिस्तानी टीम में कई नए और अनकैप्ड चेहरों को शामिल किया गया है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस 15 सदस्यीय दल में आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद जैसे अनकैप्ड खिलाड़ियों को जगह मिली है। ये चारों युवा खिलाड़ी इस बड़े टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान के लिए अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू करने की रेस में सबसे आगे चल रहे हैं। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने वाले इन युवाओं के पास खुद को साबित करने का यह एक सुनहरा मौका होगा।



# इंडिया-ए और अफगानिस्तान-ए ट्राई सीरीज का दूसरा मुकाबला आज, तिलक की नजर जीत पर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ट्राई सीरीज के अपने दूसरे मुकाबले में गुरुवार को इंडिया ए टीम का सामना अफगानिस्तान ए से होगा। यह मुकाबला रंगिरी दांबुला स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे शुरू होगा। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में श्रीलंका ए को मात दी थी। ऐसे में कप्तान तिलक वर्मा की नजर जीत की लय बरकरार रखने पर होगी। इतना ही नहीं पहले मैच में बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे वैभव सूर्यवंशी की नजर दमदार वापसी पर होगी। भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ विनिंग कॉम्बिनेशन से ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकती है।

### रुतुराज शानदार फॉर्म में

पिछले मैच के हीरो रुतुराज गायकवाड़ अपनी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेंगे। श्रीलंका के खिलाफ उपकप्तान गायकवाड़ ने शतक ठोका था। उन्हें कप्तान तिलक वर्मा का भरपूर साथ मिला था। 5 नंबर पर उतरे तिलक ने फिफ्टी लगाई थी। लोअर ऑर्डर में आयुष बदोनी को उतरा जा सकता है।




ऑलराउंडर अनुकूल रॉय और सूर्यांश शेडगे बल्लेबाजी को गहराई देंगे। वहीं गेंदबाजी की कमान अंशुल कंबोज, अरशद खान और विप्रज निगम के कंधों पर होगी।

### इंडिया ए की संभावित टीम

वैभव सूर्यवंशी, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्य, रुतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा (कप्तान), आयुष बडोनी, अनुकूल रॉय, सूर्यांश शेडगे, अंशुल कंबोज, अरशद खान, विप्रज निगम।

### फिर एक्शन में नजर आएंगे वैभव

वैभव सूर्यवंशी और विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह एक बार फिर पारी की शुरुआत कर सकते हैं। पिछले मैच में वैभव ने 3 चौकों की बदौलत 12 गेंदों 14 रन बनाए थे। वहीं प्रभसिमरन 2 रन ही बना पाए थेअफगानिस्तान के खिलाफ दोनों बल्लेबाजों की नजर दमदार वापसी पर होगी। 3 नंबर पर प्रियांश आर्य उतर सकते हैं। पिछले मैच में सेट होने के बाद रन आउट हुए आर्य अपनी गलती को सुधारना चाहेंगे।



# इंग्लैंड के ब्रूक बने नंबर-1 टेस्ट बैटर भारतीय कप्तान गिल आठवें नंबर पर

**दुबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के हैरी ब्रूक आईसीसी टेस्ट बैटर रैंकिंग में टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने करियर में दूसरी बार यह पोजिशन हासिल की है। बुधवार को जारी रैंकिंग में उन्होंने इंग्लैंड के ही जो रूट को पीछे छोड़ा। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड दूसरे और जो रूट तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को दो स्थान का फायदा हुआ है। वे 8वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ इकलौते टेस्ट में 126 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट में ब्रूक ने अर्धशतक जड़ा था। इंग्लैंड ने यह मैच 115 रनों से जीता। इस प्रदर्शन का फायदा ब्रूक को रैंकिंग में मिला। दिसंबर 2024 में भी हैरी ब्रूक पहली बार नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बने थे। लॉर्ड्स टेस्ट में जो रूट का बल्ला शांत रहा था। वे दोनों



पारियों में 1 और 8 रन ही बना सके। इस प्रदर्शन के चलते रूट तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रेविस हेड अब दुनिया के दूसरे नंबर के टेस्ट बल्लेबाज बन गए हैं। लॉर्ड्स टेस्ट की आखिरी पारी में 30 रन देकर 5 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस को फायदा हुआ है। वे टेस्ट रैंकिंग में 7 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वे ऑलराउंडर्स की लिस्ट में भी दो स्थान के सुधार के साथ छठे नंबर पर आ गए हैं। लंबे ब्रेक के बाद टेस्ट क्रिकेट में लौटे काइल जैमीसन 22वें और ओली रॉबिन्सन 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### शुभमन गिल को दो स्थान का फायदा

भारतीय बल्लेबाजों को भी फायदा हुआ है। अफगानिस्तान के खिलाफ शतक जड़ने वाले शुभमन गिल दो पायदान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के बेन डकेट तीन स्थान के सुधार के साथ 15वें नंबर पर आ गए हैं। जेमी स्मिथ 5 पायदान चढ़कर 23वें और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स 15 स्थान चढ़कर 40वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### भारत 9 साल बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज खेलेगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय टीम 15 अगस्त से श्रीलंका दौरे की शुरुआत करेगी। 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम ने श्रीलंका को टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया था। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम दो टेस्ट मैच खेलेगी। पहला टेस्ट गॉल में खेला जा सकता है। वहीं दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में हो सकता है। यह सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का हिस्सा होगी। टेस्ट सीरीज के अलावा भारत और श्रीलंका के बीच 3 टी-20 मैच भी खेले जा सकते हैं। क्रिकबज के मुताबिक बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने हाल में ही कहा था कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड से तीन मैचों की बात हुई है। श्रीलंका प्रीमियर लीग 9 अगस्त को खत्म होने वाली है। ऐसे में टेस्ट सीरीज के बाद टी-20 मुकाबले कराना ज्यादा आसान माना जा रहा है। भारत-ए की टीम अभी श्रीलंका दौरे पर ट्राई-सीरीज खेल रही है। टीम का पहला मुकाबला 9 जून को खेला गया था।

## फीफा विश्वकप फुटबाल डायरी

### भारत में कब और कहां देखे जा सकेंगे मैच

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत 12 जून (भारतीय समय के अनुसार) को होगी, जिसमें पहली बार 48 टीमों के बीच कुल 104 मैच खेले जाएंगे। इस विश्व कप की मेजबानी संयुक्त रूप से मैक्सिको, कनाडा और अमेरिका करेंगे। इस नए फॉर्मेट में चार-चार टीमों के 12 ग्रुप होंगे। प्रत्येक ग्रुप की टॉप दो टीमें और तीसरे स्थान पर रहने वाली सर्वश्रेष्ठ 8 सबसे अच्छी टीमें नॉकआउट स्टेज में पहुंचेंगी, जिससे पारंपरिक राउंड ऑफ 16 से पहले एक नया राउंड ऑफ 32 बनेगा। 28 जून को ग्रुप स्टेज खत्म होगा, जिसके बाद 29 जून से 4 जुलाई तक राउंड ऑफ 32 खेला जाएगा। राउंड ऑफ 16 4 से 8 जुलाई के बीच होगा। क्वार्टर फाइनल 10 से 12 जुलाई तक खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल मैच क्रमशः 15 और 16 जुलाई को होंगे। तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में खेला जाएगा, जबकि फाइनल मुकाबला 20 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा। भारत इस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले रहा है, लेकिन अब तक के सबसे बड़े फीफा वर्ल्ड कप को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला रहा है। भारत में कहां देख सकेंगे फीफा वर्ल्ड कप 2026 का लाइव टेलीकास्ट फीफा वर्ल्ड कप 2026 टेलीविजन पर नए लॉन्च हुए यूनाइट 8 स्पोर्ट्स नेटवर्क पर टेलीकास्ट होगा। चार चैनल— यूनाइट 8 स्पोर्ट्स 1 (हिंदी), यूनाइट 8 स्पोर्ट्स 1 एचडी (हिंदी), यूनाइट 8 स्पोर्ट्स 2 (इंग्लिश), और यूनाइट 8 स्पोर्ट्स 2 एचडी (इंग्लिश) इन मुकाबलों का प्रसारण करेंगे। भारत में फुटबॉल फैंस जी5 ऐप पर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबलों की लाइव स्ट्रीमिंग देख सकेंगे।



### आखिरी वॉर्मअप मुकाबला: अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से दी शिकस्त

**अलबामा, जेएनएन।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 की शुरुआत से पहले आखिरी वॉर्म-अप मुकाबले में अर्जेंटीना ने आइसलैंड के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। चोट से उबरने के बाद मैदान पर लौटे लियोनेल मेसी भी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने एक गोल किया। एक मजबूत टीम के खिलाफ खेलते हुए आइसलैंड ने मैच की शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया और कुछ मौके भी बनाए। मिकेल एलर्टसन के पास गोल करने का अच्छा अवसर था, लेकिन वह हाथ आए इस मौके को भुनाने में नाकाम रहे। यह मौका बाद में मैच का अहम मोड़ साबित हुआ। इसके बाद अर्जेंटीना ने खेल पर पकड़ बनाई। आठवें मिनट में वैलेंटिन बार्को ने बॉक्स के बाहर से शानदार शॉट लगाकर पहला गोल किया और टीम को शुरुआती बढ़त दिला दी। हालांकि, इन बदलावों के बावजूद, डिफेंडिंग चैंपियन अभी भी अपने मौकों को भुना नहीं पाए, लेकिन टीम के लिए चंद मिनटों बाद चीजें उस समय बदल गईं जब लियोनेल मेसी मैदान पर उतरे। 38 साल के मेसी ने आते ही अपने खेल से प्रभाव छोड़ना शुरू किया। उन्होंने शानदार पास देकर लुटारो मार्टिनेज को पेनल्टी दिलाई। इसके बाद 72वें मिनट में मेसी ने खुद पेनल्टी किक पर गोल किया।



### ईरानी टीम को मुकाबलों से एक दिन पहले अमेरिका में आने की अनुमति



**मेक्सिको, जेएनएन।** ईरान की नेशनल फुटबॉल टीम को अपने प्रत्येक वर्ल्ड कप मैच से एक दिन पहले अमेरिका में आने की इजाजत होगी। मंगलवार को इसकी पुष्टि डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने कर दी है। इसके साथ ही डीएचएस ने उन तमाम खबरों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि टीम को मैच के दिनों में ही देश में आना-जाना होगा। यह सफाई उन खबरों के बाद दी गई है, जिनमें मेक्सिको में ईरान के राजदूत अबोलफजल पसंदीदेह के हवाले से कहा गया था कि टीम को मैच वाले दिन ही अमेरिका में आना और जाना होगा। इससे यात्रा और टीम के प्रदर्शन पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता पैदा हो गई थी। डीएचएस के प्रवक्ता ने कहा, ऐसा नहीं है कि ईरान को मैच वाले दिन ही आने के लिए मजबूर किया जाएगा। ये बातें गलत हैं।

### 6000 संतरे, 300 किलो लाल मछली और शेफ के साथ पहुंची नार्वे की टीम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नॉर्वे की फुटबॉल टीम 28 साल बाद फीफा विश्व कप में हिस्सा लेने जा रही है। आखिरी बार 1998 में टीम ने टूर्नामेंट में खेला था। फीफा विश्व कप 2026 में हिस्सा लेने के लिए टीम अमेरिका पहुंच चुकी है। अपने खेल के साथ ही नॉर्वे की टीम खाने की वजहों से चर्चा में है। नॉर्वे टीम का कैंप नॉर्थ कैरोलिना के ग्रीन्सबोरो में है। खिलाड़ी वहां जमकर पसीना बहा रहे हैं। मोरोक्को के खिलाफ उनका एक फ्रेंडली मैच भी हो चुका है। टूर्नामेंट के लिए नॉर्वे की टीम अपने देश के 300 किलो लाल मछली, 116 किलो चीज और 6000 संतरे लेकर अमेरिका पहुंची है। खिलाड़ी को घर जैसा महसूस करवाने के लिए नॉर्वे फुटबॉल ने यह फैसला किया है। इसके साथ ही नॉर्वे टीम के साथ शेफ भी अमेरिका पहुंची है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एचएमजी कप: सेंचुरियन ने फाइनल में किया प्रवेश

**भोपाल, खेप्र।** बीडीसीए द्वारा आयोजित एच.एम.जी. कप -15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब /अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल डी.पी.एस. खेल मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया, सेंचुरियन अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों मे 7 विकेट पर 237 रन बनाये जिसमें शिवांशु मिश्रा ने 57 रन, अनिमेष सक्सेना नें 56 रन, नीलाँग मिश्रा 49 रन नाबाद और अयान खान ने 30 रन बनाये। जवाब में अरेरा क्रिकेट अकादमी ने बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 175 रन ही बना सकी। सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने अरेरा क्रिकेट अकादमी को 62 रनो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार शिवांशु मिश्रा को दिया गया।



### आर पारी इलेवन बनी विजेता

#### विधायक ट्रॉफी 2026

**भोपाल, खेप्र।** विधायक ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला आर पारी इलेवन और बुचके कंस्ट्रक्शन के बीच खेला गया। आर पारी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 103/9 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। 104 रनों के खिताबी लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुचके कंस्ट्रक्शन की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन वे 6 विकेट खोकर केवल 97 रन ही बना सके और खिताब से महज 6 रन दूर रह गए। नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा आयोजित विधायक ट्रॉफी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी प्रदेश मंत्री एवं राज्यसभा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए।



प्रतियोगिता का समापन फाइनल मुकाबले से आर पारी इलेवन की खिताबी जीत और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। मैन ऑफ द सीरीज आर.पारी.अरुण इलेवन के विकास यादव को पूरे टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया और उन्हें 11,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। भव सूर्यवंशी अवार्ड - बुचके कंस्ट्रक्शन के शिवा को उनके खास खेल के लिए दिया गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बुचके कंस्ट्रक्शन के पीयूष को दिया गया।

### खेलो भोपाल बेबी लीग फुटबाल अपेक्स एफसी फाइनल में पहुंचा

**भोपाल, खेप्र।** टीटी नगर स्टेडियम में खेली जा रही खेलो भोपाल जिला स्तरीय बेबी लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए अंडर 20 आयु वर्ग के पहले सेमीफाइनल में अपेक्स एफसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टाइटन फुटबॉल क्लब को शून्य के मुकाबले दो गोलों से पराजित कर प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर दिया। अपेक्स एफसी की तरफ से अर्णव तिवारी और अन्यय झरिया में अपनी टीम के लिए एक के गोल बनाए। इसी आयु वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शैडो एफसी ने ईगल फुटबॉल क्लब को एक शून्य से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला अपेक्स फुटबॉल क्लब से होगा। प्रतियोगिता के अंडर 15 आयु वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में इंस्टिट्यूट एफसी ने फाइट क्लब को अपने स्ट्राइकर कुंज वर्मा के द्वारा किए गए एक गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



### रोहित हाउस बना चैंपियन

#### मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट

**भोपाल।** मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर -14 वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रोहित शर्मा हाउस ने विराट कोहली हाउस को हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित शर्मा हाउस ने निर्धारित ओवरों में 108 रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से उत्कर्ष ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, अथर्व ने 21, जबकि ध्रुव ने 14 रन का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की ओर से यश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए। आदित्य और आरव ने भी महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विराट कोहली हाउस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। टीम के लिए कार्तिक ने 51 रन बनाए, जबकि विराट ने 15 रन और गौरव ने 9 रन का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की टीम 105/10 रन बना सकी । रोहित शर्मा हाउस के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए विपक्षी बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया।और मैच और प्रतियोगिता को 3 रनों से जीत लिया गेंदबाजी के लिए रिदम महाराज को मन ऑफ द फाइनल चुना गया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया क्रिकेट कोच श्री के डी गुप्ता,श्री सुरेश खड़से और श्री अब्दुल जमील खान ने किया।







# गुम मोबाइल से बैंक खाते में सेंध, बुजुर्ग के खाते से 3.21 लाख रुपये उड़ाए



**जागरण, रीवा।** चोरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत धौचट गांव में एक बुजुर्ग का मोबाइल गुम होना उनके लिए भारी पड़ गया। मोबाइल हाथ लगते ही तीन युवकों ने ऐसी साजिश रची कि बैंक खाते से 3 लाख 21 हजार रुपये निकाल लिए। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी और एक नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार रामचेरे शुक्ला (71 वर्ष) निवासी धौचट का मोबाइल फोन 14 मई को गुम हो गया था। मोबाइल में लगी सिम उनके बैंक खाते से लिंक थी। मोबाइल मिलने के बाद आरोपियों ने इसका दुरुपयोग करते हुए पीड़ित के नाम से नया एटीएम कार्ड फोन से ऑर्डर कर दिया। जब बैंक द्वारा जारी एटीएम कार्ड डाकघर पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी फर्जी तरीके से प्राप्त कर लिया। इसके बाद एटीएम कार्ड का इस्तेमाल कर बुजुर्ग के खाते से अलग-अलग किस्तों में 3.21 लाख रुपये निकाल लिए। खाते से रकम गायब होने की जानकारी लगते ही पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर प्रशांत पांडे निवासी घूमा कटरा को गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ एक विधि-विरुद्ध बालक को भी हिरासत में लिया गया है।

> नाबालिग सहित आरोपी ने वृद्ध के गुम मोबाइल से एटीएम निकलवाकर खाते से लाखों रुपए पार कर दिए थे, एक आरोपी मामले में फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।
>
> **पवन शुक्ला**
> **थाना प्रभारी चोरहटा**

# आम की रखवाली कर रहे किसान पर जंगली सुअर का जानलेवा हमला, गंभीर हालत में रीवा रेफर

## नईगढ़ी थाना क्षेत्र की घटना

**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब आम के बगीचे की रखवाली कर रहे एक किसान पर जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया। सुअर के नुकीले दांतों से हुए हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर किया गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, नईगढ़ी थाना क्षेत्र के कोरिगवां गांव निवासी चंद्रिका पटेल (49 वर्ष) मंगलवार शाम अपने आम के बगीचे में रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली सुअर वहां पहुंचा और किसान पर हमला बोल दिया। सुअर ने अपने नुकीले दांतों से कई वार किए, जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गए।

## चीख-पुकार सुन दौड़े ग्रामीण

हमले के दौरान किसान की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख जंगली सुअर जंगल की ओर भाग निकला, लेकिन तब तक किसान बुरी तरह घायल हो चुके था। घायल किसान को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया। फिलहाल अस्पताल में उनका इलाज जारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी के चिकित्सक डॉ. आर.के. पाठक के अनुसार, जंगली सुअर के हमले में किसान को गंभीर चोटें आई हैं। बेहतर इलाज और विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज रीवा भेजा गया है। घटना के बाद कोरिगवां और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली जानवरों की गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं।

लोगों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई कर ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और जंगली जानवरों पर नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है। बहरहाल आम के मौसम में बगीचों की रखवाली कर रहे किसानों पर जंगली जानवरों का खतरा बढ़ता जा रहा है। कोरिगवां की यह घटना वन्यजीवों और ग्रामीणों के बढ़ते संघर्ष की एक और गंभीर तस्वीर सामने लाती है।






# गढ़-तेंदुआ मोड़ पर मौत का तांडव: बेकाबू कार ने मचाई तबाही, 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत, दो जिंदगी और मौत से जूझ रहे



**रीवा।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 एक बार फिर खून से लाल हो गया। गढ़ थाना क्षेत्र के तेंदुआ मोड़ पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने ऐसा कहर बरपाया कि एक 15 वर्षीय किशोर की मौके पर ही जिंदगी छिन गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रयागराज से रीवा की ओर आ रही कार क्रमांक सीजी 04 क्यूएन 5760 तेंदुआ मोड़ के पास अचानक अनियंत्रित हो गई। देखते ही देखते कार सड़क किनारे खड़ी मोटरसाइकिल एमपी 17 जेडटी 1537 पर टूट पड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवारों को कई फीट तक घसीटते हुए ले गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में ओम साकेत (15 वर्ष) की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। वहीं मनीष साकेत (26 वर्ष) निवासी बसेड़ा थाना मनगवां और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंगेव ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया। बताया गया है कि मनीष साकेत अपने ससुराल पहिलपर से देवतालाब की ओर जा रहे थे, तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही गढ़ पुलिस, डायल-112 और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

# बीहर नदी में नहाने गया युवक तेज बहाव में बहा

**रीवा।** सागर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। रीवा से अपने पैतृक गांव गया युवक दोपहर में अपने परिवार के साथियों के साथ दोपहर में नदी में नहाने गया, इसी दौरान युवक अचानक पानी की गहराई में चला गया और देखते ही देखते वह आखों से ओझल हो गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और परिजनों में कोहराम मच गया। युवकों ने सूचना पुलिस और परिजनों को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एसडीईआरएफ को जानकारी दी है। बुधवार को अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका। गुरुवार सुबह से गोताखोरों की टीम युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू के लिए नदी में उतरेगी। घटना के संबंध में सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि अनुपम मिश्रा (38 वर्ष) पिता लोकेश्वर प्रसाद मिश्रा रीवा शहर से अपने गांव कुशहा आया था, वे अपने परिवार के कुछ सदस्यों और साथियों के बीहर नदी में नहाने गए थे। दोपहर के समय नदी में स्नान के दौरान वे तेज धार में फंस गए और देखते ही देखते बह गए।

































जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com